ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • आषाढ़ शुक्ल पक्ष 13 • विक्रम संवत 2080 • शनिवार, 01 जुलाई 2023 • वर्ष-29 • अंक-255 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

हर साल सिर्फ 2 ही फिल्में करूंगी ... पेज 10 पर



## राष्ट्रपति व मुख्यमंत्री ने झारखंड के अमर शहीदों को किया नमन



**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को झा 'हूल दिवस' पर संथाल विद्रोह के अमर बलिदानियों सिदो-कान्हू, चांद-भैरव तथा फूलो-झानो समेत सभी वीर-वीरांगनाओं को नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में लिखा है कि इन अमर बलिदानियों ने जनजातीय समाज की अस्मिता, स्वाभिमान और स्वशासन के उद्देश्य से उन्होंने अन्याय व शोषण के विरुद्ध कड़ा संघर्ष किया। उन सभी जनजातीय भाई-बहनों की शौर्य गाथाएं, भावी पीढ़ियों को सदैव मातृभूमि की सेवा करने के लिए प्रेरित करती रहेंगी। साथ ही कहा कि 'हूल दिवस' पर संथाल विद्रोह के अमर बलिदानियों सिदो-कान्हू, चांद-भैरव तथा फूलो-झानो समेत सभी वीर-वीरांगनाओं को मैं नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इन वीर नायकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए लिखा है कि हूल क्रांति के महानायक अमर वीर शहीद सिदो-कान्हू, चांद-भैरव और फूलो-झानो समेत अमर वीर शहीदों को शत-शत नमन। हूल जोहार! झारखंड के वीर शहीद अमर रहें! जय झारखंड!

### राज्य में आज से बदलेगा स्कूलों का टाइम टेबल

**रांची।** अब शनिवार से स्कूल में कक्षाएं सुबह 9 बजे से दोपहर तीन बजे तक संचालित होगी। इस दौरान प्रत्येक कार्यदिवस में सुबह 08.45 बजे विद्यालय प्रबंधन द्वारा लंबी घंटी लगायी जाएगी। प्रातःकालीन प्रार्थना सभा क्रिया-कलाप का समय प्रातः 9 से 09.15 होगा। प्रार्थना सभा की कुल अवधि 15 मिनट की होगी। विभाग ने ऐसा राज्य में मॉनसून के दस्तक देने के बाद ही तय किया है। प्रचंड गर्मी पड़ने से स्कूलों का समय बदलने के साथ-साथ कुछ दिनों के लिए छुट्टी भी घोषित की गई थी। विभाग ने कहा था कि तापमान में गिरावट आने से एक जुलाई से बदलेगी। सरकारी स्कूलों में मॉर्निंग शिफ्ट होने की स्थिति में शिक्षकों को सुबह 6.45 बजे तक पहुंचना होगा। सात से 7:15 बजे तक प्रार्थना सभा होगी। इसके बाद क्लास में अटेंडेंस ली जाएगी और पहली घंटी 7.25 मिनट से बजेगी। पहली दो घंटियां 45-45 मिनट की होंगी और उसके बाद पांच मिनट का ब्रेक दिया जाएगा। तीसरी, चौथी और पांचवीं घंटी 40-40 मिनट की होगी। मध्यान्ह भोजन के लिए सुबह 11 बजे से 11.30 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है।

## लव जिहाद व दुष्कर्म का आरोपी आरजू मल्लिक गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** धर्म और पहचान छिपाकर बोकारो की युवती से शादी करने और फिर दोस्तों के साथ मिलकर उससे गैंगरेप के आरोपी आरजू मल्लिक को आखिरकार गिरफ्तार कर लिया गया है। मल्लिक बोकारो के आजादनगर का रहने वाला है। उस पर बंगाल के पुरुलिया के एक भाजपा नेता की भी हत्या का आरोप है। बंगाल पुलिस ने उसे बिहार के जमुई में पकड़ा है। बोकारो की लड़की ने लव जिहाद का आरोप लगाते हुए मल्लिक के खिलाफ वर्ष 2021 में एफआईआर दर्ज कराई थी। इसके बाद से ही वह फरार था। युवती ने 2021 में बताया था कि शादी के बाद आरजू के दोस्तों ने भी उसके साथ दुष्कर्म किया था।

पुलिस इस मामले में आरजू को झारखंड के अलावा बिहार समेत अन्य जगहों पर तलाश रही थी। जब वह गिरफ्तार नहीं हो सका तो उसके घर पर पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया। इश्तेहार चिपकाने के बाद भी जब वह पुलिस के समक्ष नहीं आया तो पुलिस की एक टीम बुलडोजर के साथ उसके घर पर पहुंची। उसने यह घर बोकारो स्टील सिटी की जमीन पर अवैध रूप से बना रखा था।

यूपी पुलिस की तर्ज पर 2022 के सितंबर में पुलिस ने बुलडोजर से घर को गिरा दिया था। इस बड़ी कार्रवाई के बाद भी आरजू न तो गिरफ्तार हुआ और न ही सरेंडर किया। आरजू रेलवे में आद्रा मंडल के ठेका पर लगातार नजर बनाए हुए था। वह ठेका मैनेज करने का काम कर रहा था। आरोप है कि इसी बीच उसने बीते दो जून को पुरुलिया में भाजपा नेता धनंजय चौबे की हत्या करवा दी। हत्या तब हुई, जब धनंजय आद्रा में पार्टी कार्यालय के अंदर बैठे थे।

### NEWS इन ब्रीफ

#### राज्यपाल ने हूल दिवस पर वीर शहीदों को किया नमन

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ विद्रोह का प्रतीक "हूल दिवस" पर सभी वीर शहीदों को नमन किया है। राज्यपाल ने सिदो-कान्हू, चांद- भैरव,फूलो-झानो सहित सभी वीर शहीदों को कोटि-कोटि नमन किया। साथ ही कहा कि इनकी गौरव गाथाएं भावी पीढ़ियों को सदैव मातृभूमि की सेवा के लिए प्रेरित करती रहेंगी।

#### न्यूज चैनल के दफ्तर में दो भाइयों की हत्या में चैनल संचालक सहित तीन को उम्रकैद

**रांची।** रांची में एक न्यूज चैनल के दफ्तर में दो व्यवसायी भाइयों हेमंत अग्रवाल और महेंद्र अग्रवाल की हत्या के मामले में रांची के अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने चैनल संचालक लोकेश चौधरी सहित तीन अभियुक्तों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने बीते 26 जून को ही तीनों को दोषी करार दिया था। शुक्रवार को सजा के बिंदु पर बहस के बाद अदालत ने फैसला सुनाया। इन तीनों पर 20-20 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया गया है। मामले के एक आरोपी रविशंकर लाल को अदालत ने 26 जून को बरी कर दिया था। जबकि, एक अन्य आरोपी एमके सिंह पिछले चार सालों से फरार है।

#### खादगढ़ा बस स्टैंड आगजनी मामले में पुलिस ने नाबालिग को पकड़ा

**रांची।** कांटा टोली स्थित खादगढ़ा बस स्टैंड में खड़ी नौ बसों में आग लगाने के मामले में पुलिस ने एक नाबालिग को पकड़ा है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने नाबालिग को पकड़ा है। नाबालिग ने स्प्रिट के स्प्रे और लाइटर की मदद से खड़ी बसों में आग लगाई थी। ओपी प्रभारी आकाश भारद्वाज ने शुक्रवार को बताया कि नाबालिग लड़के को मामले में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर निरुद्ध किया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। आग लगाने की इस घटना में कई लोगों के शामिल होने की बात सामने आ रही है। नाबालिग के पास से पुलिस ने एक स्प्रे और लाइटर भी बरामद हुआ है। पुलिस की पूछताछ में नाबालिग ने बताया है कि उसने बस की टंकी के पास पहले स्प्रे मारा और फिर लाइटर से उसमें आग लगा दी। इस वजह से आग तेजी से फैलती चली गई। नाबालिग रांची के नामकुम इलाके के भुइया टोली का रहने वाला है। वह पिछले कुछ दिनों से खादगढ़ा बस स्टैंड में ही खलासी के रूप में काम कर रहा था।

### हूल दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

# अमर वीर शहीद सिदो- कान्हू को शत -शत नमन : सीएम

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** शिक्षा एवं स्वास्थ्य की बेहतर व्यवस्था से ही स्वस्थ और मजबूत समाज एवं राज्य बन सकता है। राज्य सरकार इसी प्रतिबद्धता के साथ के साथ अपनी कार्य योजनाओं को धरातल पर उतार रही है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने हूल दिवस के अवसर पर आज अमर वीर शहीद सिदो कान्हू की पवित्र भूमि- भोगनाडीह (बरहेट, साहिबगंज) में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए ये बातें कही। इस अवसर पर उन्होंने साहिबगंज सदर अस्पताल में जेन नेक्स्ट ई- हॉस्पिटल सिस्टम का ऑनलाइन शुभारंभ करते हुए कहा -अब राज्यवासी विशेषज्ञ चिकित्सकों से ऑनलाइन चिकित्सीय परामर्श ले सकेंगे। सरकार के इस पहल से ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी।



**वीरों और शहीदों की धरती है झारखण्ड :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड सदैव से ही वीरों और शहीदों की धरती रही है। हमारे पुरखों और पूर्वजों ने एक तरफ शोषण और जुल्म के खिलाफ लंबा संघर्ष किया, वही ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ उलगुलान। भगवान बिरसा मुंडा, सिदो- कान्हू, चांद -भैरव फूलो -झानो, तिलका मांझी, नीलाम्बर -पीताम्बर जैसे हजारों वीरों ने अंग्रेजों के खिलाफ जंग में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। हमें अपने इन वीर शहीदों पर गर्व है। आने वाली पीढ़ी को को इनकी वीरगाथा से अवगत कराएं।

#### आप आगे बढ़ें, सरकार आपको कार्य उपलब्ध कराएगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में हर वर्ग और हर तबके की जरूरतों को ध्यान में रखकर योजनाएं चलाई जा रही है। जरूरत है कि आप आगे बढ़ें, आपको सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से कार्य उपलब्ध कराएगी। हर व्यक्ति स्वावलंबी और सक्षम बने, यह हमारा संकल्प है।

**सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से कराया अवगत :** मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आपकी सरकार है। आपके मान -सम्मान की रक्षा के साथ आपको अपना हक और अधिकार मिले, इसके लिए सरकार पूरी तरह संकल्पित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूनिवर्सल पेंशन स्कीम, बिरसा ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## दहेज हत्या के दो अलग -अलग मामलों में आरोपियों को 10 वर्ष की सजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के पंचम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अभिमन्यु कुमार की अदालत ने दहेज हत्या के दो अलग अलग मामलों में दो आरोपियों को दोषी करार देते हुए आज दस -दस वर्ष की सजा सुनाई गई है। जानकारी के अनुसार डालटनगंज के राम जीत राम को पत्नी की हत्या का दोषी पाते हुए न्यायाधीश ने 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इस मामले में चैनपुर थाना अंतर्गत शाहपुर निवासी तुलसी कुमार रवि ने पांच लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी डालटनगंज थाना में कांड संख्या 89 /2021 तिथि 25 मार्च 2021 को भादवि कि धारा 304 बी /34 के तहत दर्ज करायी थी। अभियुक्त रामजीत राम पर आरोप था कि उसका विवाह लक्ष्मी देवी के साथ 3 मार्च 2017 को हुआ था। वो लक्ष्मी देवी को कम दहेज मिलने की उलाहना देता था तथा शादी के दौरान तय दो लाख रुपये की मांग करता था। इसके लिये लक्ष्मी देवी को मारपीट कर शारीरिक तथा मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे। लक्ष्मी देवी अपने मायके आती थी तो उक्त बातो\ की जानकारी अपने भाई गौतम कुमार रवि व तुलसी कुमार रवि तथा परिवार के अन्य सदस्यों को बतलाती थी। तुलसी कुमार रवि एक बार 10 हजार तथा दूसरी बार पांच हजार रुपये अभियुक्त को दिया था। लेकिन लक्ष्मी देवी की प्रताड़ना ससुराल वाले जारी रखे। 25 फरवरी 2021 को घर में अपनी पत्नी लक्ष्मी देवी से दहेज की मांग पूरा नहीं होने के कारण उसके पति रामजीत राम ने मारपीट कर तथा गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। इस मामले में अदालत ने पीड़ित परिवार को झारखंड पीड़ित प्रतिकार अधिनियम की राशि उपलब्ध कराने हेतु डालसा पलामू को अनुशंसा की है। वही एक दूसरे मामले में जिला व्यवहार न्यायालय के पंचम जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अभिमन्यु कुमार की अदालत ने दहेज हत्यारोपी पति राकेश कुमार को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। इस मामले में पाटन थाना अंतर्गत कला पहाड़ निवासी बदेश साव ने अपनी पुत्री के पति राकेश कुमार, ससुर सोमारू राम, सास मंजू देवी के विरुद्ध पाटन थाना में नामजद प्राथमिकी थाना कांड संख्या 52/ 2021 तिथि 20 जून 2021 को भारतीय दंड विधान की धारा 304 बी /34 व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत दर्ज कराया था। अभियुक्त पर आरोप था कि उसका विवाह पूजा देवी के साथ 3 अप्रैल 2019 को हुआ था। शादी के लगभग एक वर्ष के बाद उसका पति यह कहते हुए कि तुम दूसरे जाति की हो दहेज के रूप में दो लाख रुपये और ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## रांची : मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपियों को अनुचित सुविधाएं, जेल सुपरिटेंडेंट से ईडी की पूछताछ

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपियों की मदद करने और जेल में उन्हें अनुचित सुविधाएं-सेवाएं उपलब्ध कराने के मामले में ईडी रांची के बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल के सुपरिटेंडेंट हामिद अख्तर से पूछताछ कर रही है। आरोप है कि जेल मैनुअल का उल्लंघन कर मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कैदी निलंबित आईएएस छवि रंजन और एक अन्य आरोपी प्रेम प्रकाश की मीटिंग अरेंज कराई गई थी। मनरेगा घोटाला, अवैध खनन, भूमि घोटाला, पद का दुरुपयोग कर काली कमाई सहित आधा दर्जन से अधिक चर्चित मामलों के आरोपियों को ईडी ने मनी लांड्रिंग के तहत जेल भेजा है। ईडी को पुख्ता सूचना मिली थी कि जेल में कैदियों को जेल मैनुअल का उल्लंघन कर मदद पहुंचायी जा रही है। रांची के जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में आईएएस छवि रंजन 5 मई को जेल भेजे गए थे। उसी दिन उन्होंने वीआईपी सेल में पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश के साथ मीटिंग की थी। प्रेम प्रकाश भी मनी लॉन्ड्रिंग केस में पहले से जेल में बंद है। ईडी ने दोनों की मुलाकात का सीसीटीवी फुटेज जब्त किया था। ईडी के समन पर बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल के सुपरिटेंडेंट शुक्रवार सुबह लगभग साढ़े दस बजे एयरपोर्ट स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में पहुंचे। इसके पहले बीते दिसंबर महीने में भी ईडी ने एक हजार करोड़ की मनी लांड्रिंग के किंगपिन पंकज मिश्र की मदद करने के मामले में जेल सुपरिटेंडेंट से पूछताछ की थी। जेल में बंद रहते हुए भी पंकज मिश्र ने 300 से ज्यादा फोन कॉल्स किए। उसे जेल के बंदी के तौर पर इलाज के लिए जब रिम्स भेजा गया, तो उसने जेल मैनुअल की धज्जियां उड़ाकर कई अफसरों और नेताओं को लगातार फोन कॉल्स किए।

## जेजेएमपी का एरिया कमांडर पांकी से गिरफ्तार



**मेदिनीनगर।** पांकी पुलिस ने ताल पंचायत के खजूरी गांव से जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के एरिया कमांडर प्रमोद सिंह उर्फ दीपक को किया गिरफ्तार किया है। एरिया कमांडर को उसके घर खजूरी से शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। प्रमोद सिंह उर्फ दीपक इन दिनों बीड़ी पत्ता के ठेकेदारों एवं चिमनी भट्ठा के मालिकों को लेवी के लिए धमकाने में लगा हुआ था। इसी क्रम में वह घर आया, इसकी गुप्त सूचना मिलते ही एक पुलिस टीम गठित कर छापामारी की गई और घर से भागने के क्रम में उसे धर दबोचा गया। लेस्लीगंज के एसडीपीओ आलोक कुमार टुटी ने पांकी थाने में बताया कि प्रमोद सिंह उर्फ दीपक पिछले चार वर्ष से जेजेएमपी उग्रवादी संगठन में सक्रिय था और लेवी वसूलने के लिए लगातार ईट भट्ठा मालिकों, बीड़ी पत्ता के ठेकेदारों, सड़क निर्माण के संवेदक आदि पर दबाव बना रहा था। गुप्त सूचना मिलने पर पांकी के थाना प्रभारी रंजीत प्रसाद के नेतृत्व में कार्रवाई की गई और खजूरी स्थित उसके घर से उसे गिरफ्तार किया गया। एसडीपीओ ने बताया कि 13 दिसंबर 2021 को जेजेएमपी के जोनल कमांडर विकास लोहरा अपने दस्ते के साथ पांकी थाना क्षेत्र के खजूरी में बुधराम के घर के पास बैठक कर रहा था। इसमें प्रमोद सिंह उर्फ दीपक भी शामिल था। गुप्त सूचना के आधार ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## झामुमो कार्यकर्ताओं ने हूल दिवस पर महान क्रांतिकारियों को किया याद

**नवीन मेल संवाददाता।**
**खरौंधी (गढ़वा)**

झामुमो प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को हूल दिवस पर महान क्रांतिकारियों को नमन किया गया। मौके पर जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान ने बताया कि 30 जून 1855 को आदिवासी भाइयों सिद्धो-कान्हो और चांद-भैरव के नेतृत्व में मौजूदा साहिबगंज के भोगनाडीह में लगभग 50 हजार आदिवासियों ने अंग्रेजी शासन के अधीन महाजनी प्रथा व बंदोबस्ती नीति के खिलाफ जंग का ऐलान किया था।

**1857 की क्रांति से भी पुराना है किस्सा :** आमतौर पर 1857 की क्रांति को ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ पहला विद्रोह माना जाता है, लेकिन इससे पहले भी 1855 को संथाल विद्रोह ने अंग्रेजी शासन की नींव हिलाकर रख दी थी। इस विद्रोह का मूल कारण आदिवासियों से 50 से 500 प्रतिशत तक खेती-कर वसूलना था।

**आदिवासियों ने अंग्रेजों के छुड़ाए छक्के :** अंग्रेजों के इस शोषण के खिलाफ आदिवासियों ने एकजुट होकर आवाज उठाई और तय किया कि खुद को स्वतंत्र घोषित करेंगे और भू-राजस्व नहीं देंगे। इसकी प्रतिक्रिया में अंग्रेजी सरकार की तरफ से आए स्थानीय जमींदार, पूंजीपतियों, सूदखोरों को मौत के घाट उतार दिया गया। उन्होंने अपना नारा जुमीदार, महाजन, पुलिस राजदेन आमला ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### बदलाव : समान नागरिक संहिता का पहला टेस्ट होगा उत्तराखंड में, ड्राफ्ट तैयार

# शादी का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होगा

**-ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भाजपा की केन्द्र सरकार लगता है उत्तराखंड को यूनिफॉर्म सिविल कोड या यूसीसी या समान नागरिक संहिता का पहला परीक्षण राज्य बनाएगी। तीन वजहें हैंः पहला- वहाँ भाजपा का राज होना ,दूसरा- छोटा राज्य होना, तीसरा- वहाँ की जनसंख्या 1,17,00,000 है , और इनमें हिन्दूओं की संख्या सबसे ज्यादा और मुस्लिमों की कम ,लगभग 18 लाख होना। लेकिन यह भी सच है कि असम के बाद यदि किसी राज्य में मुस्लिम आबादी तेजी से बढ़ रही है तो वह है उत्तराखंड। उप्र से सटे उत्तराखंड के जिलों में मुस्लिम आबादी तेजी से बढ़ रही है।



इस उत्तराखंड का समान नागरिक संहिता ड्राफ्ट तैयार हो गया है। इस ड्राफ्ट को जल्द सरकार को सौंपा जाएगा। उत्तराखंड में यूसीसी को लेकर बनाई गई ड्राफ्ट कमेटी के सदस्य और सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई ने शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस में इसे लेकर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ड्राफ्ट को लेकर कई लोगों के सुझाव आए थे। कई बैठकें की गईं। अब ड्राफ्ट तैयार हो चुका है।सेवानिवृत्त जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई ने बताया कि ड्राफ्ट कमेटी बनने के बाद से इस मामले पर 2.31 लाख से अधिक सुझाव आए। 20 हजार से अधिक लोगों से मौखिक तौर पर बातचीत की गई। कमेटी ने यूसीसी के हर पहलू को जानने के लिए उप समिति का भी गठन किया जिसने कई बैठकें की। ड्राफ्ट कमेटी ने बॉर्डर के गांव माणा से लेकर दिल्ली तक कई बैठकें कीं। इन बैठकों में राजनीतिक दल, सामाजिक संस्थाएं और धार्मिक संगठनों के लोगों से भी बातचीत की गई। उनके सुझाव भी ड्राफ्ट में शामिल किए गए हैं।जस्टिस देसाई ने कहा कि समान नागरिक संहिता को लेकर ड्राफ्ट बनकर तैयार है। इसे प्रिंटिंग के लिए भेजा जाएगा। जिसके बाद यह ड्राफ्ट सरकार को सौंपा जाएगा। उन्होंने बताया कि ड्राफ्ट के लिए 143 से अधिक बैठकें की गई हैं। इतना ही नहीं हर जाति, जनजाति और धर्म के लोगों से भी सुझाव मांगे गए थे। इन सुझावों को ड्राफ्ट में शामिल किया गया है। सूत्रों का कहना है कि इस ड्राफ्ट में शादी से लेकर तलाक और बच्चा गोद लेने से लेकर लिवइन तक के मुद्दों को शामिल किया गया है। सूत्रों के मुताबिक इस ड्राफ्ट के अनुसार, शादी का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होगा, हलाला और इद्दत पर रोक लगेगी और लिव इन रिलेशनशिप का ब्योरा देना जरूरी होगा। इतना ही नहीं इस ड्राफ्ट में जनसंख्या नियंत्रण को लेकर भी बातें शामिल की गई हैं।उत्तराखंड में अब लिव इन में रहने के लिए डिक्लेरेशन देना जरूरी हो सकता है। इसकी जानकारी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### ओपेन एआई पर कॉपीराइट का उल्लंघन कर 3 लाख पुस्तकों से कॉपी करने का आरोप

## मैसाचुसेट्स के लेखक पॉल ट्रेम्बले व मोना अवाद ने किया मुकदमा

**- आरएनएम**

**नई दिल्ली।** तो अब कापी राइट का उल्लंघन करके नकल करने, कट पेस्ट करने , बिना इजाजत सामग्री चुराने का प्रमाण सहित आरोप लगाकर ओपन एआई या चैटजीपीटी पर भी करोड़ों का मुकदमा होने लगा है। ऐसा ही हुआ है अमेरिका के मैसाचुसेट्स में । वहां के दो लेखकों ने मुकदमा किया है। मालूम हो कि माइक्रोसॉफ्ट समर्थित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रिसर्च स्टार्टअप ओपेन एआई ने नवंबर 2022 में चैटजीपीटी लॉन्च किया। लॉन्चिंग के दो माह बाद, एआई सिस्टम सबसे तेजी से बढ़ने वाला उपभोक्ता ऐप बन गया और जनवरी में यह 100 मिलियन एक्टिव यूजर्स तक पहुंच गया।समाचार एजेंसी रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका के दो लेखकों ने सैन फ्रांसिस्को संघीय अदालत में ओपेन एआई पर मुकदमा दायर किया है। अन्य कॉपीराइट मालिकों ने भी कंपनी पर अपने लोकप्रिय जेनरेटर एआई टूल, चैटजीपीटी को 'ट्रेंड' करने के लिए उनके कामों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। मैसाचुसेट्स के लेखकों पॉल ट्रेम्बले और मोना अवाद (द्वारा दायर मुकदमे में दावा किया गया है कि जेनेरिक एआई टूल द्वारा स्क्रैप किया गया डेटा बिना अनुमति के हजारों पुस्तकों से कॉपी किया गया था। चैटजीपीटी और अन्य जेनरेटिव एआई सिस्टम द्वारा बनाई गई कंटेंट इंटरनेट से बड़ी मात्रा में स्क्रैप किए गए डेटा का इस्तेमाल करती है।ट्रेमब्ले और अवद के मुकदमे में दावा किया गया कि किताबों के डेटा बहुत ज्यादा हाई क्वालिटी के हैं, जिन्हें कॉपी करना गलत है। मुकदमे में आरोप लगाया गया कि ओपेन एआई के प्रशिक्षण में लगभग 300,000 से अधिक पुस्तकों का डेटा शामिल था। वादी ने यह भी दावा किया कि चैटजीपीटी के प्रशिक्षण के लिए इस्तेमाल किया गया डेटा गैरकानूनी स्रोतों से प्राप्त किया गया था जिसमें अवैध शैडो लाइब्रेरी शामिल हैं ,जो बिना अनुमति के कॉपीराइट वाली किताबें पेश करते हैं।कई अन्य वादी अन्य एआई प्रणालियों को ट्रेन करने के लिए उपयोग किए जाने वाले डेटा पर भी कानूनी चुनौतियां लेकर आए हैं। कुछ सोर्स -कोड मालिकों ने ओपेन एआई और माइक्रोसॉफ्ट के गिटहब के खिलाफ मुकदमा दायर किया है, जबकि विजुअल आर्टिस्ट ने स्टेबिलिटी एआई, मिड जर्नी और डेवियंट आर्ट सहित इमेज-क्रिएटिंग टूल पर आरोप लगाया है। इस तरह से यह ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

NEWS इन ब्रीफ

### भाजपा ने चलाया महाजनसंपर्क अभियान

**हरिहरगंज।** भाजपा के महाजनसंपर्क अभियान के तहत भाजयुमो जिला उपाध्याय राजीव रंजन के नेतृत्व में शुक्रवार को लगातार हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र के पिपरघाट, विश्वकर्मा नगर तथा अम्बा मोहल्ला आदि स्थानों पर डोर टू डोर जाकर केंद्र सरकार की नौ साल की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने का काम किया गया। वही भाजयुमो जिला उपाध्याय राजीव रंजन ने मोदी सरकार द्वारा चलायी गयी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मौके पर भाजपा नेता अवधेश मेहता, विजय प्रजापति, शम्भू यादव, विनोद पासवान, मनीष, चंदन, नवल, अखिलेश विश्वकर्मा, अजय विश्वकर्मा, मृत्युंजय पासवान, गुड्डू मेहता, सूर्यप्रकाश, राजन मेहता, अनिल समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

### उपसमाहर्ता पद पर विजय राम ने किया अपना योगदान

**हरिहरगंज।** पीपरा प्रखंड अंतर्गत स्तरोन्नत उच्च विद्यालय के पूर्व प्रधानाध्यापक विजय राम डिप्टी कलेक्टर पद पर चयन के बाद 20 मार्च से रांची स्थित श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान रांची में 23 जून 2023 को पूर्ण प्रशिक्षण उपरांत 27 जून को गढ़वा जिला समाहरणालय में परीक्ष्यमान उपसमाहर्ता पद पर योगदान दिये है। बातचीत के दौरान उन्होंने शुक्रवार को बताया कि लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई किया जाए तो सफलता अवश्य प्राप्त होती है। उन्होंने बताया कि शिक्षा से ही समग्र विकास का रास्ता खुलता है। शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र-छात्राओं के लिए उन्होंने कहा कि मन लगाकर एकाग्रचित्त होकर कठिन पढ़ाई से अपने मंजिल हासिल कर सकते हैं।

### आजसू पार्टी ने मनाया हुल दिवस

**हरिहरगंज।** स्थित आजसू पार्टी कार्यालय में शुक्रवार को हुल दिवस मनाया गया। कार्यकताओं ने सिद्धू कान्हू के चित्र पर फूलमाला चढ़ाकर श्रद्धासुमन अर्पित किया। कार्यक्रम का अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी व संचालन प्रखंड अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सह आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने कहा कि अंग्रेजों के खिलाफ सिद्धू कान्हू ने संथाल परगना में युद्ध का बिगुल फुके कर आन्दोलन का आगाज किया था। वही जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी ने कहा कि झारखंड की संपदा और अस्तित्व की लड़ाई के लिए बलिदान देने वाले क्रांतिकारियों के कृत्य से लोगों को अवगत कराना कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम में आजसू जिला उपाध्यक्ष रामजी पासवान, जिला सचिव जितेंद्र विश्वकर्मा, प्रखंड उपाध्यक्ष सोनू जायसवाल, अखिलेश मेहता, प्रेम गौरव, इश्तेखार आलम, बबलू मेहता, रंजीत वर्मा, उमेश गोस्वामी, नितेश, पवन गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थें।

### लाभार्थी सम्मेलन में रखीं मोदी सरकार की उपलब्धियां

**मेदिनीनगर।** भाजपा के पांकी मंडल में लाभार्थी सम्मेलन कर नरेन्द्र मोदी सरकार के नौ साल की उपलब्धियों को आम लोगों से साझा किया गया। राज्यसभा सांसद सह झारखंड प्रदेश भाजपा के महामंत्री आदित्य साहू, झारखंड प्रदेश किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी, भाजपा के जिला अध्यक्ष विजय नंद पाठक और पांकी क्षेत्र से विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने लाभुकों का स्वागत करते हुए उन्हें फिर से नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए अपने स्तर से प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। आदित्य साहू ने कहा कि भाजपा हमेशा गरीबों को ध्यान में रखकर के योजनाएं चलाती है। उन्होंने सरकार की योजनाओं की चर्चा की। डॉ कुशवाहा शशि भूषण मेहता ने पांकी विधानसभा क्षेत्र से डेढ़ लाख से अधिक वोट लोस चुनाव में पार्टी को जीत दिलाने की बात कही।।

# मुखिया ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** के सुगना पंचायत की मुखिया मंजू देवी ने पलामू उपायुक्त को आवेदन देकर बताया है कि सगुना पंचायत के जन वितरण प्रणाली के विक्रेता मालती कुंवर लाभुकों को कम राशन देने एवं दुर्व्यवहार कर अपने मनमानी तरीके से राशन वितरण करते हैं। इस संबंध में ग्रामीण लाभुक ने मुखिया को लिखित शिकायत भी की। डीलर के द्वारा लाभुकों के बीच 4 खाद्यान्न वितरण किया जाता है। पंचायत प्रतिनिधि होने के नाते सगुना मुखिया मंजू देवी ने बार-बार डीलर से आग्रह किया कि समय पर गुणवत्तापूर्ण राशन लाभुकों को दिया जाए। लेकिन डीलर कार्य शैली में सुधार नहीं लाएं । डीलर के द्वारा लाभुकों के बीच धौंस दी जाती है कि राशन कार्ड से नाम कटवा देंगे जिससे गरीब लाभुक लोग डर जाते हैं। की कहीं मेरा कार्ड मे नाम कट ना जाए। मुखिया मंजू देवी ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी, तथा प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को प्रतिलिपि देकर जानकारी दे चुकी है।

# सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा ने दी आर्थिक मदद

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा की हैदरनगर इकाई ने अध्यक्ष विरेन्द्र कुमार सिंह व सहायक अध्यापक प्रतिनिधि विजय बहादुर सिंह के नेतृत्व में दिवंगत सहायक अध्यापक हाफिज महताब आलम खान के पैतृक आवास केवाल गांव जाकर उनके आश्रित परिवार को 103100 (एक लाख तीन हजार एक सौ रुपये) की राशि नगद आर्थिक सहयोग प्रदान किया। रा. उर्दू उत्क्रमित मवि कुड़वा खुर्द में कार्यरत उक्त अध्यापक का निधन बीते अप्रैल माह में लंबी बीमारी के बाद हो गई थी। मोर्चा पदाधिकारियों ने कहा कि मानवीय व सामाजिक दृष्टिकोण से आश्रित परिवार को आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया है। उन्होंने



कहा कि सहायक अध्यापकों को असाध्य बीमारी, दुर्घटना, असामयिक निधन सहित अन्य कल्याणकारी सुविधाएं सरकार की ओर से नहीं दिये जाने से उनमें क्षोभ है। राज्य प्रतिनिधि प्रदुमन सिंह उर्फ सिंटू सिंह ने कहा कि पारित कल्याण कोष नियमावली को अब तक लागू नहीं करना दुर्भाग्यपूर्ण है। सूबे के 65 हजार सहायक अध्यापकों को वेतनमान का वादा कर हेमंत सरकार तीन वर्षों बीतने के बाद भी लागू करने में विफल रही है। जिलाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने कहा कि अल्प मानदेय भोगी सहायक अध्यापक आर्थिक अभाव में समुचित इलाज भी नहीं करा पाते। मौके पर हुसैनाबाद व मोहम्मदगंज के प्रखंड अध्यक्ष पप्पू पटेल व बद्री राम सहित कई शिक्षकों ने कहा कि अधिसूचित सहायक अध्यापक सेवा शर्त निवमावली में सरकार संशोधन कर आश्रित परिवार को अनुकंपा पर बहाल करने और उनके असामयिक निधन पर पांच लाख आर्थिक सहयोग देने की मांग सरकार से की है।

## गढ़वा समेत अन्य राज्यों को जोड़ता है यह मुख्य पथ

# उत्तर कोयल मुख्य नहर का पुल धराशायी होने के कगार पर

**इस पुल से गुजरते हैं रोज कई बार बड़े वाहनों, घटना घटने की आंशका**

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हैदरनगर पंसा मुख्य पथ पर कोसीआरा गांव के समीप उत्तर कोयल मुख्य नहर का अति व्यस्ततम पुल पर गार्डवाल तो धराशायी हो गया, अब पूरा जर्जर पुल ही कभी धराशायी होने के कगार पर है। यहां कभी भी बड़ी दुर्घटना होने की संभावना बनी है। मुखिया अबू नसर सिद्दीकी, ग्रामीण फिरोज सिद्दीकी, दिनेश पाल ने कहा कि इस पुल ने रोज कई बार बड़े वाहनों को भी गुजरना पड़ता है। ग्रामीणों ने यह



भी कहा कि कई बार अनजान लोगों को इस रास्ते से गुजरना जोखिम से खाली नहीं है। वर्तमान में इस पुल को देखते और गुजरते ही लोगों को भय लगा रहता है। उन्होंने कहा कि हैदरनगर पंसा मुख्य पथ झारखंड के सबसे लंबा पुल को जोड़ते हुए गढ़वा जिला सहित कई अन्य राज्यों का आवागमन को जोड़ता है। इसके बावजूद अब तक न तो उत्तर कोयल मुख्य नहर परियोजना के अधिकारियों ने इस जर्जर पुल के जीर्णोद्धार को संज्ञान में लिया और राज्य सरकार और उनके आला अधिकारियों ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने कहा कि यदि इस पुल पर गार्डवाल सहित अविलंब मरम्मती का काम नहीं कराया गया तो कोई भी बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता है। इसी रास्ते से गढ़वा जिला के कांडी क्षेत्र के लोगों के अलावे हैदरनगर थाना क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक गांव के लोगों के आवागमन उक्त प्रमुख मार्ग है। उन्होंने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि से भी इस मामले में त्वरित कार्यवाई करने की मांग की है।

# तुरी गांव में बिजली बिल ब्याज माफी शिविर का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड झारखंड सरकार की ओर से बिजली बिल ब्याज माफी योजना 2023 के तहत एकमुश्त समाधान योजना के अंतर्गत शुक्रवार को हरिहरगंज प्रखंड के तूरी गांव में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का नेतृत्व पंचायत के मुखिया सह मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष संदीप कुमार यादव ने किया। शिविर में बिजली बिल के बकायेदारों का एकमुश्त ब्याज माफी किया गया। जबकि विद्युत विभाग से संबंधित समस्याओं का विद्युत कर्मी नीतीश कुमार, उमेश प्रसाद ने समाधान करने का हर संभव प्रयास किया। शिविर में दर्जनभर लोगों ने अपनी अपनी बिजली कनेक्शन के बकाए बिल का भुगतान किया। मालूम हो कि बिजली बिल ब्याज माफी योजना का अंतिम दिन होने के कारण मुखिया संदीप कुमार यादव ने बिजली विभाग के वरीय अधिकारियों से बात कर शिविर का आयोजन करवाया। जिसका लाभ पंचायत के बिजली कनेक्शन धारियों को मिला। इस मौके पर बिजली कनेक्शन धारी गुरुदेव यादव, मुंशी यादव, बिंदेश्वर यादव, रामेश्वर यादव, प्रवेश यादव ,जितेंद्र यादव के अलावे ग्रामीण विजय यादव, धर्मेंद्र यादव, यदुनंदन यादव ,संजय भुइया, गुड्डू भुइया, उपेंद्र भुइया सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### प्रशिक्षु आईएएस के नेतृत्व में चला विशेष वाहन जांच अभियान



**हरिहरगंज।** थाना के समीप एन एच 98 स्थित अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट पर शुक्रवार को प्रशिक्षु आईएएस विसपुते श्रीकांत यशवंत के नेतृत्व में विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। इसमें स्टोन चिप्स को परिवहन करने वाले वाहनों का माइनिंग परिवहन चालान व अन्य कागजात की जांच की गई। उन्होंने कहा कि बगैर परिवहन चालान के स्टोन चिप्स का परिवहन करने वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जांच अभियान में सीओ वासुदेव राय, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास तथा पुलिस बल शामिल थे।

# राज्य स्तरीय चेंबर की बैठक 2 जुलाई को

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चेंबर की एक विशेष बैठक चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर की अध्यक्षता में शुक्रवार को संपन्न हुई।। बैठक में 2 जुलाई को चेंबर की एक विशेष राज्य स्तरीय बैठक मेदिनीनगर में करने का निर्णय लिया गया। जिसमें 5 मुद्दा अहम होगा। पहला- मेदिनीनगर शहरी जलापूर्ति योजना जिसे एक साजिश के तहत गत 3 वर्षों से रोका गया है इसे धरातल पर उतारने के लिए पलामू चेंबर द्वारा पीआईएल करने का निर्णय, दूसरा- सांसद बीडी राम के साथ पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का एक प्रतिनिधिमंडल आनंद शंकर के नेतृत्व में दिल्ली जाकर रेल मंत्री से मुलाकात करते हुए भारत सरकार द्वारा संचालित वंदे भारत ट्रेन का परिचालन सप्ताह में 2 दिन डालटनगंज से होते हुए दिल्ली रांची आने-जाने पर वार्ता, तीसरा- केंद्रीय उड्डयन मंत्री ज्योति राजे सिंधिया से मिलकर बोकारो दुमका के तर्ज पर पलामू संभाग मुख्यालय मेदिनीनगर से भी प्रतिदिन हवाई सेवा शुरू कराने हेतु पहल करने पर वार्ता की जाएगी । बैठक में आनंद शंकर ने बताया अगर हम लोग हवाई सेवा हेतु दबाव बनाएंगे तो न्यूनतम 3 से 4 साल लगेगा पूरी तैयारी करने में, रनवे बनाने में। इसलिए इस पर वार्ता करना अब जरूरी है तभी हमारा मुख्यालय सुविधा युक्त होगा। चौथा- टाइगर प्रोजेक्ट का यह वर्ष 2023 पचासवा वर्ष है इसलिए बेतला से लेकर नेतरहाट तक टूरिज्म कॉरिडोर घोषित करते हुए झारखंड सरकार एवं भारत सरकार स्पेशल टूरिज्म डेवलपमेंट पैकेज दे ताकि हमारे शहर का भी उत्थान टूरिज्म के माध्यम से हो सके और अंतिम जैसा कि झारखंड सरकार ने अपनी घोषणापत्र में घोषणा की थी की झारखंड के सभी संभाग मुख्यालय को मिनी राजधानी बनाया जाएगा उस दिशा में सरकार पहल करें और ऐसे भी और हमारा प्रमंडल चार राज्यों का संगम है बिहार ,उत्तर प्रदेश ,छत्तीसगढ़ एवं झारखंड तो इसके चौमुखी विकास के लिए संभाग मुख्यालय मेदनीनगर को उपराजधानी बनाना चाहिए। बैठक में खासमहाल लीज का दर अब तक सरकार द्वारा कम नहीं किया गया जिस पर चर्चा भी होगी। बैठक में इंद्रजीत सिंह डिंपल, कृष्णा अग्रवाल, नीलेश अग्रवाल, रंजीत मिश्रा, राकेश कुमार, प्रेम जयसवाल, फिरोज उद्दीन अंसारी, बद्री अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, अमिताभ मिश्रा , रिंकू दुबे , राजदेव उपाध्याय, प्रदीप कुमार बाबुल, बंटी , राजहंस अग्रवाल, मनीष भिवानीया भूपेंद्र होरा , संजू वर्मा एवं काफी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

# भाजपा नगर मंडल ने जन सम्मान समारोह का किया आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** महाजनसंपर्क अभियान के अंतिम दिन विश्रामपुर भाजपा नगर मंडल द्वारा शुक्रवार को स्थानीय सामुदायिक भवन में जन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता व संचालन भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम ने किया। समारोह में प्रबुद्धजनों से जनसंवाद स्थापित किया गया। हर क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों की समस्याओं को सुना गया। केंद्र की मोदी सरकार की उपलब्धियों को भी बताया गया। इसके अलावा दर्जनों प्रबुद्ध जनों, समाजसेवी, व्यवसाई सहित कई क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मानित किया गया। सभी को भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने अंग वस्त्र देकर




सम्मानित किया। डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा सुशासन के नौ साल का कार्यकाल बेमिसाल रहा है। केंद्र के नौ वर्षो का कार्यकाल गरीबों के कल्याण को समर्पित रहा। हिंदुस्तान का डंका पूरे विश्व में बज रहा है। उन्होंने कहा कि प्रबुद्ध लोगों से संवाद स्थापित कर उनकी सलाह हासिल करना एक अच्छी अनुभूति है। इनको सम्मानित कर हम खुद को गर्वानवित महसूस कर रहे हैं। समारोह में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव,समाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय, वरीय भाजपा नेता डॉ बी पी शुक्ला, विधायक के नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय, प्रखंड प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, गुलाम नवी अंसारी, इशरार हवारी, लालू चंद्रवंशी, शुशील चौधरी, रामप्रवेश मौर्या, उदेश्वर यादव सहित भाजपा के कई नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

## आजसू ने दी हुल दिवस पर सिद्दो कान्हु को श्रद्धांजलि

**मेदिनीनगर।** आजसू पार्टी पलामू जिला की ओर से संथाल हुल के महान योद्धाओं को माल्यार्पण व पुष्पांजलि कर श्रध्दांजलि दी गई। आजसू पार्टी केन्द्रीय सचिव सह गढ़वा जिला प्रभारी सतीश कुमार के आवासीय कार्यालय पर धुम धाम से हुल दिवस मनाया गया। सतीश कुमार ने कहा कि आज झारखण्ड के परिपेक्ष्य मे हुल दिवस काफी प्रासंगिक है। झारखंड की माटी व जल जंगल जमीन की लुट सरकारी संरक्षण मे धडल्ले से हो रही है। ऐसे समय में हुल विद्रोह की प्रासंगिकता बढ जाती है। अंग्रेजी हुकुमत व साव महाजनी प्रथा के खिलाफ हुल का शंखनाद करनेवाले सिद्दो कान्हु फुलो झानो को याद करते हुए इनके दिखाये गए रास्ते पर चलने का संकल्प लेना हैं। पुर्व जिलाध्यक्ष व केन्द्रीय सचिव विकेश शुक्ला ने कहा कि आज हमें संकल्प ही नहीं बल्कि वीर योद्धाओं के दिखाया गया रास्ता पर चल कर झारखण्ड के दुर्दशा से निकलने के लिए झारखंड नव निर्माण के आन्दोलन को तेज करना होगा। जिला उपाध्यक्ष तुलसी शुक्ला ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार आज झारखण्ड को कलंकित कर दिया है। आजसू पार्टी विकास के रौशनी से कलंक को मिटाएगी।

### आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी : कर्नल संजय

**हुसैनाबाद।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी पूरी तरह से चुनावी मोड में आ गई है।। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर पार्टी द्वारा चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत नेताओं नेहुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्रों के घर-घर तक दस्तक देना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में भाजपा सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह ने पार्टी के वरिष्ठ कार्यकताओं के साथ हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के रामबिघा, सैदाबाद, मोहम्मदाबाद ,नहरमोड़ तथा बंशीबिघा में घर-घर जनसंपर्क कर लोगों को जागरूक किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना उज्जवला गैस, आयुष्मान भारत, मूफ्त राशन सहित अन्य योजनाओं के लाभुकों से मिलकर आगामी लोकसभा चुनाव में पलामू संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी को जनमत देने का आग्रह किया और कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी।। मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामप्रवेश सिंह, नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि श्रवण अग्रवाल, संतोष गुप्ता, राजेश कर्ण, राजेंद्र पाल, सुबोध कश्यप आदि लोग मौजूद थे।

### विद्यार्थी परिषद ने हूल दिवस पर की संगोष्ठी

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मेदिनीनगर इकाई द्वारा हूल दिवस के अवसर पर अपने प्रमंडलीय कार्यालय गणपति धर्मशाला में विचार संगोष्ठी का आयोजन किया । कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर सह मंत्री नितीश दुबे एवं संचालन गीतांजलि कुमारी ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत हूल क्रांति में हुए शहीदों की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनीत पांडे ने कहा कि झारखंड में जनजातीय समुदायों ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना बहुमूल्य योगदान दिया है,हूल क्रांति उसी कड़ी में सबसे बड़ा प्रमाण है। प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक रोहित देव ने कहा कि झारखंड में जनजातीय समुदाय ने अपने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए सदैव ही संघर्ष किया है। 1857 की क्रांति से पहले ही 1855 में झारखंड के वीर महापुरुषों ने अंग्रेजों के विरुद्ध आजादी की बिगुल फूंक दिया था और सिद्धू-कान्हू,चांद-भैरव, फूलों-झानो जैसे अमर बलिदानियों के नेतृत्व में जमकर संघर्ष किया और इस मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। ताकि वह उनके संघर्ष से सीख कर इस मातृ भूमि के लिए कुछ कर सके। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यालय मंत्री उत्कर्ष तिवारी जीएलए कॉलेज इकाई के उपाध्यक्ष कौशल कुमार,सुरभि ठाकुर,दीपिका कुमारी, सौरभ रंजन,विशाल गुप्ता,हिमांशु कुमार, अंकित कुमार,अनिकेत कुमार सहित छात्रझछात्राएं उपस्थित रहे।

### हूल दिवस पर सेमिनार का आयोजन

**मेदिनीनगर।** आज दिनांक 30 जून 2023 को कांग्रेस भवन के सभागार में पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में हूल क्रांति दिवस का कार्यक्रम का आयोजन किया गया सर्वप्रथम कांग्रेस जनों ने हूल क्रांति के नायक सिंधु कान्हू की तस्वीरों पर माला अर्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि सुमन अर्पित की साथ ही साथ उनके त्याग और समर्पण पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में सभी को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि आदिवासी समाज की सौम्यता और अस्मिता के अस्तित्व की लड़ाई को लेकर सिंधु कान्हू चांद भैरव के योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा जिस दिन झारखंड के आदिवासियों ने अंग्रेजो के खिलाफ हथियार उठाया यानी विद्रोह किया था उस दिन से ही क्रांति दिवस मनाया जाता है इस युद्ध में करीब 20000 आदिवासियों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। हालांकि आजादी की पहली लड़ाई तो सन 1857 में मानी जाती है, लेकिन झारखंड के आदिवासियों ने 1855 में ही विद्रोह का झंडा बुलंद कर कर दिया था। 30 जून 1855 को सिंधु कान्हू के नेतृत्व में मौजूदा साहिबगंज जिला के गांव से विरोध शुरू हुआ था सिंधु ने नारा दिया था करो या मरो, अंग्रेजों हमारी माटी छोड़ो, बहराइच में अंग्रेजों और आंदोलनकारियों की लड़ाई मे चांद और भैरव शहीद हो गए और 26 जुलाई को सिंधु और कान्हु का भोगनाडीह गांव में खुलेआम एक पेड़ पर टांग कर फांसी की सजा दे दी गई थी। आयोजन मे प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी सत्यानंद दुबे ,ईश्वरी प्रसाद सिंह, विनोद कुमार तिवारी ,मिथिलेश कुमार सिंह, जितेंद्र, मनोज चंद्रवंशी इत्यादि लोग उपस्थित थे

**कार्रवाई** | **आबकारी विभाग ने चलाया अभियान**

# अवैध महुआ शराब की भट्टीयों को पुलिस ने किया ध्वस्त

**शराब की ठिकानों से 28 क्विंटल तैयार जावा महुआ और 125 लीटर महुआ निर्मित शराब को जप्त कर नष्ट किया**

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** शराब के धंधेबालों के खिलाफ शुक्रवार को आबकारी विभाग ने अभियान चलाया। इस दौरान हरिहरगंज थाना क्षेत्र के जगदीशपुर, कोठिला और कुलहिया गांव के समीप जंगल झाड़ में संचालित अवैध महुआ शराब के 3 भट्टीयों को ध्वस्त किया। इस दौरान छापेमारी टीम के द्वारा जंगल पहाड़ की आड़ में चल रहे अवैध देशी महुआ शराब की ठिकानों से 28 क्विंटल तैयार जावा महुआ और 125 लीटर महुआ निर्मित शराब को जप्त कर मौके पर ही नष्ट किया। इस संबंध में उत्पाद निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि उक्त कार्रवाई गुप्त सुचना के आधार पर की गयी। हालांकि जंगल और पहाड़ी इलाके का लाभ ले मौके से धंधेबाज भागने में सफल रहें। उन्होंने बताया कि पुलिस शराब निर्माण करने वाले व्यक्ति के संबंध में पता लगा रही है।



# हूल के महत्व को व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए : झामुमो

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

स्थानीय जलक्रांति भवन में शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने हूल दिवस मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ सिदो कान्हो के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि संथाल समुदाय को हल की आग ने तपाकर एक ऐसे समुदाय में तब्दील कर दिया जो अपनी जमीन व जमीर के लिये पीछे हटने वालो में नहीं रहा। संथाल हूल 1855 में एक मजबूत तरीके से घटित क्रांति थी। वक्ताओं ने कहा कि



हूल के महत्व को आज के समय में व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिये। महाजनों व अंग्रेजी व्यवस्था के शोषण से मुक्ति इस क्रांति का एक प्रमुख उद्देश्य था। सिदो, कान्हू, चांद, भैरव, फूलो, झानो सहित कई महापुरुषों का इस क्रांति में महत्वपूर्ण योगदान था। वक्ताओं ने कहा कि आज हम सबों को शोषण व अन्याय के विरुद्ध एकजुट होकर धारदार आंदोलन का संकल्प लेना चाहिये। कार्यक्रम को जिला उपाध्यक्ष निर्मल पासवान, मुकेश कुमार सिन्हा ने संबोधित किया।

कार्यक्रम में अनुमंडल अध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, अमरनाथ पांडेय, देवेंद्र सिंह, गोपाल प्रसाद, मनोज पासवान, छोटन सिंह, रजनीकांत देव, किरण देवी, विक्रमादित्य पांडेय, राम प्यारी, कालीचरण प्रसाद, प्रमोद कुमार सहित अन्य उपस्थित थे। वहीं इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अमर राम ने की।

## आदिवासी महासभा ने हर्षोल्लास से मनाया हूल दिवस

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

अखिल भारतीय आदिवासी महासभा की प्रखंड इकाई के द्वारा चिनिया के अनारिदह टोले में हर्षोल्लास के साथ हुल दिवस मनाया गया। इसकी अध्यक्षता अखिल भारतीय आदिवासी महासभा प्रखंड इकाई चिनिया के अध्यक्ष अजय सिंह खरवार ने की। मौके पर उपस्थित अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के जिला अध्यक्ष चैतू सिंह खरवार ने कहां आज हूल दिवस है। इसे क्रांति या फिर संथाल विद्रोह आदिवासी इस दिन को अपने संघर्ष और अंग्रेजों के द्वारा मारे गए अपने 20000 लोगों की याद में मनाते हैं। जैसा कि शब्दों से स्पष्ट हो रहा है, यह विद्रोह आदिवासियों की संघर्ष गाथा और उनके बलिदान को आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों के छक्के छुड़ाने वाले नायकों को याद करने का खास दिन है। सिंदो कान्हु और



चांद भैरव को याद करते हुए अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ विद्रोह का प्रतीक है। आगे उन्होंने कहा कि आदिवासी नायकों के बताए हुए मार्ग पर चल कर ही जल जंगल जमीन बचाया जा सकता है। इस अवसर पर उपस्थित कविता कुमारी, मुंद्रिका बैगा, अर्जुन सिंह, चंद्रिका मांझी, भारत सिंह, पारस सिंह, सुशील डुंगडुंग, बिंदेश्वरी सिंह, सत्यनारायण सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### मंत्री मिथिलेश का प्रयास हुआ सफल, केंद्र सरकार ने दी स्वीकृति

# सात करोड़ रुपये की लागत से अचला में बनेगा फ्लाईओवर

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

गढ़वा के अचला गांव में बाईपास के रास्ते में पड़ रहे कब्रिस्तान क्षेत्र में फ्लाईओवर निर्माण की केंद्र सरकार ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। अब वहां फ्लाईओवर का निर्माण किया जाएगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने फ्लाईओवर निर्माण की स्वीकृति प्रदान करते हुए इससे संबंधित पत्र एनएचएआई क्षेत्रीय पदाधिकारी झारखंड को प्रेषित कर दिया है। तीन स्पैन वाले इस फ्लाईओवर का निर्माण 6.82 करोड रुपए की लागत से किया जाएगा।

गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि उनके लगातार प्रयास से केंद्र सरकार ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके लिए राष्ट्रीय राजमार्ग एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के प्रति वे आभार व्यक्त करते हैं। मंत्री ने बताया कि उनके निर्देश पर प्रदेश के मुख्य सचिव एवं विभागीय पदाधिकारियों ने लगातार एनएचएआई के पदाधिकारियों सेसंपर्क स्थापित इस योजना कि स्वीकृति दिलाई है।



इसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। स्वीकृति मिल जाने के बाद अब बाईपास निर्माण की सभी बाधाएं समाप्त हो गई हैं। शीघ्र ही सभी प्रक्रिया पूर्ण कर फ्लाईओवर का निर्माण प्रारंभ किया जाएगा। उसके बाद बाईपास का निर्माण कार्य पूर्ण हो जाएगा। बहुत जल्द बाईपास जनता के लिए उपलब्ध होगा। मंत्री ने कहा कि विकास कार्यों का विरोध करने से किसी भी समस्या का निदान नहीं होता है, बल्कि समस्या निदान के लिए ईमानदारी पूर्वक प्रयास करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि आज के समय में कुछ लोगों का एक सूत्री अभियान है विकास कार्यों का विरोध करना। परंतु गढ़वा वासियों के सामूहिक सहयोग एवं केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी की बेहतर सोच से बाईपास निर्माण कार्य में आ रही बाधा समाप्त हो गई है। ज्ञात हो कि पलामू जिला के शंखा से गढ़वा के खजूरी तक बाईपास निर्माण में अचला गांव में कब्रिस्तान से होकर सड़क गुजरने का लोग काफी विरोध कर रहे थे। इस कारण बाईपास निर्माण का कार्य रुका हुआ था। एनएचएआई के चेयरमैन संतोष यादव, राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह एवं अन्य विभागीय अधिकारियों ने वार्ता कर इस समस्या का हल निकाला। इस समस्या के निदान के लिए मंत्री ठाकुर लगातार केंद्रीय मंत्री गडकरी से संपर्क में थे।

## बिजली का करंट लगने से बैल मरा

**मेराल।** थाना क्षेत्र के हासनदाग गांव निवासी अंबिका चौधरी का बैल बिजली के करंट लगने से मौत हो गई। अंबिका चौधरी ने बताया कि सुक्रवार को दोपहर बैल को चराने ले गए थे। उसी दौरान बिजली विभाग के लगाए ट्रांसफार्मर में जमीन से अर्थ लगाया गया है। इसमें बैल चरने के दौरान अर्थ के तार में चिपक गया, जिससे बैल की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

इधर खेती करने के लिए बरसात सर पर है बैल मर जाने से किसानी करने में काफी कठिनाई हो गई। पिछले वर्ष वर्षा सही नहीं होने के कारण हम गरीब किसान अनाज के लिए मोहताज थे इस बार बिजली की करंट से बैल की मौत होने पर किसानी करने में असमर्थ हो गया। अंबिका चौधरी का आर्थिक स्थिति भी सही नहीं है इधर समाजसेवी अनिल चौधरी ने कहा कि बिना सुरक्षा कवर के कॉन्टैक्टर द्वारा लगाए गए ट्रांसफार्मर से आए दिन पशुओं की उसके संपर्क में आने से लगातार मौत हो रही है जो अभी तो हल्का बारिश से बिजली का अर्थ में फूल करंट हो गया है पूरा वर्षात बाकी है बिजली विभाग समय रहते जगह जगह पर लगाया गया ट्रांसफार्मर को सुरक्षा गार्ड नहीं लगाया तो जान माल का नुकसान गांव के लोगों का होते रहेगा। जिसके जमुहार बिजली विभाग होगी। चौधरी ने बैल के मुआवजा के साथ-साथ लगाए गए ट्रांसफार्मर को दुरुस्त करने संबंधित विभाग से मांग की है।

## संक्षिप्त

### चंद्रशेखर पर हमले के मामले में सौंपा आवेदन

**मझिआंव।** आजाद समाज पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भीम आर्मी संस्थापक चंद्रशेखर आजाद पर सुनियोजित जानलेवा हमला 28 जून को हुआ था। अज्ञात जानलेवा



हमलावरों को अविलंब गिरफ्तार करने एवं रासुका लगाकर कठोर कार्रवाई करने हेतु नगर पंचायत क्षेत्र के स्थानीय निवासी ललित राम भीम आर्मी जिला अध्यक्ष गढ़वा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष,मीडिया प्रभारी के द्वारा के द्वारा गढ़वा उपायुक्त को एक लिखित आवेदन सौंपा। उन्होंने कहा कि किसी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर इस तरह का हमला बहुत गंभीर एवं दुखदाई मुद्दा है। भीम आर्मी संस्थापक चंद्रशेखर आजाद के द्वारा कई बार अपने सुरक्षा व जान के खतरे के संबंध में सहारनपुर एसएसपी डीजीपी पुलिस लखनऊ एवं मुख्यमंत्री महोदय को रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया था, परंतु शासन प्रशासन ने जानबूझकर उनकी सुरक्षा को गंभीरता से नहीं लिया। उन्होंने कहा कि शासन प्रशासन की लापरवाही के कारण ही घटना घटित हुई है। आवेदन में अंकित किया गया है कि इस मांग पत्र के माध्यम से हम प्रार्थीगण आपसे विनम्र निवेदन करते हैं कि उक्त दोषियों को त्वरित गिरफ्तार कर कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई अमल में लाया जाए ताकि इस तरह की अप्रिय घटना किसी भी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर ना घटित हो। आवेदन देने वाले में मीडिया प्रभारी सिराज खान, भीम आर्मी नेता पंकज कुमार, जिला सचिव भीम आर्मी सलमान खान, भीम आर्मी सदस्य विनोद कुमार दीपक राज आदि शामिल हैं।

### भाजपा ने चलाया महा जनसंपर्क अभियान

**धुरकी।** प्रखंड भाजपा मंडल धुरकी के भाजपा कार्यकतोओं ने प्रधानमंत्री मोदी के 9 साल के बेमिसाल कार्य का उपलब्ध्धि को गिनाते हुए धुरकी प्रखंड



के धुरकी पंचायत में जनसंपर्क अभियान चलाया। वहीं धुरकी भाजपा विधायक प्रतिनिधि अखिलेश यादव सांसद प्रतिनिधि सुदर्शन गुप्ता भाजपा नेता इद्रामणि जायसवाल प्रताप जायसवाल, भाजपा महामंत्री उपेंद्र चंद्रवाशी, आनंद गिरी, गोविन दास, भाजपा नेत्री रीना देवी, किसान मोर्चा अध्यक्ष दामोदर जायसवाल आदि लोग उपस्थित थे।

### विधायक को आवेदन दे की कार्रवाई की मांग

**भवनाथपुर।** प्रखंड में मनरेगा भेंडर द्वारा अधिकारियों के कमीशन के नाम कर रहे लाभुकों के पैसे का गबन की शिकायत लाभुक द्वारा उपायुक्त गढ़वा के नाम बीडीओ को आवेदन देने के बाद भी कारवाई नही होने के बाद लाभुकों ने विधायक भानु प्रताप शाही को आवेदन देकर करवाई करने की मांग की है। लाभुक बाला प्रसाद यादव, अनिता देवी, राम सरकार मिश्रा, अजमेरी बीबी, संजय राम, शिव शंकर प्रसाद, चनरदेव राम, अजय ठाकुर, चरकु राम, मंसूर अंसारी, लालू सिंह, प्रेम राम, जयनन्दन यादव, सुभान अली सहित दर्जनों लभुक ने बताया कि भेंडर अलियास अंसारी द्वारा लाभुक को किसी भी तरह का कोई भी सामग्री नही दिया जाता है केवल लेटर पैड पर फर्जी सामग्री लिख कर दिया जाता है। लाभुक बाला यादव ने बताया कि भेंडर के खाता में दो लाख बीस हजार पांच सौ रुपये आया था जिसके बाद भेंडर द्वारा एक माह तक पैसा के लिए घुमाया जाता रहा जब कुछ गणमान्य लोग से शिकायत की तो एक लाख नवासी हजार रुपये ही दिया गया बाकी 31 हजार रुपये हड़प लिया। इसी प्रकार लाभुक अनिता देवी पति रामेश्वर राम से 24 हजार, राम सरकार मिश्रा से 33 हजार, अजमेरी बीबी से 43,450 रुपये संजय राम पिता कामत राम का 20 हजार रुपये, भेंडर द्वारा हड़प लिया गया। अंसारी से पूछा जाता है तो बोला जाता है कि मेरा कोई बाल भी बांका नही कर सकता हम सरकार द्वारा मनोनीत भेंडर हैं सिर्फ कागज देते हैं और कमीशन लेकर बीडीओ सहित ऊपर तक पहुचाते हैं।

## कृत्रिम ज्वेलरी बेहतरीन आय का स्रोत है: निदेशक

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में चल रहे 13 दिवसीय ज्वेलरी प्रशिक्षण शुक्रवार को संपन्न हुआ इस मौके पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं प्रशिक्षणार्थियों के बीच संस्था के निदेशक इंदु भूषण लाल ने प्रमाण पत्र का वितरण किया। इस मौके पर संस्था के निदेशक इंदु भूषण लाल ने कहा कि कृतिम ज्वेलरी एक बेहतरीन आय का स्रोत है इस व्यवसाय में थोड़ी सावधानी और जानकारी से अधिक लाभ प्राप्त किया जा सकता है। आज के दौर में लोग डिजाइन किए हुए आभूषण काफी पसंद कर रहे हैं। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान महिला सशक्तिकरण को लेकर विभिन्न कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित कर रही है संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर महिलाएं रोजगार प्राप्त कर परिवार को आर्थिक रूप से मजबूत कर रही है। इस मौके पर संस्था के संकाय मिथिलेश कुमार सिंह, पंकज कुमार वर्मा, अभिषेक कुमार तिवारी और सुरेंद्र रवि शामिल थे।



**प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले को प्रमाणपत्र देते संस्था के निदेशक इंदु भूषण लाल।**

## बारिश का पानी खुलते ही खेती कार्य में जुटे किसान

### कोई खेत में हल जोत रहा है तो कोई दुकान पर बीज की खरीदारी कर रहा

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

बारिश का पानी खुलते ही किसान खेती कार्यों को लेकर अपने-अपने खेत में उतर आए। शुक्रवार को कुछ किसानों को जहां खेतों की जुताई करते देखा गया, वहीं कुछ किसानों को निजी दुकान से बीज की खरीदारी भी करते देखा गया।

खेत की जुताई कर रहा किसान फेकन साहू ने बताया कि लगातार तीन दिनों से हो रही बारिश के बाद आज पानी बिल्कुल रूप से खुला है। उन्होंने कहा कि बीज बोने का यह बहुत ही अच्छा मौका है। इस बीच अगर हम सभी खेत में बीज नहीं बोते हैं तो पुनः ऐसा मौका मिलेगा की नहीं। उन्होंने कहा कि अगर कहीं पुनः बारिश होना शुरू हो जाए तो हम लोगों की खेती पूरी तरह पिछड़ जाएगा। उक्त कारण घर के सभी कार्यों को छोड़ हमसभी सिर्फ खेती के कार्यों में जुट गए हैं। साथ ही कहा कि आद्रा नक्षत्र का आज नावां दिन





है ऐसे में भी नक्षत्र के अंदर हम लोगों को खेत में बीज बो ही देना है। वहीं बीज की खरीदारी कर रहे किसान पप्पू यादव, मनोज शाह, रईस अंसारी, दीपक कुमार इत्यादि लोगों ने बताया कि सरकार की ओर से पैक्स गोदाम पर विभिन्न प्रजाति के धान बीज उपलब्ध कराया गया है, लेकिन हम सभी को उक्त बीज पर विश्वास नहीं होता है जिस कारण प्रत्येक वर्ष निजी दुकान से बीज की खरीदारी कर उसे अपने अपने खेतों में बोने का काम करते हैं। दिन पर दिन बीज के भाव में काफी वृद्धि होते जा रहा है, जिसका असर भी हम लोगों के ऊपर पड़ रहा है। पिछले वर्ष जो धान का पैकेट 300 रुपये में बिक रहा था वह इस बार 350 रुपये में बिक रहा है। मजबूरी बस हम सभी उसकी खरीदारी भी कर रहे हैं। वहीं सरकार की आलोचना करते हुए किसानों ने कहा कि हम लोगों की आय को दोगुना करने का आश्वासन देकर सत्ता पर काबिज हुई सरकार अब हम ही लोगों के पॉकेट से पैसा वसूलना शुरू कर दी है।

किसानों ने कहा कि अगर सरकार का तनिक भी नजर हम जैसे किसानों पर पड़ता तो पिछले वर्ष 300 रुपये प्रति किलो बिकने वाला धान का पैकेट इस वर्ष सीधे आधा कर दिया जाता, लेकिन हम लोगों की परेशानी से उन्हें कोई लेना देना नहीं है।

**धर्म-कर्म**

### जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन में जीयर स्वामी ने कहा

# अश्लील दृश्यों से उत्पन्न होते हैं कुविचार

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

प्रखंड के पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन के दौरान जीयर स्वामी महाराज ने कहा कि अश्लील दृश्यों को देखने से मस्तिष्क में कुविचार उत्पन्न होते हैं अश्लील दृश्य, अश्लील गीत व अश्लील वार्ता से मन में विकृति पैदा होती है, जिसकी स्मृति से चेतन मन में स्थायी रूप अंकित हो जाती है इसके कारण सामान्य जीवन में विचलन का भय रहता है। मानव जीवन अपने उद्देश्यों से भटक जाता है। परिवार, समाज एवं देश के स्तर पर अश्लील दृश्य एवं अश्लील गीतों के प्रति वर्जनात्मक संवेदनशीलता बरतनी चाहिए। स्वामी ने कहा कि अजामिल कनौज क्षेत्र के सदाचारी ब्राह्मण थे। वे दिनचर्या के तहत पूजा का फूल और तुलसी पत्र लेने वाटिका में गये थे वहां उन्होंने एक लम्पट व्यक्ति को वेश्या के साथ अस्त-व्यस्त स्थिति में देखा। यह



दृश्य उनके मानस-पटल में बैठ गया। कुछ दिन उसी दृश्य की स्मृति में रमने के बाद वे भी वेश्यागामी हो गये उन्होंने कहा कि अपनी पत्नी एवं संतान को घर से निकाल कर वेश्या को स्थायी रुप से घर में बैठा दिये पूजा-पाठ एवं जपादि धार्मिक कृतियों से विमुख हो गये अपनी सम्पति समाप्त होने के बाद जीवन यापन के लिए चोरी-डकैती का सहारा लेने लगे। उस वेश्या से नौ संतानें उत्पन्न हुई दसवीं संतान के गर्भ में आने के बाद तीर्थ यात्रा पर निकले संतों का एक समूह एक दिन अजामिल के घर पहुंचा उसकी वेश्या पत्नी ने संतों का सत्कार किया जाते वक्त संतों ने आग्रह कि दसवीं पुत्र का नाम नारायण रखना। अजामिल का उस पुत्र में आसक्ति बढ़ गयी और मृत्यु के समय जब यमदूत आये तो अजामिल डर से नारायण-नारायण पुकारने लगा यमदूत नारायण भक्त जान लौट गये और विष्णु गण उसे ले गये, जिससे उसकी मुक्ति हो गयी स्वामी जी ने कहा कि एक बार का अश्लील दृश्य अजामिल के जीवन को विदूप कर दिया दूसरी तरफ संतों का मात्र एक दिन का सान्निध्य उसके जीवन को मंगलमय बना दिया। स्वामी ने कहा कि धर्म को जान कर करना चाहिए बिना जाने नहीं जैसे हवन करना धर्म है, लेकिन पाँचों अंगुलियों के साथ आहूति नहीं देनी चाहिए हवन और जाप में सिर्फ तीन अंगुलियां अंगुठा, मध्यमा और अनामिका का सहारा लेना चाहिए यानी तीन अंगुलियों से ही हवन और जाप करनी चाहिये तर्जनी और कनिष्का को अलग रखनी चाहिएनपाँचों अंगुलियों से किया गया हवन से फल प्राप्ति नहीं होती है।

## सड़क पर जलजमाव से हो रही परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता। धुरकी**

प्रखंड मुख्यालय स्थित 500 मीटर की दूरी पर गुलशन चौक के समीप सड़क पर जलजमाव से राहगीरों को बड़ी परेशानी के साथ-साथ गुलशन चौक पर बसे ग्रामीणों को घरों में पानी घुस रहा है। लोगों को छोटी गाड़ियों से आना जाना मुश्किल हो गया है। इस दौरान वहां से वाहनों के गुजरने पर कपड़े गंदे भी हो जा रहे हैं तथा जलजमाव तलाब नुमा हो गया है। इसमें दुपहिया वाहन टेंपो को जाना दुर्लभ है दरअसल बारिश से सड़क पर पानी का जमा हो गया है। वहीं जमे पानी लोगों को घर में घुस रहा है तथा दुर्गंध के साथ-साथ लोगों को काफी परेशानी हो रही है।

उल्लेखनीय है कि नजदीक बसे लोगों को जलजमाव से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क



के किनारे नाली का निर्माण नहीं होने से पानी का जमाव हो रहा है। स्थानीय ग्रामीण प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन देकर लोगों ने नाली निर्माण कराने की मांग की है। नाली निर्माण मांग करने वालों में दर्जनों ग्रामीण शामिल हैं। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी धुरकी अरुण कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि यह मामला संज्ञान में है। जानकारी मिली है। सबसे पहले जल निकासी करने की व्यवस्था की जा रही है। फिर नाली निर्माण कराया जाएगा।

# जेएमएम नेताओं ने धूमधाम से मनाया हूल दिवस, शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

सिद्धू कानू, चांद भैरव एवं फूलो झानो के अमर शहादत के याद में लातेहार झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यालय में हुल दिवस धूमधाम से मनाया गया। उक्त अवसर पर लातेहार झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यालय में जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता एवं कार्यकर्ता जुटे। शहीदों के याद में जोरदार नारेबाजी करते हुए बारी-बारी से अमर शहीद सिद्धू कानू के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम में जेएमएम विधायक बैधनाथ राम भी पहुंचे और शहीदों के तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि अंग्रेजो के खिलाफ बगावत करने में झारखंड के बीर शहीद अग्रणी रहे हैं। भारत के इतिहास में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 में सिपाही विद्रोह को



बतलाया गया है परंतु देश का बच्चा बच्चा जानता है कि सिपाही विद्रोह के पूर्व ही 1855 में अमर शहीद सिद्धू कानू, चांद भैरव और फूलो झानों के नेतृत्व में साहेबगंज के भोगनाडीह में 50000 संगठित आदिवासियों ने अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह का पहला बिगुल फूंका था और लगभग 20000 आदिवासियों ने अमर शहीदों के नेतृत्व में अपने प्राणों की आहुति दी थी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष अरुण कुमार दुबे, जिला सचिव शमसुल होदा,केंद्रीय समिति सदस्य दीपू कुमार सिन्हा, जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह, मनोज चौधरी, सीतमोहन मुंडा, माणिक गंझू, गोपाल सिंह, बारिश अंसारी, बिपिन तिवारी, अशोक कुमार पांडेय, सुरेश गंझु, मो तौकीर मियां, सिकेश्वर राम, पॉल एक्का, बासुदेव यादव,आरती देवी, सीता देवी, मोहन लोहरा, अहसान अंसारी, इमरान अंसारी, मो एजाजुल, आलोक कु मंटू,मोहन राम, रिंकू कच्छप, सरिता देवी, सुनैना कुमारी, ममता कुमारी, संदीप उरांव, राजेंद्र गंझू, ऐश्वर्या उरांव, सुरेश गंझू, परमेश्वर गंझू समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हुल दिवस पर याद किए गए वीर शहीद सिद्धू कान्हू

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

प्रखंड के छिपादोहर पंचायत में जूरूहार जमतियां विद्यालय में झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित कर अमर शहीद सिद्धू कानू को याद किया गया। जुरुहार में आयोजित कार्यकर्म में झारखंड मुक्ति मोर्चा वरिष्ठ नेता शशि भूषण तिवारी के नेतृत्व में हुल दिवस मनाया गया।

अकरम के प्रारंभ में कार्यक्रम के प्रारंभ में वीर शहीदों सिद्धू कानू के तस्वीर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता तिवारी देवनाथ सिंह उपस्थित अन्य लोगों द्वारा बारी बारी से माल्यार्पण कर दीप जलाकर नमन किया गया। मौके पर तिवारी ने कहा कि वीर शहीदों को हुल दिवस पर याद करते हुए उनकी त्याग एवं बलिदान को देश की आजादी के लिए दिए गए कुर्बानियों को कभी नहीं भुलाया जा



सकता। उन्होंने कहा कि अमर शहीद सिंधो-कान्हू -चांद-भैरव समेत सभी वीर शहीदों को इस धरती हमसभी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके त्याग एवं बलिदान से हम सभी को सबक लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि झारखंड के भोगनाडीह गांव से 30 जून 1855 को क्रांति का बिगुल शुरू हुआ था। आजादी का पहला विद्रोह आंदोलन संथाल परगना था जो जल, जंगल, जमीन की रक्षा के लिए सबसे बड़ी आंदोलन माना जाता है। वहीं देवनाथ सिंह खरवार ने कहा की हूल दिवस अमर वीर शहीदों याद करते उनकी बताए मार्ग पर चलने की जरूरत है। कार्यक्रम में अन्य लोगों ने भी हूल दिवस पर वीर शहीदों को याद किया। कृष्णा सिंह खरवार, दिलीप सिंह, देवंती देवी, मंजू देवी, विमला देवी आदि लोग उपस्थित थे।

### बोलेरो वाहन में लाद कर बिहार भेजने की थी योजना

# अवैध शराब तस्करों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई, 635 बोतल जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

अवैध शराब के तस्करों के विरुद्ध पुलिस व उत्पाद विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बोलेरो वहान में 25 कार्टूनों में बंद 635 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब की खेप जब्त की। साथ ही पुलिस टीम तस्करी में प्रयुक्त बोलेरो के साथ उत्तम कुमार मुंडा और रंजीत कुमार को गिरफ्तार करने में सफलता रही। गिरफ्तार तस्करों के पास से तस्करी में प्रयुक्त विभिन्न कंपनियों के दो मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं।

एसडीपीओ अविनाश कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि एसपी राकेश रंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि तस्करों के द्वारा एक बोलेरो में अवैध शराब लादकर तस्करी के लिए दूसरे जिले और प्रदेशों में भेजी जा रही है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सदर थाना क्षेत्र के कमता गांव में उक्त बोलेरो गाड़ी



को जब्त कर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान रॉयल स्टैग कंपनी की 375 एमएल की 282 बोतल, इंपिरियल ब्लू की 375 एमएल की 285 बोतल, मैकडॉवेल कंपनी की 375 एमएल की 68 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की गई है। उन्होंने बताया कि बोलेरो में लादकर तस्करी के लिए तस्कर अवैध शराब बिहार ले जा रहे थे। एसडीपीओ ने आगे बताया कि गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ के बाद उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। अभियान में थाना प्रभारी मनोहर करमाली, एसआई विकास पासवान, उत्पाद अवर निरीक्षक निर्मल मरांडी व एएसआई निर्मल सिंह आदि जवान शामिल थे।

### भीम आर्मी चीफ पर जानलेवा हमला अत्यंत निंदनीय : बीरेंद्र



**चंदवा।** भीम आर्मी झारखंड प्रदेश महासचिव वीरेंद्र कुमार ने भीम आर्मी चीफ व आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद पर उतर प्रदेश के सहारनपुर में कार सवार अपराधियों द्वारा कायराना हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। हमले का विरोध करते हुए उन्होंने कहा कि भाई चंद्रशेखर आजाद के उपर हुये जानलेवा हमले से योगी सरकार के कानून व्यवस्था की पोल खुल गई है। चंद्रशेखर आजाद की बढ़ती लोकप्रियता व संघर्ष के जज्बे से घबराकर संविधान विरोधी शक्तियां उन्हें समाप्त कर देना चाहती हैं।हम यूपी के योगी आदित्यनाथ की अराजक सरकार को शीघ्र बर्खास्त कर केन्द्र की मोदी सरकार से राष्ट्रपति शासन लागू कर विश्व के उभरते हुए युवा नेता को उच्चस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था प्रदान करने की मांग करते हैं। घटना की सीबीआई जांच कर हमलावरों का पदार्फाश करते हुए शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की हैं।

# बूढा पहाड़ को बाहरी दुनिया से जोड़ने का हो रहा प्रयास : एसपी

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**

केंद्रीय अर्धसैनिक बल सीआरपीएफ ने लातेहार में नक्सलियों के गढ़ कहे जाने वाले बूढा पहाड़ को आस-पास से जोड़ने में बड़ी सफलता पाई है।

श्रम दान से ओनम सेतु निर्माण में जिला प्रशासन, लातेहार पुलिस एवं सीआरपीएफ ने तेईस दिनों तक कड़ी मशक्कत के बाद तिसिया और नावाटोली बूढा पहाड़ तक जाने वाले रास्ते में तिसिया के पास बूढ़ा नदी पर ओनम सेतु का निर्माण किया है। पुलिस अधिक्षक अंजनी अंजन के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत पूजन कर ओनम सेतु का उद्घाटन सीआरपीएफ के अधिकारी, डीएसपी महुआडांड़, थाना प्रभारी बारेसांढ़, महुआडांड़, गारू के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। बताते चले कि उक्त ग्राम बरसात के दिनों में बाहरी दुनिया से कट जाते थे। ग्रामीणों को इमरजेंसी में जान जोखिम में डालकर नदी पार करना पड़ता है। जिले के पुलिस कप्तान अंजनी अंजन ने बताया



कि अभी इस इलाके में पुल नहीं बन सका था। जिसके कारण बारिश के दिनों में ग्रामीणों के साथ जवानों को भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा था। बाढ़ आने के बाद यहां के गांव मुख्य मार्ग से कट जाते थे। पुल बनने से उन्हें बहुत फायदा होगा। हालांकि इस सड़क के पुल निर्माण से नक्सलियों मे बुरी तरह से बौखलाहट है। मौके पर डीएसपी राजेश कुजूर, सीआरपीएफ 218 बटालियन के कमानडेंट मो खालिद खान, द्वितीय कमान अधिकारी संजय त्रिपाठी, सहायक कमानडेंट हेमंत जसोरिया, 214बतालियन के कमानडेंट केडी जोशी, बारेसांढ़ थाना प्रभारी रंजीत कुमार यादव, महुआडाड़ थाना प्रभारी आशुतोष यादव, गारू थाना प्रभारी राजीव भगत, एसआई पवन कुमार रजक, करण कुमार यादव समेत सुरक्षा बल मौजूद थे।

## विद्युत स्पर्सघात से दो गाय की मौत, मुआवजे की मांग



**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मगध कोल माइंस के आरा ग्राम स्थित बड़का डैम के पास बिजली करंट की चपेट में आने से दो गाय की दर्दनाक मौत हो गई है। एक गाय बंसी साव एवं दूसरा मधेश्वर साव का है। घटना के बारे में ग्रामीणों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार जिस पोल के संपर्क में आने से गायों की मौत हुई है उसमें तार झूलती हुई नजर आ रही है जिसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है और जिसकी सुरक्षा व्यवस्था एवं हुए नुकसान के लिए सीसीएल से मुआवजे की मांग की गई है।

# पुलिस पर लगाया पक्षपात करने का आरोप

### राजद नेता ने कहा-राजनीतिक षड्यंत्र के तहत मुझे व मेरे परिवारजन को परेशान कर जमीन से बेदखल करने की साजिश की जा रही

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

राजद जिला कोषाध्यक्ष सुरेश राम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बालूमाथ में पिछले दिनों हुए जमीन विवाद पर अपना पक्ष रखा है। विज्ञप्ति में राम ने कहा कि 2021में सरिता देवी पति किशुनदेव पांडे से 43.5 डी. जमीन गीता रियल एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड के नाम से खरीदा था। जिसका केवाला संख्या 364 एवं खाता 300, प्लॉट 2423.. है। उक्त भूमि का खतियान किशुनदेव पांडे एवं ब्रह्मदेव पांडे के नाम से है। किशुनदेव पांडे अपने हिस्से की जमीन में से कुछ जमीन सरिता देवी को 1998 में रजिस्ट्री के माध्यम से दिये थे। किशुन देव पांडे एवं उनके बेटे भतीजे से पूछा था उन्होंने उस वक्त कोई आपत्ति नहीं जताई थी। जिसके बाद हमने सरिता देवी से अपने जीवन भर की पूंजी लगाकर लीगल तरीके से मकान सहित जमीन खरीदा है।कहा 19 मार्च 2023 को किशुनदेव पांडे एवं उनके 3 पुत्र एवं रितेश पांडे के द्वारा मेरे दोनों पुत्र सागर कुमार एवं विवेक कुमार को मारपीट किया गया। एवं जातिसूचक गाली दी गई। जिसका लिखित आवेदन थाना प्रभारी व सीओ को दिया गया। उक्त भूमि पर काम कर रहे लेबर मिस्त्री को देखने गया तो पहले से ही घात लगा कर बैठे किशुनदेव पांडे व उनके तीन बेटे भतीजे एवं पतोह कुल 12 -13 लोग मुझ पर जानलेवा हमला कर मेरा पैर तोड़ दिया। बालूमाथ थाना द्वारा एकतरफा कार्रवाई की जा रही है। जबकि दोनों तरफ से केस हुआ है और धारा भी लगभग सेम लगा हुआ है। फिर भी एक पक्ष के लोग बालूमाथ में घूम रहे हैं। यह एक राजनीतिक षड्यंत्र के तहत मुझे व मेरे परिवार को परेशान किया जा रहा है। मुझे मेरे जमीन मकान से बेदखल करने की साजिश किया जा रहा है। बता दें कि राम रांची स्थित पल्स अस्पताल में पुलिस कस्टडी में इलाजरत हैं। वहीं पुलिस द्वारा राम के भांजे अशोक राम एवं संतोष राम को उक्त जमीन विवाद पर हुए मारपीट मामले में जेल भेज चुकी है।

## भाजपा ने केंद्र के 9 साल की उपलब्धियां गिनाईं





**बालूमाथ।** भारतीय जनता पार्टी के महा जनसंपर्क अभियान कार्यक्रम के तहत प्रखंड के झाबर ग्राम के सुइया टोला, टोंगरी टोला, इचाक टोला, टोंका टोला सहित आसपास के कई ग्रामीण क्षेत्र के घर घर जा कर भाजपा के केंद्र सरकार का 9 साल की उपलब्धि की जानकारी दी एवं पत्रिका वितरण किया। इस दौरान मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, रामकुमार गुप्ता, रघुनंदन सोनी, शक्ति केंद्र सह संयोजक गंजेंद्र, हिमांशु, नंदलाल पासवान, भारत नारायण तिवारी, गजबंदन तिवारी, राजेंद्र प्रसाद, रविंद्र गंझु, महादेव उरांव, रामू ओरांव, रामदयाल उरांव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### सख्ती | पंद्रह बकायादारों का बिजली कनेक्शन काटा

# बिजली विभाग ने की बड़ी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड(चतरा)**

मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र के हुसिया पंचायत अंतर्गत सिंघरावा में बिजली विभाग द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए पंद्रह बकाया बिजली बिल उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन काट दिया गया।उक्त सभी उपभोक्ताओं के पास लगभग तीन लाख दस हजार रुपये बिजली बिल बकाया था।

कनिय अभियंता तरुण कुमार ने बताया कि सभी उपभोक्ताओं को लगातार बकाया बिल भुगतान करने का अनुरोध किया जा रहा था। इसके अलावा एक मुश्त सूद माफी योजना का लाभ उठाने को भी कहा गया पर कोई असर नहीं हुआ। उसके बाद कार्रवाई करते हुए सिंघरावा में पंद्रह बकाया बिजली



बिल उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन काटा गया है।प्रखंड क्षेत्र के अन्य गांवों में भी बकाया बिजली बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई की जायेगी। अभियान में बिजली मित्रा मंटू सिंह, कामेश्वर कुमार, पंक कुमार के अलावा अन्य कर्मी शामिल थे।

### अपहरण की चर्चा के बीच मनातू निवासी की सुरक्षित घर वापसी

**बारियातु।** थाना क्षेत्र के अमरवाडीह पंचायत अंतर्गत मनातू ग्राम निवासी अशोक साव(45) वर्षीय पिता बालदेव साव की अपहरण का चर्चा जोरों पर चल रहा था लेकिन अशोक साव सुरक्षित घर वापस आ गए, सीसीएल प्रभावित क्षेत्र के आरकेटीसी कम्पनी के सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत अशोक साव की जब अपहरण होने की चर्चा आस पास में होने लगी तो राष्ट्रीय नवीन मेल सच का प्रताल करने उनके घर पहुंचे तो उपरोक्त संबंध में अशोक साव ने बताया की मुझे कोई अपहरण नहीं हुआ था अपने कार्य से बाहर गए थे। मेरा मोबाइल भूलचूक कहीं दूर छुट गया था, जिसके कारण घर से संपर्क नहीं हो पा रहा था। मुझसे संपर्क नहीं हो पाने के कारण घर के परिजन को संदेह हो गया था कि मेरा अपहरण हो गया और काफी परेशान हो गए। हम अपना ऑफिसयली कार्य कर सुरक्षित घर वापस आ गए।

## हाईवा ने पीएम आवास व पोल को किया क्षतिग्रस्त

**नवीन मेल संवाददाता गिद्धौर(चतरा)**

गिद्धौर थाना क्षेत्र के बायं मोड़ के समीप कोयला लदा हाइवा अनियंत्रित होकर मुख्य सड़क किनारे बिजली के खम्भे में जोरदार टक्कर मार दिया। जिसे बिजली का खम्भा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। साथ ही खम्भे के बगल में सुरेश दास के पीएम आवास का पिलर भी क्षतिग्रस्त हो गया। घटना बीते देर रात करीब 2 बजे रात की है। घटना की सुचाना स्थानीय थाना को दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार चालक तुलसी गंझू ने बताया कि आम्रपाली से कोयला ले कटकमसांडी डंप करने जा रहा था। इसी बीच आंख लग गयी व अनियंत्रित हो कोल वाहन हाइवा बिजली के खम्भे में जा टकरा गयी।जिसे खम्भे के साथ साथ पीएम आवास भी क्षतिग्रस्त हो गया।



### बाइक दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल

**मनिका।** थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित महादेव मोड़ के समीप बाइक का संतुलन खराब होने से एक युवक हुए गंभीर रूप से घायल। घायल में गोविंद सिंह (35) पिता राम दयाल सिंह ग्राम दुलसुलमा का रहने वाला है। वह मनिका से दुलसुलमा जा रहा था। इसी क्रम में महादेव मोड़ के पास बाइक का संतुलन खराब हो जाने से हुए घायल। ग्रामीणों व भीम आर्मी जिला अध्यक्ष जगजीवन राम द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।

### उपायुक्त ने कौलेश्वरी मंदिर परिसर का किया औचक निरीक्षण



**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान ने जिले के प्रसिद्ध माता कौलेश्वरी मंदिर का औचक निरीक्षण किया। पुजारियों से मिलकर कहा मंदिर परिसर का किया जाएगा विकास। भक्तों और पुजारियों के लिए पूर्ण सुविधा की होगी व्यवस्था। उपायुक्त श्री इमरान ने निरीक्षण के क्रम में मौजूद श्रद्धालुओं और मंदिर के पुजारियों से मुलाकात कर समस्याओं से हुए अवगत। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों से बात की और आपसी सद्भाव के साथ धार्मिक आयोजन करने की बातें कही। उपायुक्त श्री इमरान ने आश्वस्त किया कि सुरक्षा देने को लेकर जिला प्रशासन कृतसंकल्पित है।

### जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने अपने समर्थकों के साथ थामा झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन

# झामुमो ने हूल दिवस पर शहीदों को किया नमन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
झारखंड मुक्ति मोर्चा लोहरदगा जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद के नेतृत्व में शुक्रवार को जिला कार्यलय में हुल दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम हूल दिवसह्ल पर संथाल विद्रोह के अमर बलिदानियों सिदो-कान्हू, चांद-भैरव तथा फूलो-झानो समेत सभी वीर शहीदों और वीरांगनाओं को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर जिलाध्यक्ष अहमद ने कहा कि जनजातीय समाज की अस्मिता, स्वाभिमान और स्वशासन के उद्देश्य से उन्होंने अन्याय व शोषण के विरुद्ध कड़ा संघर्ष किया। इधर सेन्हा प्रखंड से जिला परिषद सदस्य



राधा तिर्की ने अपने समर्थकों के साथ शुक्रवार को झामुमो केंद्रीय महासचिव विनोद पांडे के समक्ष झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हुई। उनके साथ मो फुरकान अहमद, बल्कु उरांव, लछु उरांव, सरोज उरांव, प्रकाश उरांव, सुरंति उरांव, सरस्वती उरांव, रेखा उरांव, विकास उरांव, दिलीप उरांव, बिजला उरांव, लक्की उरांव, दिलीप उरांव, नीरज भगत, सुमन उरांव, जयप्रकाश उरांव, सुल्दीप उरांव, गोविंद उरांव, तरमिनी उरांव, शिला उरांव समेत अनेकों समर्थकों के साथ पार्टी में शामिल हुए। मौके पर सेन्हा पंचायत मुखिया, धनबाज उरांव, पंचायत समिति सदस्य पूनम उरांव, वार्ड सदस्य सुमंती उरांव मौजूद थे।

### भाजपा ने सिद्धू कान्हू को दी श्रद्धांजलि

**लोहरदगा।** भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव की अगुवाई में हूल दिवस मनाया गया। सिद्धू कान्हू के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में जिला महामंत्री राजकुमार वर्मा, उपाध्यक्ष सामेला भगत, पशुपति नाथ पारस, महिला मोर्चा अध्यक्ष कलावती, उपाध्यक्ष सामेला भगत, धन्यवाद ज्ञापन मंत्री भारती सिन्हा, मीना बाखला, बाल्मीकि कुमार, मंगल गोप, बिंदिया देवी, सुनीता देवी, रीमा देवी, निधि देवी, संगीता देवी आदि उपस्थित रहे।

# होली फेथ पब्लिक स्कूल में हूल दिवस धूमधाम से मनाया गया

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**
होली फेथ पब्लिक स्कूल टीको कुडू में हूल दिवस धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के निदेशक अशोक कुमार मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर किया। श्री मिश्रा ने बच्चो को ये संदेश दिया कि आज हमारा झारखंड इन्हीं क्रांतिकारियों की कुर्बानियों का परिणाम है। हमें सुंदर से जंगल और पर्वतों, पहाड़ियों, झाड़ियों वाला राज्य प्राप्त हुआ। हमें इसकी लाज और अस्मिता को बचा कर रखना है।मौके पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियगिता में राहुल कुमार वर्ग 10, शिफा नाज वर्ग 8, खुशबू कुमारी वर्ग 9, मंताश परवीन वर्ग 7 और नेहा कुमारी वर्ग 9 ने भाग लिया। सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया। अलावा विद्यालय के सभ शिक्षक कलावती



मिश्रा, नूर सर, अरुण, नीतू, रीता, ललिता, हनी, सोनी, अर्चना, रिया,आस्था, सूरज, ऐश्वर्या, रुखसार, अफसरी और अनीता आदि शामिल थे।

# खड़े ट्रक में तेज रफ्तार बाइक ने मारा धक्का, किशोर की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**
भंडरा में एक खड़ी ट्रक में तेज रफ्तार बाइक सवार किशोर ने धक्का मार दिया जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार भंडरा नवडीहा चौक में खड़ा ट्रक के पीछे एक बाइक सवार लड़का ने ठोकर मार दिया। ठोकर मारने के बाद गंभीर रूप से घायल लड़का कार्तिक उरांव उम्र 14 वर्ष पिता रामदयाल उरांव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल भेज दिया गया। सदर अस्पताल में इलाज के क्रम में कार्तिक की मृत्यु हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार कार्तिक उरांव भंडरा थाना क्षेत्र के टोटो छापरटोली का निवासी था। वह अपने पल्सर मोटरसाइकिल जेएच 08 जे 6871 से चट्टी की तरफ से तेज रफ्तार से आ रहा था। वहीं अनियंत्रित होकर नवडीहा चौक में खड़ा ट्रक को पीछे से ठोक दिया, जिसके कारण व गंभीर रूप से घायल हो गया। भंडरा पुलिस के द्वारा घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। बता दें कि नाबालिक युवकों के द्वारा लापरवाही से मोटरसाइकिल चलाने के कारण आए दिन दुर्घटना हो रही है, जिसके कारण कई असमय ही मृत हो रहे हैं। नाबालिग द्वारा वाहन चलाने के कारण दुघर्टना हो रही है, जिससे कई असमय जान गंवा रहे हैं।

### बिना हेलमेट, बिना कागजात के तीन दर्जन वाहनों से वसूला गया जुर्माना



**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**
जिला परिवहन पदाधिकारी मनीष कुमार के निर्देश के अनुसार ट्रैफिक इंचार्ज सुजीत कुमार के नेतृत्व में शुक्रवार को इंदिरा गांधी चौक के समीप सघन रूप से वाहनों की जांच अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान में मुख्य रूप से इंश्योरेंस, ऑनर बुक, चालक के लाइसेंस एवं हेलमेट की जांच की गई। इस दौरान वाहन चालकों में हड़कंप मच गया बाइक चालक रास्ते बदल कर दूसरे रास्ते से भागते हुए नजर आए। बिना कागजात, बिना हेलमेट के आज करीब इन दर्जन वाहनों को पकड़ा गया। इनमें कई का चलान काटा गया और जुर्माना वसूला गया। ट्रैफिक इंचार्ज सुजीत ने बताया कि वाहन जांच अभियान लगातार चलाया जाएगा। थाना पुलिस बल के जवान उपस्थित रहे।

### घटना में संलिप्त सात अपराधियों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

# बिजली पावर सब स्टेशन में डकैती करने वाले गिरोह का हुआ खुलासा

**नवीन मेल संवाददाता। किस्को**
जिले के किस्को थाना क्षेत्र अंतर्गत बानपुर ग्राम पर स्थित बंद पड़े बिजली पावर सब स्टेशन से बीते दिनों सिक्योरिटी गार्ड को बंधक बनाकर डकैती की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह का पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के निदेर्शानुसार किस्को पुलिस ने खुलासा कर दी है। इधर किस्को पुलिस ने डकैती की गुत्थी को सुलझाते हुए घटना में संलिप्त अपराधियों को गिरफ्तार कर बड़ी उपलब्धि हासिल कर दिखाया है।

लोहरदगा पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार एवं लोहरदगा एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर किस्को थाना प्रभारी पॉलीकार्प टोप्पो के नेतृत्व में टीम गठित कर अलग-अलग जगह से घटना में संलिप्त 7 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इधर गठित पुलिस टीम ने उक्त आरोपियों को 27 जून 2023 को छापामारी दल का गठन कर रामगढ़, पतरातू, पिठौरिया, बोड़ेया एवं



लोहरदगा से गिरफ्तार किया। जिसमें रामगढ़ निवासी मोहम्मद अजहर अंसारी पिता अनवर अंसारी, तालाटाड़ पतरातू, रामगढ़ निवासी अलीम अंसारी उर्फ आलम अंसारी पिता स्वर्गीय ताजुद्दीन अंसारी, हेट कोनकी पिठोरिया रांची निवासी इस्तीफाक अंसारी उर्फ इश्तियाक अंसारी पिता स्वर्गीय महमूद अंसारी, ताला टाँड़ पतरातु रांची निवासी मुजाहिद अंसारी पिता शमसुद्दीन अंसारी, गुलजार नगर लोहरदगा निवासी खादिम अंसारी पिता रहीम अंसारी, दुपट्टा चौक लोहरदगा निवासी कौशर अंसारी पिता करीम अंसारी एवं पिठौरिया रांची निवासी मोहम्मद फिरोज पिता मोहम्मद ताहिर है। जिसमें इश्तियाक अंसारी, खादिम अंसारी, आलम अंसारी, मोहम्मद अजहर, अंसारी एवं मोहम्मद फिरोज का अपराधिक इतिहास अलग-अलग थानों में कई धाराओं में कांड दर्ज है। उक्त गिरफ्तार सभी आरोपियों को पुलिस ने मेडिकल जांच कराते हुए लोहरदगा न्यायिक हिरासत में मंडल कारा भेज दिया गया। साथ ही पुलिस ने डकैती की घटना में प्रयुक्त कटर भी बरामद किया गया। इसके अलावा डकैती की घटना में अन्य लोग पुलिस के गिरफ्त से बाहर है जिसे पुलिस ने बताया कि सभी आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। गौरतलब हो कि पावर सब स्टेशन के कार्य कराया गया ब्रजकिशोर पांडे प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के ऑनर के द्वारा 17 जून को डकैती की घटना घटित होने के बाद 18 जून को लिखित आवेदन देकर किस्को थाने में शिकायत की गई थी। जिसके बाद थाना प्रभारी पोलीकार्प टोप्पो के द्वारा मामले पर किस्को थाना कांड संख्या 19/23 धारा 395 भादवी के तहत कर एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी थी।

**इन पुलिस अधिकारियों का रहा अहम भूमिका :** लोहरदगा जिले के किस्को थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बानपुर में स्थित बिजली पावर सब स्टेशन में विगत दिनों चोर गिरोह के द्वारा भीषण डकैती की घटना को अंजाम दिया गया था जिसका उद्भेदन हेतु पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के छापेमारी दल का गठन किया गया था। इधर छापेमारी दल में किस्को थाना प्रभारी पॉलीकार्प टोप्पो, एसआई अनंत मरांडी, एसआई सुखराम उरांव, कैरो थाना के सब इंस्पेक्टर ऋषिकांत शर्मा, एएसआई अविनाश कुमार सिंह, लोहरदगा थाना के एएसआई संजय कुमार सिंह, किस्को थाना आरक्षी सुकरा लोहरा, जिब्राइल बिलुंग, तकनीकी शाखा के नीरज मिश्रा, आरक्षी लक्ष्मण उरांव एवं राजेश कुमार तिवारी शामिल थे।

# थाईलैंड में दमखम दिखाकर लौटे खिलाड़ियों का भव्य स्वागत

### चार स्वर्ण पदक व तीन रजत पदक जीतकर देश का मान बढ़ाया

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
रांची लोहरदगा प्रतिदिन फेरा लेनेवाली लोकल डीएमयू ट्रेन से लोहरदगा स्टेशन पहुंचे अंतरराष्ट्रीय कराटे खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया गया। स्टेशन पर भाजपा आजसू पार्टी के द्वारा स्वागत किया गया। प्रतियोगिता में लोहरदगा जिले के आवासीय विद्यालय के बच्चे थाईलैंड में अपना जौहर दिखाते हुए चार स्वर्ण पदक और तीन रजत पदक प्राप्त कर लोहरदगा जिला सहित अपने राज्य तथा देश का मान बढ़ाया।

गौरतलब है कि थाईलैंड राजधानी बैंकॉक के शहर पटाया में अंतर्राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता दिनांक 25 जून से 28 जून तक आयोजित प्रतियोगिता में 6 देश



कमशः थाईलैंड, मलेशिया, इंडिया, बांग्लादेश, श्रीलंका, और भूटान ने हिस्सा लिया. भारत देश के अलग राज्यों से 28 खिलाडियों ने भाग लिया जिसमें झारखण्ड राज्य से केवल लोहरदगा जिले के 7 बालिका खिलाड़ियों ने ही भाग लिया. विजेता खिलाड़ियों में आयु वर्ग अंडर 16 वर्ष में सुनेहा कुमारी ने स्वर्ण पदक, तथा आयु वर्ग अंडर 15 वर्ष में मरियम परवीन, कुमकुम कुमारी ,अनामिका उरांव ने स्वर्ण पदक प्राप्त किये. वहीं आयु वर्ग अंडर 16 वर्ष में रोशनी उरांव , जूही कुमारी , अंजलि कुमारी ने रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा। इस तरह बालिका खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए झारखण्ड लोहरदगा की झोली में कुल चार स्वर्ण पदक तथा तीन रजत पदक जीत कर ये साबित कर दिया की बेटियां किसी से कम नहीं. मौके पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी पशुपति नाथ पारस ने कहा कि आज लोहरदगा ही नहीं पूरे भारतवर्ष की बेटियों के लिए एक संदेश है हमारे लोहरदगा जिले की गांव से आने वाली साधारण परिवार की बेटियों ने दिया है। बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ के शब्द को सही मायने में इन्हीं सभी मौकों पर सार्थक दिखाई पड़ती है। बेटियां कराटे जैसी प्रतिस्पर्धा में अपने देश की साथ साथ हैं अन्य देशों में भी भाग ले कर बहुत ही बेहतर प्रदर्शन कर रही है। झारखंड की मिट्टी में बहुत से ऐसे नायाब हीरे देश को दिए हैं उसमें से यह भी एक है। वहीं आजसू नेत्री नीरू शांति भगत ने कहा कि लोहरदगा क्षेत्र में छोटे-छोटे बच्चों की प्रतिभा उभर कर सामने आ रही है तो हमें साथ साथ मिलकर इसे बढ़ाने की जरूरत है इसके लिए जिन भी सामग्रियों की आवश्यकता होती है सरकार को भी आगे आकर और भी प्रतिभा को साथ देने की जरूरत है।

## संक्षिप्त

### भाजयुमो ने चलाया डोर टू डोर संपर्क अभियान



**लोहरदगा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष मनीष शिखर की अध्यक्षता एवं मंडल अध्यक्ष पिंटू साहू के नेतृत्व में भाजयुमो लोहरदगा एवं लोहरदगा ग्रामीण मंडल के कार्यकर्ताओं के द्वारा लोहरदगा ग्रामीण मंडल के निगनी, चंदकोपा, गागुपरा में डोर टू डोर महा जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत घर घर में जाकर जन संपर्क किया गया। मौके पर भाजयुमो प्रदेश मंत्री अजातशत्रु, जिला अध्यक्ष मनीष शेखर लोगों को संबोधित किया। मौके पर मुख्य रूप से जिला महामंत्री सजल कुमार, जिला उपाध्यक्ष जीवन उरांव, जिला मंत्री विजय महतो, सुधांशु कुमार,लो. ग्रामीण मंडल अध्यक्ष पिंटू साहू, रंजू साहू, मनीष साहू, राहुल साहू, अमित साहू, आशीष उरांव, सतीश उरांव, प्रेम साहू, जितेंद्र सिंह, लोकेश साहू, रोहित कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### डीएवी में सांख्यिकी दिवस पर हुई प्रतियोगिता



**लोहरदगा।** एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा में प्राचार्य जी पी झा के तत्वावधान में सीसीए प्रभारी शिक्षक शितेष पाठक द्वारा सांख्यिकी दिवस पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सांख्यिकी और आर्थिक योजना के क्षेत्र में दिवंगत प्रोफेसर और वैज्ञानिक प्रशांत चंद्र महालनोबिस के कार्यों और योगदानों के सम्मान में भारत प्रत्येक वर्ष 29 जून को राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस मनाता है। प्रतियोगिता में कुल सोलह विद्यार्थियों को ऋग्वेद, यजुर्वेद,सामवेद और अथर्ववेद चार समूहों में बांटा गया। जिसमें सामवेद समूह के विद्यार्थी ओजस्वी गोयल, रिधिमा सिंह,रोशन कुमार व मेहरान विजित हुए। प्रतियोगिता में शिक्षक मनीष कुमार व परमित कुमार ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

### शिव मंदिर में अखंड हरिकीर्तन सह भंडारा आज

**कुडू - लोहरदगा।** इंदिरा गांधी चौक कुडू के बिड़ला शिव मंदिर में कंठामृत रसधारा कीर्तन मंडली कटैया के मार्गदर्शन में आज शनिवार सुबह नौ बजे से रविवार नौ बजे तक अखंड हरिकीर्तन सह भंडारा का आयोजन किया गया है। संरक्षक छत्रधारी प्रसाद, अध्यक्ष प्रेम प्रकाश वर्मा, सचिव राजेन्द्र साहू ने अधिकाधिक लोगों को कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

### पहल | पेयजल व्यवस्था पर डीसी से की बात

# योजनाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं : सांसद

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
नगर परिषद क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था बाधित होने पर सांसद सुदर्शन भगत ने स्वयं संज्ञान लेते हुए जिला उपायुक्त लोहरदगा से की बात, कहा बार-बार इस तरह की शिकायतें अच्छी बात नहीं। पेयजल की उचित व्यवस्था अति आवश्यक है। भीषण गर्मी के बाद अभी वर्षा के शुरूआती दिन हैं। ऐसे में यदि शुद्ध पेयजल की व्यवस्था आमजन के बीच में उपलब्ध नहीं होगी तो बीमारी का भी कारण बन सकता है। ऐसे में हम ज्यादा समय नहीं ले सकते चीजों को सुदृढ़ करने में। संबंधित विभाग में जिनकी भी जिम्मेवारी हैं उसे प्राथमिकता के तौर पर समस्या का निष्पादन ससमय करने की जरूरत है। पेयजल संबंधित



समस्या शहर के जिन वार्डों में भी हो उसे विभाग स्वयं निरीक्षण कर उसकी लिस्ट बनाएं और योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें। आज भाजपा केंद्र की सरकार शहर के साथ-साथ गांव में भी कैसे शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित हो सके इसे लेकर निरंतर योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है। ऐसे में यदि शहर शुद्ध पेयजल के लिए बार-बार जिला प्रशासन के समक्ष गुहार लगाती है तो यह चिंतनीय विषय है। विगत दिनों से लगातार लोहरदगा के शहरी क्षेत्र की जनता शुद्ध जल पर को लेकर मजबूर दिखाई पढ़ रही है। इसके लिए हमें खोज कदम उठाने की जरूरत है इसमें हमारी जितनी सहयोग होंगे वह मैं पूरी तरह से खड़ा हूं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी हो रहे हर घर जल योजना का कार्य में तेजी एवं गुणवत्तापूर्ण हो इसका ख्याल विभाग के द्वारा रखा जाए। जिससे कि भाजपा की केंद्र सरकार मोदी जी के द्वारा लिए गए गरीब कल्याण का संकल्प जनता के लिए पूरे हो सके। केंद्र के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### 'मुल्क के इत्तेहाद व इसकी खूबसूरती को खत्म करेगा यूसीसी'

**कुडू।** जामा मस्जिद कुडू के इमाम मौलाना हसीब कश्मी ने नागरिक संहिता कानून को मुल्क के इत्तेहाद और इसकी खूबसूरती को खत्म करने वाला बताते हुए लोकतांत्रिक तरीके से प्रयास किया जाने के लिए हिंदुस्तान के विधि आयोग की वेबसाइट पर समान नागरिक संहिता के विरोध में अपनी आपत्ति दर्ज करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि समान नागरिक संहिता देश हित में भी नहीं है, क्योंकि हमारा मुल्क अलग - अलग मजहब और अलग - अलग संस्कृति का एक गुलदस्ता है और पूरी दुनिया में यही इसकी खूबसूरती है। इसको खत्म कर मुल्क के इत्तेहाद और इसकी खूबसूरती को खत्म करना होगा। कहा कि ये सिर्फ मुसलमानों के लिये नहीं बल्कि देश के तमाम धर्म के मानने वालों के लिये नुकसानदेह है। और समान नागरिक संहिता की प्रस्तावित रूपरेखा संविधान ने जो हक दिया है उसे छिनने की साजिश है।

# तीन स्कूलों के 125 विद्यार्थी पहुंचे सीआरपीएफ मुख्यालय



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
सीआरपीएफ 158 बटालियन मुख्यालय में शुक्रवार को आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत यूनिटी थीम का प्रदर्शन किया गया। इसमें स्थित डीएवी विद्यालय के 58 विद्यार्थी, केवीएस के 37 विद्यार्थी तथा लिवेन्स अकादमी के 30 विद्यार्थी तथा 04 शिक्षकों सहित कुल 129 विद्यार्थियों/ शिक्षकों को 158वीं बटालियन मुख्यालय में बुलाकर सीआरपीएफ में प्रयोग हो रहे हथियार एवं अन्य विशेष उपकरणों को दिखाने के उपरांत उनके प्रयोग के बारे में भी बताया गया। बच्चों को बटालियन मुख्यालय स्थित अन्य रैंक मैस तथा अधीनस्थ अधिकारी मैस, कैंटीन, परिवहन स्थल तथा जवानों के रहने हेतु बैरक तथा सर्वधर्म प्रार्थना स्थल का दौरा कराया गया। इस कार्यक्रम में 158 बटालियन के सभी अधिकारी तथा 158 बटालियन के जवान भी मौजूद थे। कमांडेंट राहुल कुमार ने कहा कि बटालियन में तैनात लगभग 1000 कार्मिकों में देश के सभी राज्यों का प्रतिनिधित्व है।

## NEWS इन ब्रीफ

### इंटरनेट बंद होने से चालू वर्ष की पहली छमाही में देश को 1.9 अरब डॉलर का नुकसान

**मुंबई।** इंटरनेट बंद होने के कारण 2023 की पहली छमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था को 1.9 अरब डॉलर का नुकसान हो चुका है। बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। ह्यकानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए' हाल ही में पंजाब और मणिपुर में प्रशासन ने इंटरनेट-बंद किया। वैश्विक गैर-लाभकारी इकाई इंटरनेट सोसायटी ने अपनी रिपोर्ट ह्यनेटलॉस' में बताया कि बंदी' से लगभग 11.8 करोड़ डॉलर के विदेशी निवेश का भी नुकसान हुआ है और लगभग 21,000 नौकरियां भी गई। रिपोर्ट में कहा गया, सरकारें अक्सर यह गलत धारणा बना लेती हैं कि इंटरनेट बंद करने से अशांति कम होगी।

### गेहूं की कीमत घटी दाल अभी भी महंगी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने जून में दो दालों अरहर और उड़द तथा गेहूं की भंडारण सीमा तय कर दी थी, जिससे इनकी बढ़ती कीमतों पर काबू पाया जा सके। इन अनाज की कीमत कई वजहों से बढ़ी हुई है। उपभोक्ता मामलों के विभाग और कारोबारियों के आंकड़ों से पता चलता है कि भंडारण की सीमा तय किए जाने के बाद से दिल्ली के बाजार में जहां गेहूं की कीमत घटी है लेकिन अरहर और उड़द के मामले में ऐसा नहीं है। गेहूं के मामले में भी देखें तो उपभोक्ता मामलों के विभाग के आंकड़ों के मुताबिक कीमत में गिरावट सभी केंद्रों पर एकसमान नहीं कम हुई है। कुछ केंद्रों पर भंडारण की सीमा तय किए जाने के बाद भी गेहूं की थोक कीमत बढ़ी है।

# जीएसटी ने नागरिकों पर कर का बोझ किया कम




**एजेंसी। नई दिल्ली**

सरकार ने शुक्रवार को कहा कि छह साल पहले लागू माल एवं सेवा कर (जीएसटी) ने न केवल नागरिकों पर कर का बोझ कम करने में मदद की है, बल्कि देश में खपत को गति भी दी है। कुल मिलाकर इससे परिवारों को मासिक बिल कम करने में मदद मिली है। सरकार ने जीएसटी लागू होने से पहले और बाद में विभिन्न वस्तुओं पर कर दरों की तुलना करते हुए यह बात कही है। उसने यह भी कहा कि जीएसटी प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने से लेकर निवेश को बढ़ावा देने में उत्प्रेरक रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के कार्यालय ने ट्विटर पर लिखा है, ह्यह्यजीएसटी के क्रियान्वयन ने करदाताओं के लिये कर कानून का पालन करना आसान बना दिया है। यह बात इस तथ्य से पता चलती है कि जीएसटी के तहत पंजीकृत करदाताओं की संख्या एक अप्रैल, 2018 तक 1.03 करोड़ थी। यह बढ़कर एक अप्रैल, 2023 तक 1.36 करोड़ हो गई है।'' जीएसटी एक जुलाई, 2017 की मध्यरात्रि को लागू हुआ था। इसमें 13 उपकर समेत उत्पाद शुल्क, सेवा कर और मूल्य वर्धित कर (वैट) जैसे 17 स्थानीय शुल्कों को समाहित किया गया है। माल एवं सेवा कर के अंतर्गत कर की चार दरें हैं। इसमें आवश्यक वस्तुओं पर कर से या तो छूट है या फिर पांच प्रतिशत की कम दर से कर लगाया जाता है। विलासिता और समाज के नजरिए से हानिकारक वस्तुओं पर 28 प्रतिशत की ऊंची दर से कर लगाया जाता है। कर की अन्य दरें 12 फीसदी और 18 फीसदी हैं। इसके अलावा, सोना, आभूषण और कीमती पत्थरों के लिए 3 प्रतिशत और तराशे तथा पॉलिश किए गए हीरे पर 1.5 प्रतिशत की विशेष दर है। सीतारमण के कार्यालय से किए गए ट्वीट में लिखा है, ह्यह्यछह साल पहले केंद्र और राज्य सरकारों के 17 करों और 13 उपकरों को समाहित कर लागू जीएसटी ने न केवल नागरिकों पर कर का बोझ कम करने में मदद की है, बल्कि यह देश में खपत को गति देने को लेकर इंजन भी साबित हुआ है। जीएसटी लागू होने से पहले वैट, उत्पाद शुल्क, केंद्रीय बिक्री कर (सीएसटी) और उनके व्यापक प्रभाव के कारण एक उपभोक्ता को औसतन 31 प्रतिशत कर देना होता था। वित्त मंत्रालय ने ट्वीट किया, जीएसटी के तहत कर की दरें कम होने से हर घर में खुशियां आई है। दैनिक उपयोग की विभिन्न उपभोक्ता वस्तुओं पर जीएसटी के माध्यम से राहत मिली है।'' जीएसटी भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली में पासा पलटने वाला साबित हुआ है और इसने सभी पक्षों को व्यापक लाभ उपलब्ध कराया है।

### स्टील की कीमतें स्थिर होने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** देश के प्रमुख इस्पात विनिमार्ताओं का मानना है कि इस्पात के दाम निचले स्तर तक जा चुके हैं, भले ही इस साल की शुरूआत से इनमें गिरावट आ रही है। स्टीलमिंट के आंकड़ों पता चलता है कि इस्पात की चादरों के बेंचमार्क हॉट रोल्ड कॉइल (एचआरसी) के औसत मासिक दाम इस साल मार्च में 60,260 रुपए प्रति टन (मुंबई से बाहर) थे, जबकि 27 जून तक औसत मासिक दाम 55,443 रुपए प्रति टन थे, जिसमें पिछले महीने के मुकाबले गिरावट आई लेकिन कंपनियों का कहना है कि दामों में आगे गिरावट की संभावना नहीं है। टाटा स्टील के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्याधिकारी टीवी नरेंद्रन ने कहा मुझे लगता है कि दाम निचले स्तर तक जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि लौह अयस्क और कोयले की मौजूदा कीमत स्तर पर वैश्विक स्तर पर अधिकांश स्टील कंपनियों को नुकसान उठाना पड़ेगा।

### भारत की तरक्की से गदगद दिखे पुतिन



**नई दिल्ली।** रूस ने अपने सदाबहार दोस्त भारत की एक बार फिर तारीफ की है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एक कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी के साथ-साथ मेक इन इंडिया पहल की थी सराहना की। रूसी राष्ट्रपति ने गुरुवार को मॉस्को में एक कार्यक्रम के दौरान भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए उन्हें रूस का सबसे महान दोस्त बताया। रूसी राष्ट्रपति ने अपने भाषण के दौरान अपने देश में घरेलू उत्पादों और ब्रांडों को प्रोत्साहित करने के लिए भारत के बेहतरीन उदाहरणों का जिक्र किया। उन्होंने इस बात पर भी जोर डाला कि इस पहल का भारतीय अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव कैसे पड़ा। पुतिन ने दर्शकों से कहा, भारत में हमारे मित्र और रूस के महान मित्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुछ साल पहले एक अवधारणा पेश की थी - 'मेक इन इंडिया' और इसका भारतीय अर्थव्यवस्था पर बहुत स्पष्ट प्रभाव पड़ा।

### बाजार में सुपर फ्राइडे, सेंसेक्स पहली बार 64000 के पार




**नई दिल्ली।** हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार के लिए सुपर फ्रायडे साबित हुआ। मजबूत खरीदारी के बाद सेंसेक्स बीएसई और एनएसई निफ्टी ऑल टाइम हाई पर बंद हुए। पहली बार सेंसेक्स 64 हजार के पार जाकर 64,718 अंकों के लेवल पर बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स में 800 अंकों की मजबूती आई। निफ्टी भी पहली बार 216 पॉइंट्स मजबूत होकर 19,189 अंकों के लेवल पर बंद हुआ। शुक्रवार के कारोबारी सेशन के दौरान सेंसेक्स ने जहां इंट्राडे में 64,768 का लेवल टच किया वहीं निफ्टी भी चौतरफा खरीदारी के बाद पहली बार 19,201 के लेवल पर पहुंचा। जुलाई सीरीज के पहले दिन बाजार में बंपर तेजी दिखी। इस दौरान ऑटो, पीएसयू बैंकिंग और आईटी सेक्टर के शेयरों में जबरदस्त तेजी दिखी। शुक्रवार के कारोबारी सेशन के दौरान बीएसई सेंसेक्स 1.26% जबकि एनएसई निफ्टी 1.14% की तेजी दिखी।

### 6 जुलाई तक रद्द रहेंगी गो फर्स्ट की उड़ान

**नई दिल्ली।** नकदी संकट से जूझ रही विमानन कंपनी गो फर्स्ट ने अपनी उड़ानें छह जुलाई तक रद्द कर दी है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को इसकी घोषणा की। दिवाला समाधान प्रक्रिया का सामना कर रही कंपनी में उड़ानों का परिचालन तीन मई से बंद है और तब से उड़ानें रद्द होने की अवधि कई बार बढ़ायी जा चुकी है। गो फर्स्ट के मौजूदा प्रबंधन के वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के अधिकारियों के साथ कंपनी की पुनरुद्धार योजना के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की। कंपनी ने ट्वीट किया, परिचालन संबंधी कारणों से छह जुलाई तक प्रस्तावित गो फर्स्ट की उड़ानों को रद्द कर दिया गया है। कंपनी ने तत्काल समाधान और परिचालन की बहाली के लिए आवेदन किया हुआ है।

### नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान को बड़ी राहत

# अरबों डॉलर पर बनी सहमति




**एजेंसी। नई दिल्ली**

नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान को बड़ी राहत मिली है। पाकिस्तानी सरकार और अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के बीच तीन अरब डॉलर के 'स्टैंडबाय अरेंजमेंट' पर कर्मचारी स्तर समझौता हुआ है। पाकिस्तान में समझौते का लंबे समय से इंतजार किया जा रहा था। बता दें कि पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पिछले कई वर्षों से लगातार गिरावट के मोड में है, जिससे महंगाई अनियंत्रित हो गई है और गरीब जनता पर दबाव बढ़ रहा है। इससे बड़ी संख्या में लोगों के लिए जीवनयापन करना लगभग असंभव हो गया है। पाकिस्तान में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के मिशन प्रमुख नाथन पोर्टर ने गुरुवार को एक बयान में कहा, 'मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि आईएमएफ की टीम 2,250 करोड़ एसडीआर (करीब तीन अरब डॉलर या पाकिस्तान के आईएमएफ कोटा का 111 प्रतिशत) की राशि में नौ महीने के स्टैंड-बाय अरेंजमेंट (एसबीए) पर पाकिस्तानी अधिकारियों के साथ स्टाफ स्तर के समझौते पर पहुंच गई है।' नया एसबीए पाकिस्तान के 2019 ईएफएफ-समर्थित कार्यक्रम के तहत अधिकारियों के प्रयासों पर आधारित है, जो जून के अंत में समाप्त हो रहा है। यह समझौता आईएमएफ के कार्यकारी बोर्ड से मिलने वाले अनुमोदन के अधीन है। कार्यकारी बोर्ड जुलाई के मध्य तक इस अनुरोध पर विचार कर सकता है। नौ महीनों में तीन अरब डॉलर का यह वित्त पोषण पाकिस्तान के लिए उम्मीद से अधिक है। देश 2019 में 6.5 अरब डॉलर के राहत पैकेज पर बनी सहमति में से शेष 2.5 अरब डॉलर जारी होने का इंतजार कर रहा था, जो शुक्रवार को समाप्त हो रहा है।

### 66 रुपए लीटर वाले फ्यूल पर दौड़ेंगी गाड़ियां : गडकरी

**नई दिल्ली।** भारत में 100% एथेनॉल फ्यूल पर चलने वाले वाहन अगस्त में लॉन्च किए जाएंगे। ट्रांसपोर्ट एंड हाईवे मिनिस्टर नितिन गडकरी ने एक इंटरव्यू में कहा कि यह देश में एक क्रांतिकारी पहल होगी, जो इम्पोर्ट-ऑप्शन, कॉस्ट इफेक्टिव, पॉल्युशन फ्री और पूरी तरह स्वदेशी होगी। वर्तमान में भारतीय बाजार में एथेनॉल की कीमत लगभग 66 रुपए लीटर के आसपास है और पेट्रोल की कीमत 108 रुपए के आसपास चल रही है। अगर ऐसा होता है तो जल्द ही भारतीय सड़कों पर सस्ते फ्यूल पर टू-व्हीलर और कारें दौड़ती नजर आएंगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'अगस्त से मैं 100% एथेनॉल पर चलने वाले वाहन लॉन्च करूंगा। बजाज, ळश्र और हीरो ने 100% एथेनॉल पर चलने वाली मोटरसाइकिलें बनाई हैं।' उन्होंने कहा कि टोयोटा कंपनी की 60% पेट्रोल और 40% बिजली से चलने वाली कैमरी कार की तरह ही अब देश में ऐसे वाहन लॉन्च किए जाएंगे।

## विदेश

# अमेरिका में शुरू होगी हिन्दी की पढ़ाई



**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

अमेरिका के स्कूलों में हिंदी भाषा की पढ़ाई के लिए राह खुलनी शुरू हो गई है। सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी के संगठन एशिया सोसायटी (अर) और इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट से जुड़े 100 से अधिक जनप्रतिनिधियों ने राष्ट्रपति बाइडेन को इस बारे में प्रस्ताव सौंपा है। इसमें 816 करोड़ रुपए के फंड से एक हजार स्कूलों में हिंदी की पढ़ाई शुरू होगी। संभावना है कि बाइडेन का भारत के प्रति सकारात्मक रुख और अगले साल राष्ट्रपति चुनाव के मद्देनजर इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल जाएगी। अगले साल सितंबर से हिंदी भाषा की पढ़ाई शुरू हो सकती है। अर और क्अक ने हिंदी भाषा की पढ़ाई शुरू करने पर शिक्षकों की व्यवस्था करने और कोर्स के गठन में मदद का आश्वासन दिया है। प्राथमिक कक्षाओं से शुरू होने वाली हिंदी की पढ़ाई में हिंदी को अंग्रेजी के बाद दूसरी भाषा के रूप चुनने का विकल्प होगा। अमेरिका में रहने वाले लगभग 45 लाख भारतवंशियों में से हिंदी सर्वाधिक नौ लाख से ज्यादा लोगों द्वारा बोली जाने वाली भारतीय भाषा है। अमेरिका में अभी हाई स्कूल स्तर पर हिंदी की पढ़ाई के कोर्स चल रहे हैं। इसमें हिंदी की बेसिक पढ़ाई ही कराई जाती है। इंडिया इम्पैक्ट के अध्यक्ष नील मखीजा का कहना है कि बच्चों में जब शुरूआती कक्षाओं से ही हिंदी नहीं पढ़ाई जाएगी तो अचानक हाई स्कूल स्तर पर हिंदी भाषा का विकल्प होने पर भी बच्चों को भाषा के प्रति समझ ही पैदा नहीं हो पाती है। अब हिंदी को प्राथमिक कक्षाओं से शुरू करने का बच्चों को फायदा मिल सकेगा। अमेरिका में अभी दूसरी भाषा के रूप में ज्यादातर स्कूलों में स्पेनिश पढ़ाई जाती है। नॉर्थ कैरोलीना के व्हिप जय चौधरी का कहना है कि पूर्व में अमेरिका को स्पेनिश बोलने वाले देशों में आर्थिक हितों के लिए ऐसी पीढ़ी तैयार करनी थी जो स्पेनिश समझ सके। लेकिन अब हालात बदल रहे हैं। इस दशक के अंत तक भारत तीसरी आर्थिक शक्ति होगा। ऐसे में अमेरिका का ये लक्ष्य होना चाहिए कि स्कूलों से हिंदी पढ़कर निकलने वाली एक ऐसी पीढ़ी आए जिसमें भारत के प्रति बेहतर समझ हो। स्पेनिश बोलने वाले देश अब आर्थिक रूप से सफल नहीं हैं। हिंदी जानने वाले अमेरिकी युवाओं के लिए भारत के मैन्युफैक्चरिंग, कृषि और आईटी सेक्टर में आने वाले वर्षों में संभावनाएं बढ़ेंगी। अमेरिका में भारतीयों की बहुलता वाले न्यू जर्सी, टेक्सास, न्यूयॉर्क और कैलिफोर्निया राज्यों में हिंदी पढ़ाने वाले लगभग 10 स्कूल हैं।

### नाबालिग को गोली मारने के विरोध में प्रदर्शन, फूंकी गईं 13 बसें

**सीन-सेंट-डेनिस।** फ्रांस की राजधानी पेरिस में पुलिसकर्मियों द्वारा किशोर को गोली मारने के बाद भड़की हिंसा के दौरान 13 बसों को आग के हवाले कर दिया गया। ऑबर्विलियर्स में आरएटीपी डिपो की कम से कम 13 बसों में आग लगा दी गई। पेरिस के उपनगर नैनटेरे में गुरुवार को यातायात उल्लंघन के लिए रोके जाने के बाद 17 वर्षीय किशोर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।किशोर की पहचान नाहेल के रूप में हुई। एक अधिकारी पर गोली चलाने का आरोप है। अधिकारी को जेल भेज दिया गया है। हालांकि, किशोर को गोली मारने की घटना के बाद शहर में लोगों ने पुलिस- प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान गुस्साए लोगों ने सड़कों पर यातायात जाम किया। उपद्रवियों ने लूटपाट की और आगजनी की घटनाएं सामने आईं।फ्रांस के गृह मंत्री गेराल्ड डर्मैनिन ने मीडिया को दिए बयान में कहा कि अब तक पूरे फ्रांस में विरोध प्रदर्शनों में कम से कम 421 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

# मैचों में हिजाब पर प्रतिबंध लगा सकता है फुटबॉल महासंघ



**एजेंसी। पेरिस**

फ्रांस के सर्वोच्च प्रशासनिक न्यायाधिकरण (अदालत) ने गुरुवार को कहा कि देश का फुटबॉल महासंघ मैचों में हिजाब पर प्रतिबंध लगा सकता है। काउंसिल आफ स्टेट द्वारा यह व्यवस्था दिए जाने से पहले हिजाब पहनने वाली कुछ फुटबॉल खिलाड़ियों ने प्रतिबंध के खिलाफ आंदोलन चलाकर कानूनी कार्रवाई शुरू की थी। फ्रांस फुटबॉल महासंघ ने आधिकारिक मैचों और अपने द्वारा आयोजित टूनार्मेंटों में महिलाओं के हिजाब पहनकर खेलने पर प्रतिबंध लगा रखा है। वहीं फीफा खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिजाब पहनकर खेलने की अनुमति देता है। काउंसिल आफ स्टेट ने कहा कि खेल महासंघ अपने खिलाड़ियों के लिये खेल प्रतिस्पधाओं के दौरान मैचों के सुचारू संचालन और टकराव से बचने के लिए 'न्यूट्रल कपड़े' पहनना अनिवार्य कर सकता है। इसने एफएफएफ द्वारा लगाये गए प्रतिबंध को उचित बताया। काउंसिल आफ स्टेट ने अपने जन रिपोर्टर के सुझावों को नहीं माना जिसने इस सप्ताह की शुरूआत में कहा था कि महासंघ के नियमों की धारा एक को रद्द कर देना चाहिए। इस धारा के तहत मैचों और टूनार्मेंटों के दौरान किसी धार्मिक मान्यता का परिचय देने वाले परिधान या प्रतीक को पहनना वर्जित है। यह स्पष्ट नहीं है कि क्या यह प्रतिबंध अगले साल पेरिस में होने वाले ओलंपिक पर भी लागू होगा या नहीं।

## कारोबार

### चीन से निपटने के लिए अमेरिका का बड़ा कदम

# ताइवान को 330 करोड़ डॉलर की हथियार बिक्री को मंजूरी



**एजेंसी। यूएसए**

अमेरिकी रक्षा विभाग की रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी ने 332.2 करोड़ डॉलर की अनुमानित लागत से विदेशी सैन्य बिक्री (एफएमएस) को मंजूरी दे दी। इसके तहत ताइवान को हथियारों की बिक्री की जानी है। माना जा रहा है कि दक्षिण एशिया में चीन के मनमाने रवैये से निपटने के लिए अमेरिका ने यह फैसला किया है। एजेंसी के एक बयान में कहा गया है कि इस हथियार पैकेज में 30 एमएम गोला-बारूद, पहिएदार वाहनों के लिए स्पेयर पार्ट्स और अन्य सामान शामिल हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के कार्यकाल में ताइवान को हथियारों की बिक्री का यह 10वां पैकेज है। एजेंसी ने एक बयान में कहा, ''विदेश मंत्रालय ने अमेरिका में ताइपे के आर्थिक व सांस्कृतिक प्रतिनिधि कार्यालय को 332.2 करोड़ डॉलर की अनुमानित लागत से 30 एमएम गोला-बारूद और संबंधित उपकरणों की संभावित विदेशी सैन्य बिक्री को मंजूरी देने का फैसला किया है। रक्षा विभाग की रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी ने एक बयान में कहा, ऱरक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी ने आज इस संभावित बिक्री के बारे में कांग्रेस को सूचित करते हुए आवश्यक प्रमाणीकरण दिया। संयुक्त राज्य अमेरिका में ताइपे आर्थिक और सांस्कृतिक प्रतिनिधि कार्यालय (ळएउफ्ह) ने विभिन्न अवर्गीकृत 30 मिमी गोला-बारूद खरीदने का अनुरोध किया है, जिसमें 30 मिमी उच्च विस्फोटक भड़काऊ-ट्रेसर राउंड, 30 मिमी बहुउद्देश्यीय राउंड और 30 मिमी प्रशिक्षण राउंड शामिल हैं। इनमें कॉन्फिगरेशन नियंत्रण, उत्पादन समर्थन, गोला-बारूद परीक्षण और लोड, असेंबल और पैक सेवाओं सहित इंजीनियरिंग तकनीकी सेवाएं, सोर्सिंग व अधिग्रहण सहायता, नौसेना नागरिक कर्मियों की लागत, अनुबंध सहायता सेवाएं, तकनीकी डेटा अनुरोधों पर समर्थन, सूचना के अनुरोधों पर प्रतिक्रिया, प्रति वर्ष दो (2) कार्यक्रम प्रबंधन समीक्षा और अनुबंध खरीद से जुड़े परीक्षण व प्रलेखन सहित अन्य तकनीकी सेवाएं; और रसद व कार्यक्रम समर्थन के अन्य संबंधित तत्व भी शामिल हैं। इसकी कुल अनुमानित लागत 332.2 करोड़ डॉलर है। बयान के अनुसार, प्रस्तावित बिक्री लक्ष्य अपने सशस्त्र बलों को आधुनिक बनाने और एक विश्वसनीय रक्षात्मक क्षमता बनाए रखने के लिए प्राप्तकर्ता के निरंतर प्रयासों का समर्थन करके अमेरिकी राष्ट्रीय, आर्थिक और सुरक्षा हितों को पूरा करती है।

### शरण मांगने वालों को रवांडा भेजने की योजना गैरकानूनी

**लंदन।** ब्रिटेन की एक अदालत ने बृहस्पतिवार को फैसला सुनाया कि प्रवासियों को इंग्लिश चैनल की जोखिम भरी यात्रा से रोकने के प्रयास में, शरण चाहने वालों को रवांडा भेजने की सरकार की योजना गैरकानूनी है। अपीलीय न्यायालय के न्यायाधीशों ने कहा कि रवांडा को सुरक्षित तीसरा देश नहीं माना जा सकता जहां प्रवासियों को भेजा जा सकता है। तीसरा देश शब्द उन देशों के लिए इस्तेमाल किया जाता है जो यूरोपीय संघ के सदस्य नहीं हैं और जिनके नागरिकों को यूरोपीय देशों में मुक्त आवागमन की सुविधा नहीं है। सरकार के इस फैसले को ब्रिटेन के उच्चतम न्यायालय में चुनौती देने की संभावना है। प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव सरकार ने नावों को रोकने का वादा किया है। ब्रिटेन में प्रवेश की उम्मीद रखने वाले कई प्रवासी नावों से उत्तरी फ्रांस से यात्रा शुरू करते हैं। ब्रिटेन में 2022 में इंग्लिश चैनल पार कर 45,000 से अधिक लोग ब्रिटेन पहुंचे और इस प्रयास में कई लोगों की मृत्यु भी हो गई।

### पुतिन के लिए यूक्रेन में नहीं लड़ेगी 'भाड़े की सेना'

# वैगनर ग्रुप ने ठुकराया रूसी कॉन्ट्रैक्ट



**एजेंसी। मॉस्को**

रूसी सांसद ने कहा है कि वैगनर ग्रुप के प्रमुख येवगेनी प्रिगोझिन ने रूसी सेना के साथ नया कॉन्ट्रैक्ट साइन करने से इनकार कर दिया है। दरअसल रूस चाहता था कि नए कॉन्ट्रैक्ट के तहत वैगनर ग्रुप उसके रक्षा मंत्रालय के अधीन काम करे। अब प्रिगोझिन ने अपने भाड़े के सैनिकों को रक्षा मंत्रालय के अधीन लाने के लिए नए कॉन्ट्रैक्ट पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया है। रूसी संसद की रक्षा समिति के निचले सदन की अध्यक्षता करने वाले एक प्रभावशाली सांसद, कर्नल-जनरल आंद्रेई कातापोलोव ने कहा कि शनिवार के विद्रोह का कारण रक्षा मंत्रालय ने कहा था कि वैगनर ग्रुप उसके अधीन काम करे लेकिन प्रिगोझिन ने कॉन्ट्रैक्ट ठुकरा दिया। उन्होंने कहा, जैसा कि आप जानते हैं, विद्रोह के प्रयास से कुछ दिन पहले ही रक्षा मंत्रालय ने साफ कर दिया था कि युद्ध में जुटे सभी संगठनों को रक्षा मंत्रालय के साथ कॉन्ट्रैक्ट पर हस्ताक्षर करना होगा।

**विद्रोह के प्रयास से कुछ दिन पहले ही रक्षा मंत्रालय ने साफ कर दिया था कि युद्ध में जुटे सभी संगठनों को रक्षा मंत्रालय के साथ कॉन्ट्रैक्ट पर हस्ताक्षर करना होगा**

उन्होंने कहा, हर किसी ने इस मंत्रालय के इस फैसले को लागू करना शुरू कर दिया है। प्रिगोझिन को छोड़कर सभी इसको मान रहे हैं। प्रिगोझिन ने 11 जून को कहा था कि उनके वैगनर लड़ाके रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु के साथ किसी भी तरह का कॉन्ट्रैक्ट साइन नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि रूसी रक्षा मंत्री शोइगु सैन्य इकाइयों को मैनेज करने में असमर्थ है। रूसी सांसद ने कहा कि प्रिगोझिन के कॉन्ट्रैक्ट पर हस्ताक्षर करने से इनकार करने के बाद उनके भाड़े के सैनिक अब यूक्रेन में नहीं लड़ेंगे और इस तरह उन्हें रूसी सरकार का पैसा नहीं मिलेगा। प्रिगोझिन ने अपने 25,000 सैनिकों कोन्याय के लिए मार्च पर निकलने का आदेश दिया, जो विधिवत रूप से मास्को में रूसी राष्ट्रपति का सामना करने के लिए निकले। अगली दोपहर उन्होंने इसे बंद कर दिया। उस समय उनके सैनिक मॉस्को और रोस्तोव-ऑन-डॉन में रूसी सेना के दक्षिणी मुख्यालय के बीच एम4 मोटरवे के आधे से अधिक रास्ते पर आगे बढ़ चुके थे।

ज्ञान की बात


जन्म के बाद मृत्यु उतनी ही निश्चित है जितनी की मृत्यु के बाद फिर जन्म इसलिये जो अनिवार्य है उस पर शोक नहीं करना चाहिए। - भगवत गीता

# लिंग परीक्षण अपराध

**झारखंड** में भ्रूण हत्या जैसे कुकृत्य ने मानव समाज को कलंकित किया है। आज लड़के की चाहत में महिला के गर्भ में ही उसकी हत्या का सिलसिला लगातार जारी है। जो किसी भी सभ्य समाज के लिए स्वीकार नहीं है। प्रसव के पूर्व लिंग परीक्षण का यह धंधा बदस्तूर जारी है। भले ही हॉस्पिटलों में बोर्ड पर यह लिखा जरूर मिल जाता है कि भ्रूण हत्या कानूनी जुर्म है। हमारे यहां इसकी जांच नहीं होती है। लेकिन पर्दे के पीछे पैसे के लालच में यह सब धड़ल्ले से जारी है। ऐसे में गर्भस्थ शिशु के लिंग परीक्षण करने वालों को कठोर सजा देकर ही इस अपराध पर रोक लगायी जा सकती है। अभी हाल में कोडरमा सीजेएम का फैसला इस कुकृत्य में लगे लोगों के लिए बड़ी चेतावनी है। झुमरीतिलैया की रेडियोलाजिस्ट डाक्टर कुमारी सीमा एवं उनके सहयोगी पर अदालत ने दो-दो वर्ष के सश्रम कारावास के अलावा पांच-पांच हजार रूपये आर्थिक दंड लगाया है। परीक्षण करते रंगे हाथों पकड़ा गया है। पूरे राज्य में चोरी-चोरी यह खेल जारी है। गर्भपात कराने में महिला की जान भी जा सकती है। सब कुछ जानते हुए भी यह खेल जारी है। सरकार का जागरूकता कार्यक्रम यहां कोई काम नहीं कर रहा है। भ्रूण हत्या के माध्यम से लगातार लिंगानुपात में गिरावट आ रही है। घटते लिंगानुपात को रोकना बहुत जरूरी है। सरकार को ऐसे धंधे में लिप्त डाक्टरों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की जरूरत है। कई बार ऐसा देखा जाता है कि परिवार के दबाव के कारण महिलायें ऐसा करने को मजबूर होती हैं। ऐसे में इस अपराध के खिलाफ मानवता को शर्मसार करने वाले इस अपराध के खिलाफ आवाज उठाने की जरूरत है। इसके लिए स्कूल और कालेजों में भ्रूण हत्या के विषय में जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। इसके अलावा सामाजिक स्तर पर भी लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। तभी यह अपराध रूक सकता है। बदलते इस दौर में भ्रूण हत्या जैसे मानवीय कलंक को मिटाये बगैर सभ्य समाज की परिकल्पना को साकार नहीं किया जा सकता है। यह देखा गया है कि पढ़े लिखे लोग भी बेटे की चाहत में ऐसा करते हैं। अब सोचिये अगर बेटियां नहीं होगीं तो बेटे कैसे आयेगें। यही कारण है कि लिंगानुपात के मामले में बेटियों की संख्या में कमी आयी है। जिस कारण समाज का ताना-बाना फिसलता जा रहा है। आज हमारे आंगन की चौखट पर बेटियों की आवाज को ग्रहण लगता जा रहा है। ऐसे में अब भी समय है कि हम और हमारा समाज इस मामले में मानवता का परिचय देते हुए मानवता को कलंकित होने से बचायें। यह समय की मांग है। दूसरी तरफ इसे धंधा बनाने वाले वैसे डाक्टर भी सावधान हो जायें,नहीं तो कानून का डंडा उन्हें ठीक कर देगा। बहरहाल हमारे रास्ते की पगडंडियों में आज अनेक प्रकार के रोढ़े अटकाये जा रहे हैं,जो यह बताने के लिए काफी हैं कि हमारे रास्ते उतने सुगम नहीं हैं जैसा हम सोचते हैं। ऐसे में इनके कारक तत्वों की पहचान आवश्यक है। समय बदल रहा है,हमें अपने सोच पर नियंत्रण रखना आवश्यक है। ऐसा नहीं होने पर हमारे दरवाजे की दहलीज खाली हो जायेगी। कारण दहलीज का संबंध माता लक्ष्मी से है। अगर लक्ष्मी नहीं रहेगीं तो हम-सब का जीवन बेकार हो जायेगा। इसलिए आज जरुरत है कि बेटियों का सम्मान हर हाल में करें। कारण बेटियां हैं तो सब कुछ है, अन्यथा सब बेकार। बेटियों का सम्मान लक्ष्मी का सम्मान है।

**पूरे राज्य में चोरी-चोरी यह खेल जारी है। गर्भपात कराने में महिला की जान भी जा सकती है। सब कुछ जानते हुए भी यह खेल जारी है। सरकार का जागरूकता कार्यक्रम यहां कोई काम नहीं कर रहा है।**

# मोदी ने एक भारत श्रेष्ठ भारत का मंत्र दिया





डॉ मनसुख मांडविया

**हिंदुस्तान** विविधताओं का देश है और विविधताओं में एकता यह हमारी पहचान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन विविधताओं को सजोएं रखने के लिए एक भारत श्रेष्ठ भारत का मंत्र दिया है। हम एक ऐसे भारत की कल्पना को आगे बढ़ा रहे हैं, जहां पर एक - एक भारतीय को गुणवत्ता युक्त जीवन की चिंता की जाती है। समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक देश की आधुनकि स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ पहुंचा पाएं, इसके लिए भारत सरकार की ओर से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

भारत में, लगभग 706 विभिन्न जनजातियाँ हैं, जो कुल जनसंख्या का 8.6% हैं। हमारी जनजातीय आबादी हमारे देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न अंग है। भारत के माननीय प्रधान मंत्री, श्री नरेंद्र मोदी जी ने कहा है, ' भारत का अतीत, वर्तमान और भविष्य आदिवासी समुदाय के बिना कभी भी पूरा नहीं होगा।' भारत सरकार जनजातीय नैतिक मूल्य प्रणालियों, परम्पराओं, सामाजिक-आर्थिक स्थितियों और जनजातीय संगठनों का समुचित संज्ञान लेकर राष्ट्रीय प्राथमिकता के रूप में जनजातीय आबादी के स्वास्थ्य और विकास के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

भारत की जनजाति आबादी में सिकल सेल रोग एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती है। सिकल सेल एक आनुवांशिक बीमारी है, जिसमें व्यक्ति के रक्त कणों को आकार विकृत होकर दराती जैसा हो जाता है। यह बीमारी सामान्यतः आदिवासी जनजाति में पाई जाती है। यह रोग हमारी जनजातियों के भविष्य और अस्तित्व के सामने बहुत बड़ा खतरा है, इस रोग के प्रसार को समय पर रोकना अनिवार्य है। इस अनुवांशिक बीमारी को रोकने के लिए अभी तक जितने प्रयास होने चाहिए थे, उतने प्रयास पिछले सरकारों में नहीं हुए हैं, जिसके कारण दुनिया के अन्य देश जैसे कि इटली, जापान इत्यादि ने इस रोग पर काबू कर लिया है लेकिन भारत आज भी इस रोग से लड़ रहा है। मैं खासतौर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का आभार प्रकट करना चाहूंगा जिन्होंने सिकल सेल की इस चुनौती को खत्म करने के लिए वित्त वर्ष 2023-24 के केंद्रीय बजट में, राष्ट्रीय अभियान 'सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन 2047' शुरू करने की घोषणा की है। सिकल सेल बीमारी 2 तरह से इंसान के शरीर में रहती है, एक सिकल सेल जिसमें मरीज को कोई बीमारी या लक्षण नहीं दिखते हैं और इंसान नॉर्मल जिंदगी जीता है। दूसरे में सिकल सेल बीमारी के लक्षण पाए जाते हैं। देश के 13 राज्य राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीगढ़, झारखण्ड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, तेलांगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडू, केरल, कर्नाटक एवं महाराष्ट्र में यह बीमारी का उच्च प्रसार है, जबकि देश के 4 राज्य बिहार, असम, उत्तराखण्ड, उत्तर प्रदेश में इसका आंशिक प्रसार है। सिकल सेल रोग (एससीडी) से पीड़ित व्यक्ति को बहुत सारी स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करता हैं, जिनमें शरीर में दर्द रहना, कमजोरी रहना और खून की कमी जैसे कारणो से मरीज का पूरा जीवन बीमारी के बीच काटता हैं। सिकल सेल एनिमिया रोग को खत्म करने के लिए दो पहल पर कार्य किया जा रहा है। जिसमें पहला है झ इस रोग की रोकथाम, ताकि आगे नए मरीज पैदा न हो और जो मरीज है उसके उपचार प्रबंधन और अच्छे स्वास्थ्य सुविधा कैसे उपलब्ध हो उसके लिए पूरा इकोसिस्टम तैयार किया जा रहा है। अगर दो ऐसे इंसान शादी करते हैं, जो दोनों सिकल सेल ट्रेट्? हैं, तो उनसे पैदा होने वाला बच्चा सिकल सेल बीमारी होने की संभावना बहुत है। अगर पहले से ही सिकल सेल का स्क्रीनिंग करके ऐसे 2 लोगों को शादी करने से रोका जाए तो यह बीमारी का प्रसार रूक सकता है। भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने जनजातीय मंत्रालय और राज्यों के साथ मिलकर अगले 2-3 साल में देश के 17 राज्यों के लगभग 200 जिलों में बस रही आदिवासी व अन्य समूह की 0-40 साल से कम आयु वाली 7 करोड़ जनसख्यां को 3 साल में स्क्रीनिंग कर अमृतकाल में 2047 तक सिकल सेल बीमारी को खत्म करने की योजना बनाई है। स्क्रीनिंग के बाद सभी को उनकी स्थानीय भाषा में स्मार्ट कार्ड दिया जाएगा, जिससे शादी करने वाले लड़का और लड़की को आसानी से पता चल सकेगा कि शादी के बाद होने वाले बच्चें सिकल सेल से ग्रस्त होगें या नहीं। इस पूरे कार्यक्रम को चलाने के लिए, जनभागीदारी को सुनिश्चित करने और बड़े पैमाने पर जागरूकता लाने के लिए अलग अलग स्तर पर मॉनिटरिंग मेकेनिज्म बनाया जाएगा। स्क्रीनिंग में बीमार पाए जाने वाले लोगों को नियमित रूप से टेस्टिंग हो, उपचार और दवाई मिले, अन्य रोगों की वैक्सीन लगे, डाइट सपोर्ट मिले और समय - समय पर काउंसिलिंग की सुविधा मिलती रहे, वह भी सुनिश्चित किया जाएगा। इस रोग से लड़ने के लिए सरकार ने पर्याप्त बजट आवंटन, उच्च तकनीक का इस्तेमाल, स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण, जरूरी इंफ्रास्ट्रचर, सामाजिक जागृति और सामाजिक हिस्सेदारी को सुनिश्चित करने के प्रयास किये हैं। यह एक मजबूत इच्छाशक्ति और नीतिगत फैसलों का परिणाम है। पहले से ही देश में आयुष्मान भारत योजना के जरिए, देश में 1.60 लाख हेल्थ एण्ड वैलनेस सेंटर का पूरा नेटवर्क 2014 के बाद तैयार किया गया है, जिसके जरिये हमने कोविड जैसी महामारी से लड़ाई लड़ी। यह सेंटर बाकि रोगों के साथ सिकल सेल रोग को खत्म करने में भी एहम भूमिका निभाएंगे। हमने सिकल सेल के मरीजो को बेहतर इलाज देने के लिए इन सेंटर में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित कर लिया है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी 01 जुलाई, 2023 को सिकल सेल एनिमिया उन्मूलन मिशन की लॉन्चिग मध्य प्रदेश से करेंगे। यह पहल सिकल सेल एनिमिया की लड़ाई को बहुत मजबूती प्रदान करेगी। सिकल सेल के मरीजों का पूर्ण रूप से ट्रेकिंग करने के लिए डिजिटल टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हुए एक वेब पॉर्टल बनाया गया है, जिसमें उन मरीजों का परमानेंट रिकार्ड रहेगा। मुझे विश्वास है कि यह मिशन वर्ष 2047 तक सिकल सेल एनिमिया के उन्मूलन का मार्ग प्रसश्त करेगा और भारत की जनजाति आबादी जो यह देश की विरासत को संजोए रखी है, वह आबादी का अस्तित्व सुरक्षित हो जाएगा।

**भारत सरकार जनजातीय नैतिक मूल्य प्रणालियों, परम्पराओं, सामाजिक-आर्थिक स्थितियों और जनजातीय संगठनों का समुचित संज्ञान लेकर राष्ट्रीय प्राथमिकता के रूप में जनजातीय आबादी के स्वास्थ्य और विकास के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

### आईये सुने भगवान सत्यनाराण की कथा

**उस** दिन ब्राह्मण को भिक्षा में बहुत सा धन प्राप्त हुआ। उसी धन से उसने बन्धु-बान्धवों के साथ भगवान सत्यनारायण का व्रत किया। इस व्रत के प्रभाव से वह श्रेष्ठ ब्राह्मण सभी दुखों से मुक्त होकर समस्त सम्पत्तियों से सम्पन्न हो गया। उस दिन से लेकर प्रत्येक महीने उसने यह व्रत किया। इस प्रकार भगवान सत्यनारायण के इस व्रत को करके वह श्रेष्ठ ब्राह्मण सभी पापों से मुक्त हो गया और उसने दुर्लभ मोक्षपद को प्राप्त किया। हे विप्र! पृथ्वी पर जब भी कोई मनुष्य श्री सत्यनारायण का व्रत करेगा, उसी समय उसके समस्त दुख नष्ट हो जायेंगे। हे ब्राह्मणों! इस प्रकार भगवान नारायण ने महात्मा नारदजी से जो कुछ कहा, मैंने वह सब आप लोगों से कह दिया, आगे अब और क्या कहूं? हे मुने! इस पृथ्वी पर उस ब्राह्मण से सुने हुए इस व्रत को किसने किया? हम वह सब सुनना चाहते हैं, उस व्रत पर हमारी श्रद्धा हो रही है। **श्री सूत जी बोले** - मुनियों! पृथ्वी पर जिसने यह व्रत किया, उसे आप लोग सुनें। एक बार वह द्विजश्रेष्ठ अपनी धन-सम्पत्ति के अनुसार बन्धु-बान्धवों तथा परिवारजनों के साथ व्रत करने के लिए उद्यत हुआ। इसी बीच एक लकड़हारा वहां आया और लकड़ी बाहर रखकर उस ब्राह्मण के घर गया। प्यास से व्याकुल वह उस ब्राह्मण को व्रत करता हुआ देख प्रणाम करके उससे बोला - प्रभो! आप यह क्या कर रहे हैं, इसके करने से किस फल की प्राप्ति होती है, विस्तारपूर्वक मुझसे कहिये। **विप्र ने कहा** - यह सत्यनारायण का व्रत है, जो सभी मनोरथों को प्रदान करने वाला है। उसी के प्रभाव से मुझे यह सब महान धन-धान्य आदि प्राप्त हुआ है। जल पीकर तथा प्रसाद ग्रहण करके वह नगर चला गया। सत्यनारायण देव के लिए मन से ऐसा सोचने लगा कि 'आज लकड़ी बेचने से जो धन प्राप्त होगा, उसी धन से भगवान सत्यनारायण का श्रेष्ठ व्रत करूंगा।

*(क्रमशः)*

# डॉक्टर हैं सम्मान के भरपूर हकदार



योगेश कुमार गोयल


**दुनियाभर** में डॉक्टर्स कोरोना महामारी के भयावह दौर में अपनी जान की परवाह किये बिना करोड़ों लोगों के जीवन की रक्षा करते नजर आ चुके हैं। विकट दौर में देश में ड्यूटी के दौरान सैकड़ों चिकित्सकों की मौत हुई। फिर भी चिकित्सक जी-जान से लोगों की जान बचाने में जुटे नजर आये। कोरोना की पहली और दूसरी लहर के दौरान तो बहुत से चिकित्सकों और चिकित्सा स्टाफ को अपनी छुट्टियां रद्द कर प्रतिदिन कार्य करना पड़ा। बहुत से चिकित्साकर्मी महीनों-महीनों तक अपने परिवार और छोटे बच्चों से भी दूर रहे। समाज के प्रति चिकित्सकों के ऐसे ही समर्पण एवं प्रतिबद्धता के लिए कृतज्ञता और आभार व्यक्त करने तथा मेडिकल छात्रों को प्रेरित करने के लिए ही प्रतिवर्ष देश में पहली जुलाई को 'राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस' मनाया जाता है। गंभीर बीमारियों से जूझते मरीजों की जान बचाने का हरसंभव प्रयास करने वाले चिकित्सक वाकई सम्मान के सबसे बड़े हकदार हैं। चिकित्सक दिवस मनाने का मूल उद्देश्य चिकित्सकों की बहुमूल्य सेवा, भूमिका और महत्व के संबंध में आमजन को जागरूक करना, चिकित्सकों का सम्मान करना और साथ ही चिकित्सकों को भी उनके पेशे के प्रति जागरूक करना है। दरअसल कुछ चिकित्सक ऐसे भी देखे जाते हैं, जो अपने इस सम्मानित पेशे के प्रति ईमानदार नहीं होते लेकिन ऐसे चिकित्सकों की भी कमी नहीं, जिनमें अपने पेशे के प्रति समर्पण की कोई कमी नहीं होती। बिना चिकित्सा व्यवस्था और बिना योग्य चिकित्सकों के इंसान की जिंदगी कैसी होती, इसकी कल्पना मात्र से ही रोम-रोम सिहर जाता है। यही कारण है कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में चिकित्सकों का महत्व सदा से रहा है और हमेशा रहेगा। चिकित्सक दिवस की शुरूआत भारत में वर्ष 1991 में हुई थी। पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री और जाने-माने चिकित्सक डॉ. बिधान चंद्र रॉय के सम्मान में चिकित्सकों की उपलब्धियों तथा चिकित्सा क्षेत्र में नये आयाम हासिल करने वाले डॉक्टरों के सम्मान के लिए इसका आयोजन होता है। वे एक जाने-माने चिकित्सक, प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और वर्ष 1948 से 1962 में जीवन के अंतिम क्षणों तक पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री रहे। उन्होंने पश्चिम बंगाल में दुगार्पुर, बिधाननगर, अशोकनगर, कल्याणी तथा हबरा नामक पांच शहरों की स्थापना की थी। संभवतः इसीलिए उन्हें पश्चिम बंगाल का महान वास्तुकार भी कहा जाता है। कलकत्ता विश्वविद्यालय से मेडिकल की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने वर्ष 1911 में एमआरसीपी और एफआरसीएस की डिग्री लंदन से ली। उन्होंने एक साथ फिजिशयन और सर्जन की रॉयल कॉलेज की सदस्यता हासिल कर हर किसी को अपनी प्रतिभा से हतप्रभ कर दिया था। वर्ष 1911 में भारत में ही एक चिकित्सक के रूप में उन्होंने अपने चिकित्सा करियर की शुरूआत की। वे कलकत्ता मेडिकल कॉलेज में शिक्षक नियुक्त हुए। वर्ष 1922 में वे कलकत्ता मेडिकल जनरल के सम्पादक और बोर्ड के सदस्य बने। 1926 में उन्होंने अपना पहला राजनीतिक भाषण दिया और 1928 में अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के सदस्य भी चुने गये। डॉ. बिधान चंद्र रॉय ने 1928 में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के गठन और भारत की मेडिकल काउंसिल (एमसीआई) की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कई बड़े-बड़े पदों पर रहने के बाद भी वे प्रतिदिन गरीब मरीजों का मुफ्त इलाज किया करते थे। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात उन्होंने अपना समस्त जीवन चिकित्सा सेवा को समर्पित कर दिया।

स्वास्थ्य

फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से




# समान नागरिक संहिता पर 'विपक्ष का ढोल, खुलती पोल'



सियाराम पांडेय 'शांत'

**विपक्ष** अपनी लामबंदी का ढोल चाहे जितना पीटे,लेकिन उसे यह तो मानना ही पड़ेगा कि एजेंडा तय करने के मामले में वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पासंग बराबर भी नहीं है। नौ साल इस देश का विपक्ष प्रधानमंत्री की बिछाई राजनीतिक पिच पर ही खेलता रहा है। उनकी हर चाल विपक्ष पर भारी पड़ती रही है। ऐसा शायद ही कभी देखने-सुनने को मिला हो कि विपक्ष की किसी रणनीति से भाजपा और उसके सहयोगी दलों की पेशानियों पर बल पड़े हों। उन्हें कोई परेशानी हुई हो। हाल ही में प्रधानमंत्री ने भोपाल से देश को पांच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात दी। कांग्रेस ने सवाल उठाया कि वंदे भारत ट्रेन का उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी ही क्यों करते हैं। अब उन्हें यह कौन समझाए कि श्रेय और प्रेय का यह खेल आजादी के बाद से ही शुरू हो गया था और इसका श्रीगणेश भी कांग्रेस ने ही किया था। उसके बाद की सरकारें तो महाजनों येन गता स पंथाः वाली रीति-नीति ही अपना रही है। श्रेय पथ के राही के साथ समस्या यह होती है कि श्रेय दूसरे को मिले, यह उसे स्वीकार्य नहीं होता। तवारीखें गवाह हैं कि गांधी-नेहरू परिवार के नाम तो हर विकास परियोजना से जुड़े रहते थे। मोदी सरकार में अब वे नाम हट रहे हैं। तर्क दिया जा रहा है कि ऐसा करके सरकार कांग्रेसी महापुरुषों के नाम जनता के दिल से नहीं निकाल पायेगी। इस तर्क-वितर्क के पचड़े में पड़े बगैर सीधे सम पर आते हैं। भोपाल में प्रधानमंत्री ने समान नागरिक संहिता की खुली वकालत कर दी। तर्क दिया कि जब घर अलग-अलग व्यक्तियों के लिए अलग-अलग कानून से नहीं चल सकता तो फिर देश अलग-अलग कानून से कैसे चल सकता है? अमेरिका, रूस, इजरायल, फ्रांस, जापान, तुर्की, बांग्लादेश, पाकिस्तान, आयरलैंड, मलेशिया, सूडान, इंडोनेशिया और मिस्र में अगर समान नागरिकता संहिता लागू की जा सकती है तो भारत में ऐसा क्यों नहीं हो सकता। उन्होंने विधि आयोग को इस बावत सभी पक्षों की राय एक माह में जानने की सलाह दी है। साथ ही यह भी कहा है कि सर्वोच्च न्यायालय भी चाहता है कि देश में समान आचार संहिता होनी ही चाहिए। गौरतलब है कि वर्ष 1985 में तीन तलाक के शाहबानो से जुड़े मामले में फैसला सुनाते वक्त सर्वोच्च न्यायालय के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश वाईवी चंद्रचूड़ की अगुआई वाली 5 सदस्यीय पीठ ने कहा था कि यह अफसोस की बात है कि हमारे संविधान का अनुच्छेद 44 'डेड लेटर' (अप्रचलित कानून) बना हुआ है। देश के लिए समान नागरिक संहिता बनाने की दिशा में सरकार की तरफ से किसी भी गतिविधि के कोई सबूत नहीं हैं। एक ऐसी धारणा मजबूत होती जा रही है कि मुस्लिम समुदाय अपने पर्सनल लॉ में सुधार के लिए खुद ही पहल करे। समान नागरिक संहिता विरोधाभासी विचारधारा वाले कानूनों (पर्सनल लॉ) के प्रति निष्ठा को खत्म कर राष्ट्रीय एकता में मदद करेगी। सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि कोई भी समुदाय बिल्ली के गले में घंटी बांधने को तैयार नहीं है। यह राज्य की जिम्मेदारी है कि देश के नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करे और निश्चित तौर पर ये काम विधायिका का है। यह और बात है कि किसी भी राज्य ने इस जिम्मेदारी को निभाना उचित नहीं समझा। कांग्रेस की तत्कालीन केंद्र सरकार इसके समानांतर एक ऐसा कानून ले आई जो इस आदेश को कमजोर करने का काम करे। और यह सब मुस्लिम तुष्टीकरण और वोट की राजनीति के तहत किया गया।

**हाल ही में प्रधानमंत्री ने भोपाल से देश को पांच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात दी। कांग्रेस ने सवाल उठाया कि वंदे भारत ट्रेन का उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी ही क्यों करते हैं।**

राजनीति

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)



# शरीर में यूरिक एसिड बढ़ा सकती हैं ये चीजें

शरीर में यूरिक एसिड बढ़ने से कई तरह की समस्याएं हो सकती है। आजकल के समय में यूरिक एसिड बढ़ना काफी आम हो गया है। शरीर में यूरिक एसिड का स्तर बढ़ने से किडनी पर काफी असर होता है। किडनी को यूरिक एसिड फिल्टर करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। यूरिक एसिड एक अपशिष्ट या बेकार पदार्थ है, जो शरीर में पहले से मौजूद होता है। अगर यूरिक एसिड का स्तर शरीर में बढ़ जाए तो ये काभी गंभीर और दर्दनाक बीमारी दे सकता है। आजकल की भागदौड़ भरी जीवनशैली में यूरिक एसिड बढ़ने की समस्या काफी आम हो गई है। इस बीमारी में जोड़ों में काफी अधिक दर्द होता है।

## मोतियाबिंद उपचार

आमतौर पर शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा काफी कम होती है जो कुछ खाद्य पदार्थों के सेवन से बढ़ सकती है। इसका आमतौर पर मुख्य कारण जीवनशैली में आने वाले बदलाव और गलत डाइट होती है। यूरिक एसिड का स्तर अधिक बढ़ने से शरीर में कई तरह के बदलाव और समस्याएं देखने को मिलती है, जिसमें जोड़ों का दर्द, अकड़न जैसी समस्याएं होती है। जानकारी के अनुसार यूरिक एसिड शरीर में गंदगी की तरह जमा होता है। अगर यूरिक एसिड की मात्रा अधिक हो जाती है तो जोड़ों में दिक्कत, किडनी की बीमारी, दिल के दौरे जैसी बीमारी हो सकती है। यूरिक एसिड शरीर में यूरिन के जरिए बाहर जाता है। अगर ये शरीर में बढ़ता है तो इसके दो मुख्य कारण होते हैं जिसमें यूरिक एसिड स्तर बढ़ना और दूसरा है किडनी द्वारा पर्याप्त मात्रा में यूरिक एसिड फिल्टर न कर पाना।

## यूरिक एसिड बढ़ने पर इन चीजों के सेवन से बचें

जब शरीर में यूरिक एसिड बढ़ जाता है तो कुछ खास चीजों के सेवन से व्यक्ति को बचना चाहिए। यूरिक एसिड का स्तर बढ़ने से गाउट, गठिया और जोड़ों में दर्द की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। यूरिक एसिड बढ़ने पर कई ऐसी चीजें होती हैं जिनका सेवन करने से परहेज करना चाहिए।

## मीठे ड्रिंक्स और मीठी चीजें

- शरीर में यूरिक एसिड के बढ़ने से कई समस्याएं हो सकती है। डायबिटीज और अर्थराइटिस के अलावा गठिया के मरीजों को भी मीठी चीजों से परहेज करना पड़ता है। इन मरीजों के लिए मीठी चीजें जहर के समान होती है। दरअसल मीठी चीजों में शुगर होता है, जिसमें प्यूरीन की मात्रा काफी अधिक होती है। इससे यूरिक एसिड बढ़ने लगता है।

## कॉर्न सिरप

- कॉर्न सिरप में आर्टिफिशियल शुगर होता है। आर्टिफिशियल शुगर का उपयोग कर ही कैंडी, चॉकलेट, सॉफ्ट ड्रिंक्स आदि को बनाया जाता है। इन चीजों का नियमित और लगातार सेवन करने से यूरिक एसिड शरीर में तेजी से बढ़ता है।

## शराब

- शराब का सेवन करना यूरिक एसिड को शरीर में बढ़ाता है। इसके सेवन से शरीर से यूरिक एसिड बाहर नहीं निकल पाता है। इसमें प्यूरीन नहीं होता है मगर ये सेहत के लिए खतरनाक होती है। इसके सेवन से यूरिक एसिड बढ़ जाता है।

## रेड मीट

- रेड मीट और ऑर्गन जैसे लिवर, ब्रेन या किडनी का सेवन करना भी हानिकारक होता है। इसमें प्यूरीन की मात्रा काफी अधिक होती है। ये यूरिक एसिड को तेजी से बढ़ाने में अहम रोल निभाता है। ऐसे में रेड मीट का सेवन करने से परहेज करना चाहिए।

## सी फूड

- प्यूरीन की मात्रा सीफूड में भी अधिक होती है। सी फूड जैसे हेरिंग, स्कैलप्स, मसल्स, कॉडफिश, टूना, ट्राउट, हैडॉक आदि का सेवन करने से भी यूरिक एसिड बढ़ता है। इन चीजों का सेवन कम करना चाहिए।


❖ रितिका कमठान

# वैक्सीन ला सकती हैं कैंसर के इलाज में बदलाव

कैंसर के इलाज के में वैक्सीन एक बड़ी प्रगति साबित हो सकती है। दशकों के रिसर्च के बाद आखिरकार वैज्ञानिकों को सफलता हाथ लगी है और उनका मानना है कि अगले पांच सालों में और भी ऐसी वैक्सीन मिलने लगेंगी। वैज्ञानिक जिन वैक्सीनों पर काम कर रहे हैं वे पारंपरिक तरीके से काम नहीं करेंगी। बल्कि ये वैक्सीन ट्यूमर को सिकोड़ने और कैंसर को वापस आने से रोकने में मदद करेंगे। इस प्रायोगिक रिसर्च में स्तन और फेफड़े के कैंसर को लक्ष्य बनाया गया। इस साल जानलेवा त्वचा के कैंसर मेलानोमा और पैंक्रियाटिक कैंसर के इलाज में भी सफलता हासिल हुई है। वैज्ञानिक अब पहले से कहीं ज्यादा इस बात की समझ रखते हैं कि कैंसर, शरीर के इम्यून सिस्टम से कैसे अपने को छिपाये रखता है। कैंसर की वैक्सीन कैंसर सेल को ढूंढ़कर उनको मारने का काम करती हैं। कुछ नई वैक्सीन एमआरएनए का इस्तेमाल करती हैं जो बनाई गई तो कैंसर से लड़ने के लिए थीं, लेकिन इनका पहला इस्तेमाल कोविड-19 के लिए हुआ।

## प्रतिरक्षा कोशिकाओं को बेहतर बनाने पर जोर

डॉ नोरा डिसिस यूडब्लू मेडिसिन के कैंसर वैक्सीन सेंटर, सिएटल में काम करती हैं। उनका कहना है कि वैक्सीन को काम करने के लिए पहले उसे इम्यून सिस्टम के टी सेल को यह सिखाना पड़ेगा कि कैंसर खतरनाक है। एक बार ट्रेनिंग मिल गई तो फिर टी सेल शरीर में कहीं भी खतरे को खत्म कर सकते हैं। इलाज के लिए वैक्सीन बनाने की प्रगति चुनौतीपूर्ण रही। पहली वैक्सीन, प्रोवेंज, को 2010 में अमेरिका में मंजूरी दी गई। यह वैक्सीन फैले हुए प्रोस्टेट कैंसर के इलाज के लिए काम में लाई गई थी। इस प्रक्रिया में मरीजों की प्रतिरक्षा कोशिकाओं को लैब में प्रोसेस किया जाता है। इसके बाद उन्हें आईवी के माध्यम से शरीर में वापस डाल दिया जाता है। प्रारंभिक मूत्राशय कैंसर और उन्नत मेलानोमा के इलाज के लिए भी वैक्सीन उपलब्ध हैं।



## लंग कैंसर की यह दवा मौत का खतरा आधा कर देगी

दवा बनाने वाली कंपनियां मोडेर्ना और मर्क मिलकर मेलानोमा के मरीजों के लिए व्यक्तिगत एमआरएनए वैक्सीन विकसित कर रहे हैं। इसके लिए एक बड़ा अध्ययन इसी साल शुरू होगा। ये वैक्सीन कैंसर टिश्यू में मिलने वाले सैकड़ों म्यूटेशनों पर आधारित होंगे। व्यक्तिगत वैक्सीन का यह फायदा है कि यह इम्यून सिस्टम को बेहतर रूप से ट्रेन करके कैंसर की कोशिकाओं को मार सकते हैं। लेकिन जाहिर है यह वैक्सीन महंगे होंगे।

## वैक्सीन के लिए चाहिए स्वयंसेवी मरीज

वहीं यूडब्लू मेडिसिन में जो वैक्सीन विकसित किए जा रहे हैं, वे ज्यादा लोगों पर काम करेंगे, ना कि केवल एक मरीज पर। फिलहाल स्तन के प्रारंभिक और गंभीर कैंसर, फेफड़े और ओवेरियन कैंसर के लिए रिसर्च चल रहा है। अगले साल तक कुछ नतीजे आने की उम्मीद भी है। न्यूयॉर्क के वाइल कॉर्नेल मेडिसिन के जेनेटिसिस्ट डॉ स्टीव लिपकिन का कहना है कि कैंसर से होने वाली मौतों को रोकने की कोशिश में, (वैक्सीन शायद अगली सबसे बड़ी चीज हैं।) डॉक्टर लिकिन नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट के फंड से चल रहे एक कैंसर से बचाव विकसित करने की एक कोशिश का नेतृत्व कर रहे हैं। उनका कहना है, (हम अपना जीवन इसके लिए समर्पित कर रहे हैं।)

## बिहार के 18 जिलों में आर्सेनिक की अधिकता बनी कैंसर का कारण

वैक्सीन तैयार करने में मरीज स्वंयसेवियों की भूमिका बहुत बड़ी है। 50 साल की कैथलीन जेड को फरवरी के आखिर में स्तन कैंसर का पता चला। इसके कुछ ही हफ्तों बाद वो अपने पति के साथ वर्ल्ड टूअर पर जाने वाली थीं। 46 फीट लंबे बोट शैडोफैक्स पर सवार हो कर सेंट लॉरेंस सीवे की तरफ जाने की बजाय वो अस्पताल के बिस्तर पर एक प्रायोगिक दवा की तीसरी डोज का इंतजार कर रही हैं। उन्हें वैक्सीन दी जा रही है ताकी उनका ट्यूमर सर्जरी के पहले कुछ सिकुड़ सके। जेड का कहना है, (अगर इसमें थोड़ी बहुत भी उम्मीद हो तो भी इसका मोल है।) जेड को मानक इलाज भी दिया जा रहा है।

# फ़्लोर क्लीनिंग के दौरान ये हैक्स आएंगे बेहद काम

अगर आपके फर्श पर जिद्दी दाग या खरोंच के निशान को हटाना चाहते हैं तो इससे बेकिंग सोडा का पेस्ट बनाकर उसका इस्तेमाल करें। आप बेकिंग सोडा में थोड़ा सा पानी मिलाकर पेस्ट बनाएं। अब इस पेस्ट को दाग पर लगाएं और इसे कुछ मिनट तक लगा रहने दें। घर की क्लीनिंग करना अमूमन एक टाइम टेकिंग प्रोसेस होता है और साफ-सफाई करते हुए आपको काफी मेहनत भी करनी पड़ती है। कई बार यह देखने में आता है कि बहुत अधिक रगड़ने के बाद भी दाग साफ नहीं होते हैं। अमूमन फ़्लोर क्लीनिंग करते हुए यह अधिकतर होता ही है। फ़्लोर क्लीनिंग एक ऐसा टास्क होता है, जिसे हम सभी रोजाना ही करते हैं। ऐसे में यकीनन आप चाहेंगे कि फ़्लोर क्लीनिंग का काम झटपट खत्म हो जाए।स साथ ही साथ, फ़्लोर पर लगे सभी दाग भी आसानी से हट जाएं। अगर आप भी ऐसा ही चाहते हैं तो ऐसे में कुछ हैक्स आपके बेहद काम आ सकते हैं।



## गर्म पानी से लगाएं पोछा

फ़्लोर क्लीनिंग के काम को आसान बनाने का सबसे अच्छा तरीका है गर्म पानी का इस्तेमाल करना। अधिकतर फ़्लोर पर केवल गर्म पानी ही प्रभावी ढंग से सफाई करने में मददगार हो सकता है। इसलिए एक बाल्टी में गर्म पानी भरें और फर्श को साफ करने के लिए पोछे या माइक्रोफाइबर कपड़े का उपयोग करें। हालांकि, यह ध्यान रखें कि कुछ फ़्लोर में अत्यधिक पानी का इस्तेमाल करने से उसे नुकसान भी हो सकता है।

## विनेगर की लें मदद

यूं तो मार्केट में कई तरह के क्लीनर मिलते हैं। हालांकि, अगर आप नेचुरल तरीके से फ़्लोर क्लीनिंग करना चाहती हैं तो क्लीनर घर पर ही बनाया जा सकता है। इसके लिए आप गर्म पानी और सिरके को बराबर मात्रा में मिलाएं। आप इस मिश्रण से टाइल से लेकर लैमिनेट सहित कई तरह के फ़्लोर को आसानी से क्लीन कर सकती है। सिरका ना केवल गंदगी को आसानी से साफ करने में मदद करता है, बल्कि एक डिसइंफेक्टेंट के रूप में भी काम करता है। हालांकि, इस क्लीनिंग सॉल्यूशन से फर्श की सफाई करने से पहले एक बार पैच टेस्ट अवश्य कर लें।

## बनाएं बेकिंग सोडा का पेस्ट

अगर आपके फर्श पर जिद्दी दाग या खरोंच के निशान को हटाना चाहते हैं तो इससे बेकिंग सोडा का पेस्ट बनाकर उसका इस्तेमाल करें। आप बेकिंग सोडा में थोड़ा सा पानी मिलाकर पेस्ट बनाएं। अब इस पेस्ट को दाग पर लगाएं और इसे कुछ मिनट तक लगा रहने दें। फिर किसी सॉफ्ट ब्रश या स्पंज से धीरे से रगड़ें। बाद में साफ पानी से अच्छी तरह धो लें।

## स्टीम मॉप का करें इस्तेमाल

यह भी एक आसान हैक है, जो आपके बेहद काम आ सकता है। यदि आपके घर में टाइल या लेमिनेट का फर्श हैं, तो स्टीम मॉप से क्लीनिंग करें। स्टीम मॉप भाप का इस्तेमाल करके फर्श को बेहतर तरीके से साफ करता है। इस तरीके को अपनाने से आपको अलग से केमिकल्स का इस्तेमाल करने की जरूरत भी महसूस नहीं होती है।

❖ मिताली जैन

## सूडोकु नवताल- 6747

✱✱✱✱✲ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6746 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## दैनिक पंचांग

01 जुलाई 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति



| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | कर्क | 06.31 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | सिंह | 08.47 बजे से |
| मंगल | सिंह में | कन्या | 10.59 बजे से |
| बुध | मिथुन में | तुला | 13.09 बजे से |
| गुरु | मेष में | वृश्चिक | 15.24 ब.से |
| शुक्र | कर्क में | धनु | 17.40 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मकर | 19.45 बजे से |
| राहु | मेष में | कुंभ | 21.32 बजे से |
| केतु | तुला में | मीन | 23.05 बजे से |
| | | मेष | 00.35 बजे से |
| | | वृष | 02.15 बजे से |
| | | मिथुन | 04.13 बजे से |

राहुकाल 9.00 से 10.30 बजे तक

**शनिवार** 2023 वर्ष का 182 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** आषाढ़ **पक्ष** शुक्ल **तिथि** त्रयोदशी 23.08 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** अनुराधा 15.04 बजे को समाप्त। **योग** शुभ 22.44 बजे को समाप्त। **करण** कौलव 12.18 बजे तदनन्तर तैतिल 23.08 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 12.8 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 08' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871661 **जूलियन दिन** 2460126.5 **कलियुग संवत्** 5123 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1444 **महीना** जिल्हेज **तारीख** 12 **विशेष** प्रदोष व्रत, बीजया पार्वती व्रत, शनि त्रयोदशी, डॉक्टर्स डे, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ**- **शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7809

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | 3 | | ■ | 4 | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| ■ | 8 | | | ■ | 9 | | | ■ |
| 10 | | | ■ | 11 | | | ■ | 12 |
| 13 | | ■ | 14 | | | ■ | 15 | |
| | ■ | 16 | | | ■ | 17 | | |
| ■ | 18 | | | ■ | 19 | | | ■ |
| 20 | | | ■ | 21 | | | ■ | 22 |
| 23 | | ■ | 24 | | | ■ | 25 | |

### बाएँ से दाएँ

1. दर्द से निकली कराह-2
2. ओट,चिलमन-3
4. जरा,थोड़ा-2
6. कपड़े की दीवार-3
7. निर्माण-3
8. झगड़ा,अनबन-3
9. गहन-3
10. लाज,लज्जा-3
11. रनिवास-3
13. 500 कागजों की गड्डी-2
14. विश्राम,राहत-3
15. थोड़ा-2
16. एक कीमती लकड़ी-3
17. कैनाल,उपनदी-3
18. बूंद-3
19. मृत्युंजय-3
20. मेघ,बदरा-3
21. सम्राट,राजा-3
23. संपत्ति-2
24. विष,गरल-3
25. औषधि-2

### ऊपर से नीचे

1. अग्नि,अनल-2
2. आश्रय,शरण-2
3. लीन,मगन-2
4. कूड़ा-कर्कट-3
5. इंकार-2
6. लेखनी,पेन-3
7. करुणा,दया-3
8. कर्म,भाग्य-3
9. उष्ण-3
10. भद्र,कुलीन-3
11. अवैध,नाजायज-3
12. युद्ध,रण-3
14. आश्रय-3
15. जलजला-3
16. ठंडा-3
17. नमस्कार,प्रणाम-3
18. कद्र,मान-3
19. जो कभी वृद्ध ना हो-3
20. चील,ईगल-2
21. पथ,मार्ग-2
22. इस पर रोटी सेंकते हैं-2

शब्द पहेली -7808 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| र | व | ■ | ह | सी | न | ■ | ठ | य |
| ब | हा | ना | ■ | आ | र | गा | ■ | म |
| ■ | र | च | ना | ■ | क | पा | स | ■ |
| सा | ■ | ना | का | रा | ■ | क | र | जा |
| व | घ | ■ | म | ह | शी | ■ | ल | य |
| न | र | म | ■ | त | स | ला | ■ | क |
| ■ | ती | स | रा | ■ | ना | य | क | ■ |
| श | ■ | का | य | र | ■ | क | हा | नी |
| ह | त्या | ■ | ता | म | स | ■ | र | म |

## आज का राशिफल

**मेष राशि** : मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**वृष राशि** : समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

**मिथुन राशि** : हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा।

**कर्क राशि** : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा।

**सिंह राशि** : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

**कन्या राशि** : आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा।

**तुला राशि** : अपने काम पर नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा।

**वृश्चिक राशि** : पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**धनु राशि** : कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

**मकर राशि** : खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**कुंभ राशि** : शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।

**मीन राशि** : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी।




# 'हिंदी' में है भारतीय संस्कृति के प्रतिनिधित्व की क्षमता : राजनाथ

**एजेंसी। नई दिल्ली**

'हिंदी' में अखिल भारतीय संस्कृति के प्रतिनिधित्व की क्षमता है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि स्वतंत्रता के बाद जिन-जिन महापुरुषों ने हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने का प्रस्ताव रखा था, उनमें से अधिकांश की मातृभाषा हिंदी नहीं थी। शुक्रवार को यह बात रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कही। शुक्रवार को राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा उत्पादन विभाग के अंतर्गत हिंदी सलाहकार समिति की 14 वीं बैठक का आयोजन किया गया। रक्षा मंत्री ने हिंदी की बढ़ती लोकप्रियता का उल्लेख करते हुए कहा कि विश्व पटल पर हिंदी का प्रचार-प्रसार दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि हिंदी की बढ़ती प्रतिष्ठा के चलते, आज हिंदी सीखना समय की मांग हो



गयी है। 'एक वैज्ञानिक भाषा होने' और 'जैसा बोला जाता है वैसी लिखी जाने' जैसी विशेषताओं ने इसे लोकप्रिय भाषा बनाया है। प्रधानमंत्री द्वारा संयुक्त राष्ट्र महासभा तथा देश-विदेश में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हिंदी में किए गए संबोधन की चर्चा करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जिस तरह हिंदी को वैश्विक मंचों पर गौरवान्वित किया है, हमारे लिए प्रेरणा की बात है। इससे न सिर्फ देश, बल्कि विदेश में रहने वाले भारतीयों को भी बहुत गर्व होता है। रक्षा मंत्रालय में राजभाषा के प्रयोग के बारे में रक्षा मंत्री ने कहा कि उनका मंत्रालय हिंदी के संवैधानिक प्रावधानों और सरकार की राजभाषा नीति संबंधी निदेशों के अनुपालन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हिंदी के प्रयोग को बढ़ाने के लिए मंत्रालय ने कुछ अभिनव प्रयोग किए हैं, जिसके परिणाम उत्साहजनक और कारगर रहे हैं। उन्होंने कहा, सन 1918 में महात्मा गांधी ने इंदौर में, हिंदी साहित्य समिति की नींव रखते समय इसे राष्ट्रभाषा के रूप में चिह्नित किया था। केशवचंद्र सेन से लेकर स्वामी दयानंद सरस्वती, काका कालेलकर, बंकिमचंद्र और ईश्वरचंद्र विद्यासागर जैसे महापुरुषों ने भी हिंदी का प्रबल समर्थन किया था। ऐसे में हमारा कर्तव्य बनता है कि हम हिंदी को बढ़ावा देकर उन महापुरुषों के सपनों को साकार करें।

# 'डीयू सिर्फ विवि नहीं बल्कि एक आंदोलन है'

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की आजादी में दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि डीयू केवल एक विश्वविद्यालय नहीं बल्कि एक आंदोलन है। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृतकाल में डीयू का लक्ष्य भारत को 'विकसित भारत' बनाना होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को डीयू के शताब्दी समारोह के समापन कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित किया। उन्होंने डीयू के उत्तरी परिसर में बनने वाले प्रौद्योगिकी संकाय, कंप्यूटर केंद्र और शैक्षणिक ब्लॉक सहित तीन इमारतों की आधारशिला भी रखी। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर दो कॉफी टेबल बुक्स भी लॉन्च कीं।

प्रधानमंत्री ने दिल्ली विश्वविद्यालय पहुंचने के लिए मेट्रो की सवारी की। यात्रा के दौरान उन्होंने छात्रों से बातचीत भी की।



इस बातचीत का जिक्र उन्होंने अपने संबोधन में भी किया। उन्होंने कहा, ह्वे सूरज के नीचे हर चीज के बारे में बात करेंगे। कौन सी फिल्म देखी? ओटीटी पर वो सीरीज अच्छी है। वो वाली रील देखी या नहीं देखी? चर्चा करने के लिए विषयों का एक महासागर है। प्रधानमंत्री ने कहा, जब किसी व्यक्ति या संस्था का संकल्प देश के प्रति होता है, तो उसकी उपलब्धियां राष्ट्र की उपलब्धियों के बराबर होती हैं। उन्होंने कहा कि जब दिल्ली विश्वविद्यालय की शुरूआत हुई थी तब इसके अंतर्गत केवल 3 कॉलेज थे लेकिन आज इसके अंतर्गत 90 से अधिक कॉलेज हैं। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि भारत जिसे कभी नाजुक अर्थव्यवस्था माना जाता था वह अब दुनिया की शीर्ष 5 अर्थव्यवस्थाओं में से एक बन गया है। यह देखते हुए कि डीयू में पढ़ने वाली महिलाओं की संख्या पुरुषों की तुलना में अधिक है, प्रधानमंत्री ने बताया कि देश में लिंग अनुपात में काफी सुधार हुआ है। उन्होंने एक विश्वविद्यालय और एक राष्ट्र के संकल्पों के बीच अंतसंबंध के महत्व पर जोर दिया और कहा कि शैक्षणिक संस्थानों की जड़ें जितनी गहरी होंगी, देश की प्रगति उतनी ही अधिक होगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जब दिल्ली विश्वविद्यालय पहली बार शुरू हुआ था तो उसका लक्ष्य भारत की आजादी था, लेकिन अब जब भारत की आजादी के 100 साल पूरे होंगे तो संस्थान के 125 साल पूरे हो जायेंगे, दिल्ली विश्वविद्यालय का लक्ष्य भारत को 'विकसित भारत' बनाना होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा, ह्'पिछली सदी के तीसरे दशक ने भारत की आजादी के संघर्ष को नई गति दी, अब नई सदी का तीसरा दशक भारत की विकास यात्रा को गति देगा।

## पीएम 7 को गीता प्रेस शताब्दी वर्ष के समापन में ले सकते हैं हिस्सा

**गोरखपुर।** प्रधानमत्री नरेन्द्र मोदी का 07 जुलाई को गोरखपुर और कुशीनगर का दौरा संभावित है। प्रधानमंत्री गोरखपुर में गीता प्रेस शताब्दी वर्ष के समापन समारोह में शिरकत करेंगे और इसके बाद कुशीनगर में प्रस्तावित गौतमबुद्ध कृषि विश्वविद्यालय की आधारशिला भी रख सकते हैं। गोरखपुर और कुशीनगर जिला प्रशासन ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं। गोरखपुर जिले के आला अधिकारियों ने गुरुवार को गीता प्रेस पहुंचकर कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। गीता प्रेस के प्रबंधक लालमणि तिवारी ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की। तिवारी ने बताया कि जिला प्रशासन के लोगों ने गीता प्रेस आकर यह बताया है कि 07 जुलाई को प्रधानमंत्री मोदी का दौरा संभावित है। इस दौरान उन्होंने यहां की तैयारियों के बावत विचार-विमर्श भी किया। इस दौरान प्रधानामंत्री मोदी चित्रमय महाशिव पुराण का लोकार्पण भी करेंगे। उधर, भाजपा के विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि कुशीनगर जिले में प्रधानमंत्री का कार्यक्रम बरवां जंगल में होगा। बरवां जंगल स्थित आलू फार्म की जमीन का समतलीकरण किया जा रहा है। वहां जनसभा होने की उम्मीद है। हालांकि जिले के अधिकारी अभी प्रधानमंत्री के किसी भी कार्यक्रम से इनकार कर रहे हैं।

# विपक्ष की आवाज को दबाने की हो रही कोशिश : खड़गे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि सरकार विपक्ष को पसंद नहीं करती। इस लिए विपक्ष की आवाज को दबाने की कोशिश हो रही है। खड़गे ने राहुल गांधी की मणिपुर यात्रा को लेकर शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी हिंसा ग्रस्त राज्य मणिपुर में लोगों के सुख-दुख जानने गए हैं। वह मणिपुर में लोगों के हालात समझने, कठिनाई जानने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन उन्हें वहां रोका गया और सत्ता पक्ष ने उनकी यात्रा को ड्रामा करार दिया।

खड़गे ने कहा कि वह सत्ता पक्ष से पूछना चाहते हैं कि केन्द्रीय गृह मंत्री



अमित शाह भी मणिपुर का दौरा कर चुके हैं। ऐसे में अगर राहुल की यात्रा ड्रामा है तो गृह मत्री की यात्रा को क्या कहेंगे?

उल्लेखनीय है कि हिंसा प्रभावित राज्य मणिपुर के दो दिवसीय दौरे पर गुरुवार को राहुल गांधी मणिपुर पहुंचे। यहां उन्हें कई जगहों पर सुरक्षा कारणों का हवाला देकर रोका गया। जिसको लेकर कांग्रेस ने आपत्ति जताई है।

# दो कारों की भिड़ंत में तीन की मौत, दो अन्य घायल

**जयपुर।** राजस्थान में हनुमानगढ जिले के रावतसर थाना क्षेत्र में नोहर रोड पर दो कारों के आपस में भीषण टक्कर से तीन लोगों की मौत हो गई तथा दो अन्य घायल हो गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार देर रात्रि करीब 12 बजे हुए इस हादसे में दोनों कारों की रफ्तार बहुत तेज थी। दुर्घटना में घायल युवकों को हनुमानगढ के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना पर पुलिस ने मृतकों के शवा कों जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी है।

## मणिपुर में अमन की जरूरत, बोले राहुल गांधी

# राहत शिविरों में जरूरी चीजों की कमी है

**एजेंसी। इंफाल**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि मणिपुर को शांति की जरूरत है और राहत शिविरों में दवाओं और अन्य जरूरी चीजों की भारी कमी है। उन्होंने कहा कि सरकार को इन संकटों से उबरने के लिए तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। हिंसा प्रभावित मणिपुर के दो दिवसीय दौरे पर आए कांग्रेस नेता ने शुक्रवार को राजभवन में राज्यपाल अनुसुइया उइके से मुलाकात की। उनके साथ कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल और कई पूर्वोत्तर राज्यों के एआईसीसी प्रभारी अजॉय कुमार भी थे। राज्यपाल से मुलाकात के बाद राहुल गांधी ने कहा कि वह और उनकी पार्टी राज्य में शांति और सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। राहुल गांधी ने राजभवन के सामने मीडिया से कहा, मैं चाहता हूं कि पहले शांति बहाल हो। मैंने कुछ राहत शिविरों का दौरा किया और प्रभावित लोगों से मुलाकात की। इन राहत शिविरों में दवाओं और अन्य आवश्यक चीजों की कमी है, सरकार को कदम उठाना चाहिए।

# राज्यपाल सीएम से पूछे बिना किसी मंत्री को बर्खास्त कर ही नहीं सकते

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

तमिलनाडु के आरएन रवि इन दिनों अपने तमाम कारनामों के कारण चर्चा में हैं। वैसे तो चर्चा में प.बंगाल के पूर्व राज्यपाल व वर्तमान राज्यपाल भी हैं । महाराष्ट्र के पूर्व व वर्तमान राज्यपाल, झारखंड के पूर्व राज्यपाल , केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान भी कई कारणों व अपने कर्मों को लेकर हैं।लेकिन तमिलनाडु के राज्यपाल पर सबसे ज्यादा केंद्र का खैरख्वाह बनने का आरोप लगने लगा है। उन्होंने सीधे एक मंत्री को बर्खास्त करके संवैधानिक संकट खड़ा कर दिया। जबकि उनको पता होगा, उनके विधिक सलाहकार ने बताया होगा कि 1974 में सर्वोच्च न्यायालय ने राज्यपाल शमशेर सिंह बनाम पंजाब के फैसले में कहा था कि राज्यपाल अपनी संवैधानिक शक्तियों का इस्तेमाल केवल और केवल मुख्यमंत्री की सलाह पर ही कर सकेगा।हालांकि फंसने व भद्द होने के बाद उन्होंने अपने आदेश को वापस लेकर कानूनी सलाह मांगी है। लेकिन तमिलनाडु के इस महामहिम आरएन रवि ने सेंथिल बालाजी को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करके एक नया संकट तो खड़ा कर ही दिया। जबकि सर्वोच्च न्यायालय की संवैधानिक बेंच ने अपने एक अहम फैसले में राज्यपाल को उसकी हद बता रखी है। लेकिन फिर भी आरएन रवि ने मंत्री को सरकार से बाहर का रास्ता दिखा ही दिया। हालांकि कुछ घंटों बाद ही उन्होंने अपने आदेश को वापस लेकर कानूनी सलाह मांगी है। लेकिन तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने राज्यपाल के पहले के फैसले को कोर्ट में चुनौती दे रहे हैं। इस तरह मामला अब यहीं पर थमने वाला नहीं है। अब राज्यपाल की शक्तियों को अदालत और ज्यादा परिभाषित कर सकती है।

# गुजरात के हालोल में दीवार गिरने से चार बच्चों की मौत

**हालोल (गुजरात)।** गुजरात के हालोल के एक कारखाने की दीवार अस्थायी तंबू पर गिरने के चलते पांच साल से कम उम्र के चार बच्चों की मौत हो गई। यह घटना गुरुवार को गुजरात के पंचमहल जिले के हालोल तालुका में भारी बारिश के बाद हुई। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में दो बच्चों सहित पांच अन्य लोग घायल हो गए। जिन बच्चों की मौत हुई है, उनमें चिरिराम डामोर (5), अभिषेक भूरिया (4), गुनगुन भूरिया (2) और मुस्कान भूरिया (5) शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, प्रभावित परिवार हालोल तालुका के चंद्रपुरा गांव में एक रासायनिक कारखाने के पास स्थित एक निर्माण स्थल पर मजदूर के रूप में काम करते हैं।

# कांग्रेस की सरकार में बहुसंख्यक समाज के साथ हुआ अन्याय : शाह

**एजेंसी। उदयपुर**

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राजस्थान में चुनावी बिगुल फूंकते हुए मेवाड़ की धरती से आह्वान किया है कि तीन-डी यानी- दंगा, महिलाओं से दुर्व्यवहार और दलितों पर अत्याचार वाली गहलोत सरकार को मूल समेत उखाड़ फेंकना है। शाह ने 2023 में राजस्थान और 2024 में केंद्र में नरेन्द्र मोदी के हाथ फिर मजबूत करने का भी आह्वान किया। गृहमंत्री शाह शुक्रवार को उदयपुर के महाराणा भूपाल स्टेडियम में मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित जनसभा को संबोधित



कर रहे थे। शाह ने राजस्थान की गहलोत सरकार को भ्रष्ट और तुष्टीकरण की नीति पर चलकर बहुसंख्यक समाज के साथ अन्याय करने वाली सरकार बताया। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार आतंकवाद एवं आतंकवादी संगठन पीएफआई पर लगाम कसती है और यहां कांग्रेस की गहलोत सरकार कोटा में पीएफआई को रैली के लिए अनुमति प्रदान करती है। चित्तौड़ में रतन सोनी हत्याकांड, करौली में हिंदू त्योहारों पर प्रतिबंध, संघ के पथ संचलन पर प्रतिबंध, अलवर में शिव मंदिर ढहाने, भगवा पताकाओं पर प्रतिबंध लगाकर इस सरकार ने तुष्टीकरण को बढ़ावा दिया है। शाह ने जयपुर बम ब्लास्ट मामले में सभी आरोपितों के छूट जाने पर भी गहलोत सरकार को आड़े हाथों लिया और कहा कि इस सरकार के एडवोकेट जनरल को पेशी पर जाने की फुर्सत ही नहीं मिली।

## संसदीय समिति ने सरकार से कहा

# दर्जन भर कानून के नियम बनने में हो रहा विलंब

**एजेंसी। नई दिल्ली**

वक्फ बोर्ड संशोधन अधिनियम, राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग अधिनियम सहित एक दर्जन कानून बनने के काफी समय गुजर जाने के बाद भी इनके नियम तैयार नहीं हुए है तथा संसद की एक समिति ने शुक्रवार को संबंधित मंत्रालयों से इस कार्य में तेजी लाने को कहा। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि कई कानूनों के अस्तित्व में आने के काफी समय गुजरने के बाद भी नियम तैयार नहीं हुए हैं । ऐसे में राज्यसभा की अधीनस्थ विधान संबंधी समिति ने इन अधिनियमों के तहत नियम या विधान तैयार होने में हुए विलंब के कारणों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि इस विषय पर संबंधित मंत्रालयों/विभागों ने नियम तैयार करने को लेकर कुछ समय मांगा है और उनसे इस कार्य में तेजी लाने को कहा गया है।

सूत्रों के अनुसार राज्यसभा की अधीनस्थ विधान संबंधी समिति ने जिन अधिनियमों तहत अधीनस्थ विधान या नियम तैयार करने में हुई देरी पर विचार किया गया, उनमें वक्फ बोर्ड संशोधन अधिनियम 2013, राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग अधिनियम 2019, राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग अधिनियम 2020, राष्ट्रीय भारतीय आयुर्विज्ञान प्रणाली आयोग अधिनियम 2020, आयुर्वेद शिक्षण और अनुसंधान संस्थान अधिनियम 2020 शामिल हैं।

इसमें सिक्किम विश्वविद्यालय अधिनियम 2006, त्रिपुरा विश्वविद्यालय अधिनियम 2006, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2007, केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009, भारतीय प्रबंध संस्थान अधिनियम 2017, केंद्रीय विश्वविद्यालय संशोधन अधिनियम 2019 और केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय अधिनियम 2020 शामिल हैं।

## विकास पीएम 4 राज्यों को जोड़ने वाले ग्रीन कॉरिडोर का 8 को करेंगे लोकार्पण

# अमृतसर से जामनगर अब 12 घंटे में होगा पूरा

**एजेंसी। बीकानेर**

प्रधानमंत्री 8 जुलाई को राजस्थान के बीकानेर में अमृतसर से जामनगर के बीच ग्रीन एक्सप्रेस हाईवे का लोकार्पण करेंगे। इस दौरान बीकानेर के पास ही नौरंगदेसर में प्रधानमंत्री एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

केन्द्रीय कानून मंत्री और बीकानेर के सांसद अर्जुन राम मेघवाल ने शुक्रवार को बताया कि 8 जुलाई प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ग्रीन एक्सप्रेस हाईवे के साथ ही केंद्र सरकार के अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। उन्होंने बताया कि रेत के धोरों के बीच ग्रीन कॉरिडोर काफी आकर्षक नजर आता है। हाईवे से नीचे उतरने व चढ़ने के लिए कई



मोड़ बनाए गए हैं।

प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम को लेकर केंद्रीय मंत्री मेघवाल शनिवार, 1 जुलाई को बीकानेर में जिला प्रशासन के साथ एक बैठक करेंगे। उल्लेखनीय है कि 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक लागत से एक्सप्रेस हाईवे के बनने से अमृतसर से जामनगर के बीच 23 घंटे का सफर घटकर महज 12 घंटे रह जाएगा। इस एक्सप्रेस-वे से राजस्थान के 5 जिले भी जुड़ेंगे। हाईवे के बीच में जगह-जगह मिड-वे होटल्स, टोल प्लाजा, पेट्रोल पंप व चार्जिंग सेंटर भी बनाए जा रहे हैं। छह लेन का हाईवे चार राज्यों को जोड़ेगा। यह छह लेन हाईवे पंजाब के अमृतसर से प्रारंभ होकर गुजरात के जामनगर तक कुल 1316 किलोमीटर दूरी को तय करता है। इस हाईवे की कुल लागत 20 हजार 868 करोड़ रुपये हैं। यह हाईवे चार राज्यों पंजाब, हरियाणा राजस्थान व गुजरात को जोड़गा। महत्वपूर्ण ग्रीन फील्ड परियोजना अमृतसर, बठिंडा, सनारिया, बीकानेर, सांचौर, समाखियाली, जामनगर जैसे औद्योगिक केन्द्रों को आपस में जोड़ता है।

पश्चिमी राजस्थान के ये जिले जुड़ेंगे

इस हाईवे राजस्थान के उत्तर-पश्चिमी सीमा से निकलकर हनुमानगढ़, बीकानेर, जोधपुर, बाड़मेर, जालोर जिलों से गुजरेगा। इससे बीकानेर से जोधपुर, बाड़मेर व जालोर के बीच का समय भी कम हो जाएगा। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी भारतमाला योजना के अन्तर्गत 820.26 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित रायसिंहनगर-अनूपगढ़- पूगल तक की 162.46 किलोमीटर लंबी सड़क का भी शुभारंभ करेंगे।




# हर साल सिर्फ 2 ही फिल्में करूंगी: सोनम कपूर

**मैटरनिटी** ब्रेक से लौटी बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनम कपूर आहूजा ने कहा है कि वह फिल्मों को लेकर बहुत सेलेक्टिव रहेंगी और हर साल दो ही प्रोजेक्ट करेंगी। एक्ट्रेस अपने परिवार के साथ क्वालिटी टाइम बिताना चाहती हैं और साल में दो फिल्में करने से वह बेहतर तरीके से टाइम को मैनेज कर सकती हैं। उसी के बारे में बात करते हुए, सोनम ने कहा, मैंने दो साल की छुट्टी ले ली क्योंकि मैं प्रेग्नेंट थी



और फिर अपने बेटे के साथ कुछ समय बिताना चाहती थी। अभी दो साल पूरे नहीं हुए हैं और मैंने दो प्रोजेक्ट पर साइन किए हैं, एक शो और एक फिल्म, जिस पर मैं काम करना शुरू करूंगी। यह अगले साल रिलीज होगी, क्योंकि फिल्में इसी तरह चलती हैं।

# रितेश पांडेय की अपकमिंग फिल्म 'तू तू मैं मैं' का फर्स्ट लुक आउट

**भोजपुरी** सिने जगत में अपने अभिनय से दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बनाने वाले अभिनेता रितेश पांडेय की अपकमिंग फिल्म "तू तू मैं मैं" का फर्स्ट लुक आउट हो गया। फिल्म का फर्स्ट लुक जियो स्टूडियोज ने जारी किया है, जो एक हॉरर कॉमेडी फिल्म है। विभिन्न भाषाओं के समृद्ध कंटेन्ट के साथ जियो स्टूडियोज ने अपनी एक



अलग पहचान बनाई है, जिसका एक उदाहरण भोजपुरी भी है। जहां एक बार फिर से भोजपुरी के सुपरस्टार के साथ फिल्म 'तू तू मैं मैं' पर जियो स्टूडियोज की मुहर लग गई है। बहरहाल, जियो स्टूडियोज प्रस्तुत फिल्म "तू तू मैं मैं" में रितेश पांडेय, विक्रांत सिंह राजपूत, मधु शर्मा, यामिनी सिंह प्रमुख भूमिका में हैं। जबकि फिल्म में भोजपुरी के सबसे वसेर्टाइल एक्टर अवधेश मिश्रा, प्रकाश जैश, केके गोस्वामी, महेश आचार्य और देव सिंह जैसे दिग्गज कलाकारों की मौजूदगी में यह फिल्म और भी खास नजर आ रही है, जिसकी एक झलक फिल्म के फर्स्ट लुक में भी दिखाई दे रही है। फिल्म का ट्रेलर 1 जुलाई 2023 को रिलीज होने वाला है, लेकिन उससे पहले फिल्म के फर्स्ट लुक दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। इसमें सभी कलाकारों के चेहरे की भाव-भंगिमा फिल्म को लेकर उत्सुकता पैदा करने वाली है। यूं कहें कि फिल्म के फर्स्ट लुक ने सिने प्रेमियों के बीच निश्चित रूप से उत्साह और दिलचस्पी पैदा कर दी है। वैसे आपको बता दें कि जियो स्टूडियोज प्रेजेंट्स व मैडज मूवीज और एक्कुअल मूवीज प्रोडक्शन की फिल्म 'तू तू मैं मैं' की निमार्ता ज्योति देशपांडे, अविनाश रोहरा, समीर आफताब और वेंकट महेश हैं।





# हूल दिवस के याद्धा सिद्धू-कान्हू को श्रद्धासुमन अर्पित की गई

## कांग्रेस अध्यक्ष ने हूल दिवस पर क्रांतिवीरों को किया याद

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने शुक्रवार को सिद्धू-कान्हू पार्क में स्थित सिद्धू-कान्हू के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित की। इसके बाद हूल क्रांति दिवस के अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश कार्यालय में भी अमर नायक सिद्धू-कान्हू के चित्र पर माल्यार्पण किया। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि झारखंड के महान सपूत सिद्धू-कान्हू एवं चांद-भैरव ने 150 वर्ष पूर्व अंग्रेजों के शोषण और अत्याचार के खिलाफ स्वाभिमान एवं आत्मसम्मान के लिए संघर्ष का बिगुल फूंका था। यह आन्दोलन 1857 के स्वतंत्रता आन्दोलन की पृष्टभूमि थी। यह सबसे अधिक संगठित और सशक्त आन्दोलन था। संथाली अपनी माट्टी के खातिर कुर्बान होने को तैयार हो गए। एक छोटे से गांव से शुरू हुआ हूल से पूरे संथाल में उर्जा का संचार हुआ, जो हूल दिवस के नाम से जाना जाता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष बन्धु तिर्की, अमुल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, मदन मोहन शर्मा, रवीन्द्र सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, सतीष पॉल मुंजनी, सहित अन्य कांग्रेस नेता मौजूद थे।

## भाजपा ने सिदो-कान्हू को किया नमन



**रांची।** राजधानी रांची के हरमू रोड स्थित भाजपा प्रदेश मुख्यालय में शुक्रवार को पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हूल क्रांति के नायक सिदो-कान्हू को नमन किया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि अंग्रेजों के खिलाफ देश में हुए प्रथम विद्रोह की याद में मनाए जाने वाले हूल दिवस पर शहीदों को वे नमन करते हैं। उन्होंने कहा कि हूल क्रांति या संथाल विद्रोह को आदिवासी समुदाय अपने संघर्ष और अंग्रेजों के द्वारा मारे गए अपने 20 हजार लोगों की याद में मनाते हैं। यह विद्रोह आदिवासियों की संघर्ष गाथा और उनके बलिदान को आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों के छक्के छुड़ाने वाले नायकों को याद करने का खास दिन है। श्री प्रकाश ने कहा कि आज हम उनकी दी हुई आजादी को याद करते हैं। उन्होंने देश की आजादी में अपने आपको न्यौछावर कर दिया। हमलोगों को उनके पद चिन्हों पर चलकर ही आगे का विकास करना होगा। उनके सपनों को पूरा करना देश और झारखंडवासियों को कर्तव्य हैं। आज देश को आजादी बहुत ही मुश्किल से मिली है। इस मौके पर प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, विधायक सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता समेत कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## रांची में अभाविप ने हूल क्रांतिकारियों को किया याद



नवीन मेल संवाददाता। रांची अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) रांची महानगर ने हूल दिवस पर रांची स्थित सिदो-कान्हू पार्क में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि हूल क्रांतिकारियों का बलिदान हिंदुस्तान कभी नहीं भूलेगा। आज का दिन झारखंड के लिए गौरव का दिन है। क्योंकि, अंग्रेजों के खिलाफ आजादी का बिगुल 1855 में सबसे पहले झारखंड के वीर सपूत सिदो-कान्हू और चांद भैरव ने जगाई थी। उन्होंने कहा कि आजादी की पहली लड़ाई सन 1857 में मानी जाती है लेकिन झारखंड के जनजातीय समाज ने 1855 में ही विद्रोह का झंडा बुलंद कर दिया था। अंग्रेजों और आंदोलनकारियों की लड़ाई में चांद और भैरव शहीद हो गए। साथ ही सिदो-कान्हू के करीबी साथियों को पैसे का लालच देकर दोनों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। फिर 26 जुलाई को दोनों भाइयों को भोगनाडीह गांव में खुलेआम एक पेड़ पर टांगकर फांसी की सजा दे दी गई। इस विद्रोह में सैकड़ों क्रांतिकारियों ने जान की प्रवाह न करते हुए आजादी की लडाई लड़ी। इस मौके पर प्रान्त सह कोषाध्यक्ष शुभम प्रोहित, प्रेम प्रतीक, अटल पांडेय, अवधेश ठाकुर, मुन्ना यादव, खुशबू हेमरोम, हर्ष राज, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संथाल विद्रोह के शहीदों को याद कर रहा झारखंड



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** कृतज्ञ राष्ट्र हूल दिवस पर उन अमर शहीदों को याद कर रहा है, जिन्होंने देश में 1857 से पहले ही संथाल विद्रोह कर अंग्रेजी शासन को चुनौती दी थी। 30 जून 1855 को अपनी माटी की आजादी के लिए सिदो कान्हू, चांद भैरव, फूलो झानो ने अपना बलिदान दिया, उन्हें हूल दिवस पर याद किया जा रहा है। इसको लेकर प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।इसे भी पढ़ें- हूल दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होने साहिबगंज पहुंचे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, करोड़ों की देंगे सौगातरांची के सिदो कान्हू पार्क में स्थापित अमर शहीदों की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों का तांता लगा रहा। झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल, आजसू, भाजपा सहित अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं-कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने सिदो कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय, सुप्रियो भट्टाचार्य, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, झामुमो के जिलाध्यक्ष मुस्ताक अहमद, सचिव हेमलाल मेहता हेमू, महिला राजद के प्रदेश अध्यक्ष रानी कुमारी, पूर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव, सरना धर्म के पाहन जगलाल पाहन ने अमर शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

# नागपुरी फिल्म नासूर हुई हिट, पर्दे पर मचा रही धूम



**नवीन मेल संवाददपाता। रांची** झारखंड में नागपुरी भाषा में बनी फिल्म नासूर की इन दिनों खूब चर्चा हो रही है। दर्शकों की डिमांड पर इस फिल्म को दूसरे हफ्ते भी पर्दे पर जारी रखा गया है। इस फिल्म को देखने का लोगों में इतना क्रेज है कि टिकट के लिए लोगों की भीड़ लगी रहती है। शुरूआती दिनों में लोगों को टिकट भी नहीं मिल रही थी। उन्हें मायूस होकर सिनेमा हॉल से वापस जना पड़ रहा था। बॉलीवुड फिल्मों का दबदबा होने के कारण क्षेत्रीय भाषा में बनी फिल्म को शुरू में स्क्रीन नहीं मिल रही थी। इसलिए जेडी हाई स्ट्रीट मॉल के एक ही स्क्रीन पर इस फिल्म को रिलीज किया गया। लेकिन नागपुरी दर्शकों की भीड़ ने फिल्म मेकर्स और कलाकारों का उत्साह बढ़ा दिया है। दर्शकों का इतना प्यार मिला की फिल्म के प्रदर्शन अवधि को सात दिनों के लिए बढ़ाया पड़ा। फिल्म के प्रोड्यूसर-डायरेक्टर राजीव सिन्हा का कहना है कि नासूर मेरी दूसरी फिल्मों से थोड़ी अगल है। इस फिल्म में सामाजिक मुद्दे को उठाया गया है। राजीव का कहना है कि झारखंड में आज भी डायन कहकर लोगों को मार दिया जाता है। इसलिए इस सब्जेक्ट पर फिल्म बनाई गई है। फिल्म में प्रेम कहानी और बदले की आग के साथ-साथ मनोरंजन भी भरपूर है। फिल्म में कलाकारों ने अपने किरदार को जबरदस्त तरीके से निभाया है। अभिनेता विवेक नायक ने लीड रोल किशन के रूप शानदार एक्टिंग की है। वहीं शिवानी गुप्ता ने रज्जो के रोल को जीवंत कर दिया है। विनय कुमार अंबष्ठ ने तांत्रिक के रूप में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाया है। वहीं चित्रा मुखर्जी, प्रकाश पाठक और सुखमर मुखर्जी ने भी अपने अभिनय से लोगों के दिल पर अपनी छाप छोड़ी है। पर्दे के पीछे भी राजीव सिन्हा के अलावा पंकज गोस्वामी, श्रीकांत इंदवार, उपेंद्र पाठक, प्रह्लाद, यूके नायर और मनोज प्रेमी ने बेहतरीन काम किया है।

## सीआईपी में शोधकर्ताओं के लिए सांख्यिकी विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

**रांची।** केंद्रीय मनोचिकित्सा संस्थान ने झारखंड सांख्यिकी सोसायटी (जेएसएस) के सहयोग से शुक्रवार को राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस पर 'शोधकताओं के लिए सांख्यिकी' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। सीआईपी के निदेशक प्रो. (डॉ.) बासुदेब दास ने अतिथि वक्ताओं के साथ सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रांची विश्वविद्यालय के सामाजिक विज्ञान संकाय की डीन प्रोफेसर मधुमिता दास गुप्ता थीं। डॉ. एसबी जेएसएस के सचिव सिंह ने योगदान के बारे में बात की और प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस ने किए गए कार्यों पर जोर दिया। तत्पश्चात सभी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन आयोजन सचिव हरिओम पचौरी ने किया।

## विधायक मथुरा महतो ने दी सिदो-कान्हू को श्रद्धांजलि



**रांची ।** सत्तारूढ़ दल झारखंड मुक्ति मोर्चा के मुख्य सचेतक सह टुंडी विधायक मथुरा महतो ने आज 'हूल दिवस' के अवसर पर अपने आवास में हूल क्रांति के महानायक सिदो-कान्हू के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सिदो और कान्हू भाइयों की अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध विद्रोह में उनके योगदान को झारखंड और देश की जनता भुला नहीं सकती। उन्होंने इस अवसर पर हुल दिवस के सभी नायकों को भी नमन किया इस मौके पर फूलचंद किस्कू, श्रवण टुडू, इंद्रालाल बास्की, राजीव रंजन, राजेश कच्छप, राजेश महतो, प्रदीप महतो उपस्थित थे।

## उत्पादन | चालु खरीफ मौसम में किसानों को बीएयू कुलपति की सलाह

# टांड़ भूमि में मोटे अनाज की खेती को प्राथमिकता दें किसान



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** राज्य में मानसून का करीब एक सप्ताह देर से आगमन हुआ। मानसून की बारिश से खेती योग्य में टांड़ (ऊपरी) भूमि में खरीफ कृषि कार्यो के अनुकूल स्थिति है। जो अगले कुछ दिनों तक टांड़ भूमि के उपयुक्त रहेगी। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने ऐसी स्थिति में किसान भाइयों को टांड़ भूमि में मोटे अनाजों (मिल्लेट्स) की खेती को प्राथमिकता देने की सलाह दी है। चालु खरीफ मौसम में खरीफ फसल की बुवाई का उपयुक्त समय 30 जून तक ही है। कुलपति ने अगले 3-4 दिनों में राज्य के किसानों को सभी खरीफ फसलों जैसे - मडुआ, गुन्दली, बाजरा (मिल्लेट्स फसलें), मकई, अरहर, उरद एवं सोयाबीन की बुवाई का कार्य पूरी करने की सलाह दी है। राज्य की भूमि एवं जलवायु मिल्लेट्स की खेती के लिए काफी उपयुक्त है। आज पूरा विश्व अंतरराष्ट्रीय मिल्लेट्स वर्ष झ्र 2023 मना रहा है। मिल्लेट्स को अब सुपर फूड कहा जाता है। देश-विदेश में मिल्लेट्स की काफी मांग और ज्यादा कीमत है। केंद्र एवं झारखंड सरकार भी इसकी खेती को बढ़ावा दे रही है। कुलपति कहते है कि प्रदेश के किसान भाईयों को चालु खरीफ मौसम में मिल्लेट्स की उन्नत खेती को प्राथमिकता देकर अधिकाधिक लाभ लेनी चाहिए। झारखंड में मडुआ फसल सदियों से प्रचलित है और गुन्दली खरीफ मौसम में तैयार होने वाली पहली फसल है। जबकि बाजरा को अन्न तथा बाजरा पौधे को चारा फसल में उपयोग किया जाता है। बाजरा की ज्यादातर खपत एवं मांग नवंबर से फरवरी माह तक होती है। मिल्लेट्स के लिए टांड़ जमीन (टांड़ 2 या 3) उपयुक्त होती हैं, क्योंकि ऐसे भूमि में पानी का जमाव नहीं होता है। इसे कमजोर जमीन में भी कम लागत एवं कम सिंचाई में आसानी से उगाया जा सकता है। सफल खेती के लिए खेत को अच्छी तरह जोतकर खेतों में 40 क्विंटल प्रति हेक्टेयर की दर से सड़ी गोबर खाद या कम्पोस्ट बिखेर दें और खेत जोतकर मिट्टी में अच्छी तरह मिलायें और पाटा चलाकर खेतों को समतल कर लें, ताकि खेत में जल-जमाव नहीं हों। बीएयू ने प्रदेश के उपयुक्त 105-120 दिनों में तैयार होने वाली मडुआ की चार किस्में-बिरसा मडुआ-2, बिरसा मडुआ- 3, ए - 404 व बिरसा सफेद मडुआ विकसित की है। इनकी औसतन उपज क्षमता 24-30 क्विंटल प्रति हेक्टेयर है। 55-60 दिनों में तैयार होने वाली बिरसा गुन्दली -1 किस्म की उपज क्षमता 7-8 क्विंटल प्रति हेक्टेयर है। बाजरा में अन्न/दाना के लिए पूसा- 443, एचवी झ्र 216, एचवी -67, कोवरी सुपर बॉस और चारा के लिए जॉइंट बाजरा अनुशंसित किस्में है। राज्य के किसान मडुआ की सीधी बोवाई अगले 3-4 दिनों में अवश्य पूरी कर लें। रोपाई हेतु 2-3 दिनों में पौधशाला (नर्सरी) में बीज की बोवाई करें। 21-25 दिनों वाली बिचड़े का रोपनी करें। 35 दिनों वाली पुराणी बिचड़ों की रोपनी भी कर सकते है। बिचड़े की रोपाई जुलाई माह के तीसरे सप्ताह तक अवश्य कर लेनी चाहिए। गुन्दली की बोवाई अगले 3-4 दिनों में तथा बाजरा की बोवाई जुलाई माह तक कर लेनी चाहिए। मडुआ एवं गुन्दली की बोवाई में 8-10 किलो बीज प्रति हेक्टेयर का प्रयोग तथा बोवाई कतारों में 20-25 से. मी. की दुरी पर करें।

## पृष्ट एक का शेष

**अमर वीर शहीद सिदो-कान्हू...** हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, फूलो - झानो आशीर्वाद योजना, कृषि ऋण माफी योजना, नीलाम्बर- पीताम्बर जल समृद्धि योजना, जैसी कई योजनाएं सरकार चला रही है। इन योजनाओं से आप जुड़े और अपने को सशक्त बनाएं। आपका सशक्तिकरण राज्य को सशक्त बनाएगा।

**बच्चे पढ़ाई पर ध्यान दें, सरकार उठाएगी खर्च :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने की दिशा में सरकार ने कई कदम उठाए हैं। सरकार ने स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की शुरूआत की है। यहां निजी विद्यालयों की तर्ज पर गरीब बच्चों को निशुल्क अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा दी जा रही है। वहीं अन्य सरकारी विद्यालयों में सभी जरूरी संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं । इतना ही नहीं प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी से लेकर मेडिकल इंजीनियरिंग और अन्य कोर्स की पढ़ाई के साथ विदेशों में भी उच्च शिक्षा के पूरा खर्च सरकार वाहन करेगी। बच्चे सिर्फ अपनी पढ़ाई पर ध्यान दें।

**मुख्यमंत्री ने दी ये सौगातें :** मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 16434. 841 लाख रुपए की कुल 616 योजनाओं का उद्घाटन शिलान्यास किया इसमें 1571.277 लाख रुपए की 99 योजनाओं का उद्घाटन और 14863.564 लाख रुपए की 517 योजनाओं की आधारशिला रखी। इनमें सदर अस्पताल, साहिबगंज में जेन नेक्स्ट ई -हॉस्पिटल सिस्टम का शुभारंभ, भोगनाडीह में फूलो झानो स्मृति पार्क और रांगा थाना के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन शामिल है। सिस्टम इस मौके पर उन्होंने लाभुकों के बीच 12 करोड़ 80 लाख 27 हजार 900 रुपए की परिसंपत्तियां बांटी। इसके अलावा चिकित्सकों और नवनियुक्तों को मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र सौंपा। इस अवसर पर सांसद विजय हांसदा, पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मु और साहिबगंज जिले के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक समेत के पदाधिकारी मौजूद थे।

**दहेज हत्या के दो अलग-अलग...** मोटरसाइकिल की मांग करने लगा। मांग पूरा नहीं होने पर उसे शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगा। पूजा देवी ने इस संबंध में महिला थाना में 10 जून 2021 को आवेदन दिया था। जिसका सन्हा नंबर 9/ 2021 दर्ज किया गया था। अभियुक्त द्वारा पूजा देवी की हत्या 20 जून 2021 को का गला दबाकर कर दी गई थी। अदालत ने साक्ष्य के आधार पर दोषी पाते हुए पति राकेश कुमार को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। सास ससुर का मामला अलग से चल रहा है। वहीं पीड़ित परिवार को झारखंड पीड़ित प्रतिकर अधिनियम के तहत सरकारी राशि दिलाने हेतु डालसा को अनुशंसा की गई है।

**जेजेएमपी का एरिया कमांडर...** पर एएसपी के नेतृत्व में कार्रवाई की गई थी और जेजेएमपी के सात उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन विकास और प्रमोद मौके से फरार हो गए थे। उसके बाद से पुलिस प्रमोद की तलाश में लगातार जुटी हुई थी।

**झामुमो कार्यकर्त्ताओं ने हुल...** को गुजुकमाड़ यानी कि जमींदार, महाजन, पुलिस और सरकारी अमलों का नाश हो, बुलंद किया। इन विद्रोहियों को सबक सिखाने के लिए अंग्रेजों ने नृशंसता की सारी हदें पार कर दीं। एक तरफ चांद और भैरव को अंग्रेजों ने मृत्यु दंड दिया। इसके बाद सिद्धो और कान्हो को भोगनाडीह में ही पेड़ से लटकाकर 26 जुलाई, 1855 को फांसी दे दी गई। कहा जाता है कि 20 हजार आदिवासियों को मौत के घाट उतार दिया गया था। मौके पर झामुमो प्रखड अध्यक्ष अभिजीत किशोर, झामुमो नेता हिफाजत अंसारी, बिनोद यादव, अजय बैठा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

**शादी का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य...** माता-पिता को भी दी जाएगी। इसके अलावा शादी के लिए लड़कियों की उम्र सीमा भी बढ़ाई जाएगी। शादी का हर हाल में रजिस्ट्रेशन जरूरी किया जाएगा। अगर कपल ने रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है तो उसे सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिलेगा। इसके अलावा पोलीगेमी या बहुविवाह पर रोक लगाई जाएगी। इतना ही नहीं इस ड्राफ्ट में हलाला और इद्दत को भी शामिल किया गया है। ड्राफ्ट में इस पर रोक लगाई गई है।

**मैसाचुसेट्स लेखक...** मामला अब कोर्ट में पहुंचने लगा है। संभव है अन्य देशों में भी इस तरह के मुकदमे हों। क्योंकि इन ऐप के मार्फत इन्हें बनाने वाली कंपनियां ही मालामाल हो रही हैं। लेकिन हाई क्वालिटी की पुस्तक लिखने वाले लेखक या शोधकर्ता को कापी राइट के बाद भी कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। एआई टूल के मार्फत उसके लेखन को चुरा कर उपयोग कर लिया जा रहा है, बेचा जा रहा है।

# एशियाई कबड्डी : भारत ने ईरान को हराकर जीता खिताब

**एजेंसी। बुसान**

भारत ने शुक्रवार को डोंग-यूई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी सियोकडांग सांस्कृतिक केंद्र में खेले गए फाइनल में ईरान को 42-32 से हराकर एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप का खिताब दोबारा हासिल किया। अब तक खेले गए पिछले नौ संस्करणों में यह भारत का आठवां खिताब था जबकि ईरान ने एक बार 2003 में खिताब जीता था। खेल के पहले पांच मिनट में भारत ईरान से पिछड़ गया। हालांकि, डिफेंडरों के कुछ टैकल पॉइंट और पवन सहरावत और असलम इनामदार की सफल रेड ने 10वें मिनट में ईरान को मैच का पहला ऑल-आउट दे दिया। भारत ने ईरानियों पर दबाव बनाना जारी रखा और एक और ऑल-आउट किया और पहले हाफ के अंत में, भारत ने अंतिम अवधि में 23-11 से बढ़त बना ली।



ऑलराउंडर मोहम्मदरेजा चियानेह ने दूसरे हाफ में दो अंकों की रेड के साथ ईरानी टीम के लिए वापसी करने की कोशिश की, जिसके बाद एक सुपर रेड ने 29वें मिनट में भारत को पहला ऑल-आउट करने में मदद की। इस हाई-वोल्टेज मुकाबले में दोनों टीमें अपना पूरा जोर लगा रही थीं, लेकिन भारत ने 42-32 से जीत हासिल कर ली। इससे पहले दिन में, भारत ने टूनार्मेंट के लीग चरण को अपराजित समाप्त करने के लिए हांगकांग को 64-20 से हराया था। भारत ने लीग चरण में सभी पांच मैच जीते और अंक तालिका में शीर्ष पर रहा। ईरान लीग चरण में भारत से हारकर दूसरे स्थान पर रहा और फाइनल में पहुंचा। भारतीय कबड्डी टीमों के लिए अगली बड़ी चुनौती 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक चीन के हांगझाऊ में होने वाले आगामी एशियाई खेल होंगे। ईरान, जिसने 2018 में जकार्ता में सेमीफाइनल में भारत को हराया था, महाद्वीपीय बहु-खेल में गत चैंपियन होगा।

### राष्ट्रीय जूनियर महिला हॉकी 2023

# कर्नाटक व मप्र ने जीत दर्ज की

**एजेंसी। राउरकेला**

हॉकी कर्नाटक और हॉकी मध्य प्रदेश ने गुरुवार को यहां बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में 13वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2023 के तीसरे दिन अपने-अपने पूल मैचों में जीत दर्ज की। दिन के पहले मैच में हॉकी कर्नाटक ने पूल ई में ले पुडुचेरी हॉकी को 4-0 से हराया। हॉकी कर्नाटक के लिए यमुना (6', 19', 53') ने हैट्रिक बनाई जबकि डेचम्मा पीजी (55') ने एक गोल किया। दिन के दूसरे मैच में हॉकी मध्य प्रदेश ने हॉकी जम्मू एवं कश्मीर को 21-0 से हराया। भूमिक्षा साहू (11', 16', 17', 18', 52', 52') ने हॉकी मध्य प्रदेश की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, उन्होंने छह गोल किए। सोनम ने



पांच गोल करके अपनी टीम को बढ़त बनाए रखने में मदद की (8', 20', 23', 34', 41')। इसके अलावा, आश्रिता ठाकुर (42', 43', 57') ने हैट्रिक बनाई, जबकि गुरमेल कौर (6', 47') और थौनाओजम निरुपमा देवी (12', 34') ने दो-दो गोल किए। ज्योति सिंह (37'), लवदीप कौर गिल (46'), और सोनिया कुमरे (53') ने एक-एक गोल करके जीत पक्की कर दी। हॉकी हिमाचल ने हॉकी पंजाब के खिलाफ अपना मैच गंवा दिया, जिससे हॉकी पंजाब को डिफॉल्ट रूप से 5-0 से जीत मिली।

## NEWS इन ब्रीफ

### नाथन लियोन की चोट पर ऑस्ट्रेलिया को आया पसीना

**लंदन।** लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे एशेज टेस्ट के दूसरे दिन क्षेत्ररक्षण करते समय नाथन लियोन की दाहिनी पिंडली में चोट लगी है और ऑफ स्पिनर को काफी समय तक बाहर बैठना पड़ सकता है। लियोन के लॉर्ड्स टेस्ट के शेष हिस्से में हिस्सा लेने की संभावना नहीं है और ऑस्ट्रेलियाई टीम प्रबंधन उम्मीद कर रहा है कि वह अगले टेस्ट के लिए समय पर ठीक हो जाएंगे। ऑफ स्पिनर, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया के बर्मिंघम में पहला एशेज टेस्ट जीतने में अहम भूमिका निभाई थी, गुरुवार शाम को उनकी दाहिनी पिंडली पर लगी चोट की गंभीरता का पता लगाने के लिए स्कैन के लिए गए, जब वह एक कैच के प्रयास के बाद लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर चले गए थे। यह उनका लगातार 100वां टेस्ट था, जिससे वह खेल के इतिहास में यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले विशेषज्ञ गेंदबाज बन गये। फाइन-लेग सीमा पर तैनात, लियोन बेन डकेट के हुक पर कैच लेने के लिए दौड़े, लेकिन उनकी मांसपेशियों में खिंचाव आ गया और उसे तुरंत चिकित्सा सहायता की आवश्यकता पड़ी।

### तीन साल बाद पेशेवर टेनिस में लौटीं पूर्व विश्व नंबर 1 वोज्नियाकी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय टेनिस से संन्यास लेने वाली पूर्व विश्व नंबर 1 कैरोलिन वोज्नियाकी ने गुरुवार को अपनी वापसी की घोषणा की। उन्होंने 2020 में खेल से संन्यास लिया था। परिवार शुरू करने के लिए तीन साल से अधिक समय तक एक्शन से दूर रहने के बाद, कैरोलिन को इस साल के अंत में होने वाले यूएस ओपन में वाइल्डकार्ड प्रवेश दिया गया है। 32 वर्षीय कैरोलिन 71 सप्ताह तक विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर रहीं। उनके पास 30 एकल खिताब हैं - जिसमें 2018 में ऑस्ट्रेलियन ओपन का ताज भी शामिल है। उन्होंने ट्विटर पर लिखा, खेल से दूर इन पिछले तीन वर्षों में मुझे अपने परिवार के साथ बिताए गए समय की भरपाई करने का मौका मिला।

# भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए वेस्टइंडीज की तैयारी शुरू

**एजेंसी। सेंट जॉन्स**

क्रिकेट वेस्टइंडीज ने भारत के खिलाफ टेस्ट से पहले कूलिज क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित होने वाले तैयारी शिविर के लिए शुक्रवार को क्रैग ब्रैथवेट के नेतृत्व में 18 सदस्यीय टीम की घोषणा की। सीडब्ल्यूआई ने कहा कि टीम 12 जुलाई से शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए डोमिनिका की यात्रा करेगी। ब्रैथवेट के अलावा, जर्मेन ब्लैकवुड, एनक्रूमा बोनर, तेगनारायण चंद्रपॉल, रहकीम कॉर्नवाल, जोशुआ दा सिल्वा, शैनन गेब्रियल, रेमन रीफर, कैमार रोच और जेडन सील्स को भी तैयारी शिविर के लिए नामित किया गया है। 21 वर्षीय सील्स ने आखिरी बार वेस्टइंडीज के लिए पिछले दिसंबर में पर्थ स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में खेला था। इसके बाद उसी महीने उनके घुटने की सर्जरी हुई और प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी के लिए वह पुनर्वास कार्यक्रम के तहत हैं। हाल ही में उनकी गेंदबाजी की



प्रैक्टिस करते हुए कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर आए थे, जिससे संकेत मिल रहे थे कि वह भारत के खिलाफ टेस्ट के जरिए टेस्ट क्रिकेट में वापसी कर सकते हैं। जेसन होल्डर, काइल मेयर्स, अल्जारी जोसेफ जैसे खिलाड़ी जिम्बाब्वे में पुरुष एकदिवसीय विश्व कप क्वालीफायर में भाग ले रहे हैं, किर्क मैकेंजी, केवम हॉज, एलिक अथानाजे अकीम जॉर्डन और जेयर मैकएलिस्टर जैसे अनकैप्ड खिलाड़ी तैयारी शिविर में नए नाम हैं।

अथानाज और मैकेंजी ने पिछले महीने वेस्टइंडीज 'ए' टीम के सदस्यों के रूप में तीन रेड-बॉल मैचों के लिए बांग्लादेश का दौरा किया था, जिसमें दोनों ने दो-दो अर्द्धशतक लगाए थे। इस महीने की शुरूआत में, अथानाज ने केवल 26 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया, जो शारजाह में संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ वनडे डेब्यू पर किसी बल्लेबाज द्वारा संयुक्त सबसे तेज अर्धशतक था, जबकि 45 गेंदों में 65 रन बनाए।

भारत का वेस्टइंडीज दौरा दो टेस्ट मैचों के साथ शुरू होगा, जो 2023-2025 आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र की शुरूआत करेगा। डोमिनिका का विंडसर पार्क 12-16 जुलाई तक पहले टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा, इसके बाद दूसरा टेस्ट 20-24 जुलाई तक त्रिनिदाद के क्वींस पार्क ओवल में खेला जाएगा। दूसरा टेस्ट भारत और वेस्टइंडीज के बीच खेला गया 100वां टेस्ट मैच भी होगा। भारत ने आखिरी बार 2019 में सभी प्रारूपों के दौरे के लिए वेस्टइंडीज का दौरा किया था, और सभी प्रारूपों में श्रृंखला जीती थी। उन्होंने पिछले साल भी केवल सफेद गेंद वाली यात्रा की और दोनों श्रृंखलाओं में विजयी रहे।

**वेस्टइंडीज की तैयारी टीम:** क्रैग ब्रैथवेट (कप्तान), एलिक अथानाज, जर्मेन ब्लैकवुड, नक्रूमा बोनर, तेगनारायण चंद्रपॉल, रहकीम कॉर्नवाल, जोशुआ दा सिल्वा, शैनन गेब्रियल, केवम हॉज, अकीम जॉर्डन, जायर मैकएलिस्टर, किर्क मैकेंजी, मार्क्विनो मिंडले, एंडरसन फिलिप , रेमन रीफर, केमार रोच, जेडेन सील्स, जोमेल वारिकन।

# स्विएटेक पहुंची बैड होम्बर्ग ओपन के सेमीफाइनल में

**एजेंसी। बर्लिन**

दुनिया की नंबर 1 टेनिस खिलाड़ी पोलैंड की इगा स्विएटेक ने बैड होम्बर्ग ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। स्विएटेक ने क्वार्टरफाइनल मुकाबले में अन्ना ब्लिंकोवा को 6-3, 6-2 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। यह मुकाबला 72 मिनट तक चला। सेमीफाइनल मुकाबले में स्विएटेक का सामना इटली की लूसिया ब्रोंजेट्टी से होगा। रोलैंड गैरोस में अपने खिताब का



सफलतापूर्वक बचाव करने के बाद स्विएटेक ने अपनी पहली प्रतियोगिता में ब्लिंकोवा को हराया, यह लगातार उनकी10वीं जीत थी। मैच के बाद स्विएटेक ने डब्ल्यूटीए.कॉम के हवाले से कहा, मुझे खुशी है कि मैं इतना ठोस टेनिस खेल सकती हूं। आमतौर पर, ग्रास कोर्ट पर अभ्यास करने के लिए ज्यादा समय नहीं मिलता है, इसलिए मैं बहुत खुश हूं कि मैंने रोलैंड गैरोस और विंबलडन के बीच उस समय का 100 प्रतिशत उपयोग किया। मैं आत्मविश्वास महसूस कर रही हूं और उम्मीद है कि मैं अगले दो सप्ताह तक इसी तरह खेल सकूंगी। उन्होंने कहा, मैं खुद को ग्रास कोर्ट का विशेषज्ञ नहीं मानती, लेकिन मैं प्रगति कर रही हूं और यह मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण बात है। यहां के समय ने वास्तव में मेरी मदद की। हर साल मुझे लगता है कि परिस्थितियों से अभ्यस्त होना आसान है।

# भवानी देवी ने किया बेसलाइन वेंचर्स के साथ करार



**नई दिल्ली।** बेसलाइन वेंचर्स ने भारतीय ओलंपिक तलवारबाज और 2 बार की राष्ट्रमंडल स्वर्ण पदक विजेता, भवानी देवी के साथ करार किया है। करार के तहत बेसलाइन वेंचर्स भवानी के सभी व्यावसायिक पहलुओं की देर-रेख करेगी। भवानी देवी ने तलवारबाजी की दुनिया में सफलता की राह बनाई है, वह भारत की शीर्ष क्रम की तलवारबाज बन गई हैं और देश भर में उभरते एथलीटों के लिए प्रेरणा बन गई हैं। हाल ही में चीन में एशियाई तलवारबाजी चैंपियनशिप में, भवानी ने मौजूदा विश्व नंबर 1 जापान की मिसाकी एमुरा को हराकर कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा। वह 2021 में टोक्यो ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करने वाली भारत की पहली फेंसर बनीं और उनके अटूट दृढ़ संकल्प और अभूतपूर्व उपलब्धियों के लिए उन्हें अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# श्रीलंका ने चोटिल चमीरा की जगह मदुशंका को शामिल किया

**एजेंसी। हरारे**

आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर 2023 की इवेंट टेक्निकल कमेटी ने श्रीलंका टीम के लिए एक खिलाड़ी प्रतिस्थापन को मंजूरी दे दी है, जिससे उन्हें शेष इवेंट के लिए दिलशान मदुशंका को प्रतिस्थापन खिलाड़ी के रूप में लाने की अनुमति मिल गई है। दिलशान मदुशंका ने दुष्मंथा चमीरा की जगह ली है, जो श्रीलंका टीम में पहले प्रशिक्षण सत्र में चोट लगने के कारण बाहर हो गए थे। मध्यम तेज गेंदबाज ने अब तक ग्यारह टी20 और दो एकदिवसीय मैच खेले हैं, जिसमें क्रमशः 12 और दो विकेट लिए हैं। किसी खिलाड़ी के प्रतिस्थापन के लिए प्रतिस्थापन खिलाड़ी को आधिकारिक तौर पर टीम में शामिल करने से पहले इवेंट तकनीकी समिति की मंजूरी की आवश्यकता होती है। दासुन शनाका एंड कंपनी के लिए यह एक झटका था, चमीरा, जिनके



पास 44 एकदिवसीय मैच खेलने और 5.39 की इकॉनमी रेट से 50 विकेट लेने का अनुभव है, को जिम्बाब्वे में विश्व कप क्वालीफायर में सुपर सिक्स से बाहर कर दिया गया था। तेज गेंदबाज अभी भी दाहिने कंधे पर लगी दाहिनी पेक्टोरल मांसपेशी की चोट से उबर रहा है। यह तब हुआ जब वह ग्रुप चरण से पहले अपने पहले क्वालीफायर गेम से पूर्व अभ्यास कर रहे थे। 31 वर्षीय खिलाड़ी अब रणसिंघे प्रेमदासा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम (आरपीआईसीएस) के हाई-परफॉर्मेंस सेंटर में पुनर्वास से गुजरेंगे।

# जमशेदपुर एफसी ने चार विदेशी खिलाड़ियों को रिलीज किया

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

जमशेदपुर एफसी ने अपने टीम से चार विदेशी खिलाड़ियों - डिफेंडर डायलन फॉक्स, मिडफील्डर राफेल क्रिवेलारो, फॉरवर्ड हैरी सॉयर और जे इमैनुएल-थॉमस को रिलीज कर दिया है। थॉमस और सॉयर 2022-23 सीजन की शुरूआत से पहले क्लब में शामिल हुए थे, जबकि क्रिवेलारो और फॉक्स सीजन के बीच में विंटर ट्रांसफर विंडो में क्लब से जुड़े। आईएसएल में पदार्पण करने वाले थॉमस ने जमशेदपुर के लिए 21 मैच खेले और आईएसएल और सुपर कप में दो गोल करने में सफल रहे। मुख्य कोच ऐडी बूथरॉयड के निर्देशन में 32 वर्षीय थॉमस को उनकी बहुमुखी प्रतिभा के कारण सेंटर-फॉरवर्ड से लेकर सेंट्रल मिडफील्डर तक खेलने का मौका मिला। अपने फुटबॉल करियर का अधिकांश हिस्सा ऑस्ट्रेलिया में खेलने के बाद, सॉयर ने भी अपना आईएसएल डेब्यू जमशेदपुर एफसी के साथ किया। उन्होंने जमशेदपुर के लिए 22 मैच खेले और आईएसएल और सुपर कप में पांच गोल किये और पांच गोलों में सहायता की। इस बीच, क्रिवेलारो ने 2019-20 सीजन में चेन्नईयिन एफसी के अविश्वसनीय फाइनल तक पहुंचने में




निर्णायक भूमिका निभाई, जिसके बाद उन्होंने 2022-23 सीजन के मध्य में जमशेदपुर एफसी में कदम रखा। ब्राजीलियाई क्रिवेलारो ने आईएसएल और सुपर कप में अपनी टीम के लिए 13 मैचों में दो गोल और चार सहायता के साथ बूथरॉयड के तहत अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। डायलन फॉक्स पिछले सीजन में एफसी गोवा से जमशेदपुर एफसी पहुंचे। फॉक्स ने 2022-23 सीजन में जमशेदपुर के लिए एक भी मैच नहीं खेला।

# मैरी कॉम ग्लोबल इंडियन आइकन ऑफ द ईयर अवॉर्ड से सम्मानित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बॉक्सिंग लीजेंड मैरी कॉम को दक्षिण-पूर्वी इंग्लैंड के विंडसर में वार्षिक यूके-इंडिया अवार्ड्स में ग्लोबल इंडियन आइकन ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। छह बार की विश्व चैंपियन ने गुरुवार रात एक भव्य समारोह में यूनाइटेड किंगडम में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोराईस्वामी से पुरस्कार स्वीकार करते हुए अपनी 20 साल की यात्रा के बारे में बात की और कहा कि ₹मुक्केबाजी उनके लिए सब कुछ है।₹ 40 वर्षीय पूर्व राज्यसभा सदस्य मैरी कॉम ने कहा, मैं 20 साल से लड़ रही हूं, अपने जीवन में मुक्केबाजी में बहुत प्रयास और कड़ी मेहनत कर रही हूं, यह बहुत मायने रखता है। मैं वास्तव में इस मान्यता के लिए अपने दिल की गहराई से धन्यवाद देती हूं। मैरी कॉम के अलावा ऑस्कर-नामित 'एलिजाबेथः द गोल्डन एज' के निमार्ता शेखर कपूर को यूके-



इंडिया वीक के हिस्से के रूप में आईजीएफ (इंडिया ग्लोबल फोरम) द्वारा आयोजित पुरस्कारों में दोनों देशों में सिनेमा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार मिला। बता दें कि यह पुरस्कार, जो अब अपने पांचवें वर्ष में है, व्यापार, पेशेवर सेवाओं, सरकार, संस्कृति और सामाजिक प्रभाव में नेताओं के उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देता है और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों को उजागर करता है।

### बैठक | एआईएफएफ लीग समिति ने आई-लीग क्लबों के लिए बोलियों की समीक्षा की

# अंतिम निर्णय कार्यकारी समिति पर छोड़ा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एआईएफएफ की लीग समिति ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक कर आई-लीग में कॉर्पोरेट प्रविष्टियों के लिए पांच आवेदकों की जांच और मूल्यांकन के बाद उनकी बोलियों पर निर्णय लिया। समिति ने पाया कि सभी पांच बोलियां, जिनकी स्वतंत्र वित्तीय विशेषज्ञ द्वारा जांच और मूल्यांकन किया गया था, आई-लीग में संचालन के लिए आवश्यक वित्तीय क्षमताएं रखती हैं। सभी उम्मीदवारों के बोली दस्तावेजों की समीक्षा करने के बाद, लीग समिति ने क्लबों को शामिल करने पर अंतिम निर्णय कार्यकारी समिति को भेजना उचित समझा, जिसकी बैठक 3 जुलाई को बेंगलुरु में होगी। बैठक की अध्यक्षता लालनघिंगलोवा हमार ने की और इसमें महासचिव डॉ शाजी प्रभाकरन, और समिति के सदस्य अमित चौधरी, डॉ किरण चौगुले, आरिफ अली, कैटानो जोस फर्नांडीस, केआई निजामुद्दीन, केपी सिंह और

VISION 2047

सत्यनारायण एम ने भाग लिया। एआईएफएफ को पहले वाईएमएस फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड (वाराणसी, यूपी), नामधारी सीड्स प्राइवेट लिमिटेड (भैनी साहिब गांव, पंजाब), निमिडा यूनाइटेड स्पोर्ट्स डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड (बेंगलुरु, कर्नाटक), कॉनकैटनेट एडवेस्ट एडवाइजरी प्राइवेट लिमिटेड (दिल्ली) और बंकरहिल प्राइवेट लिमिटेड (अंबाला, हरियाणा) से आई-लीग 2023-24 में सीधे प्रवेश के लिए बोलियां मिली थीं। लीग समिति की बैठक के बाद, महासचिव डॉ. शाजी प्रभाकरन ने कहा, मौजूदा एआईएफएफ प्रबंधन की अगले सप्ताह (4 जुलाई) बेंगलुरु में पहली एजीएम (वार्षिक आम बैठक) होगी, और मुझे यकीन है कि हम सभी इसका इंतजार कर रहे हैं। इससे भी अधिक, हम सभी सैफ चैम्पियनशिप में भारत के अभियान की प्रतीक्षा कर रहे हैं।" प्रभाकरन ने कहा, चैंपियनशिप में बाहर से दो टीमों के आने और भाग लेने से यह और अधिक प्रतिस्पर्धी हो जायेगी। हम कल फीफा पुरुष रैंकिंग में भी एक स्थान ऊपर चढ़कर 100वें स्थान पर पहुंच गए, और यह दशार्ता है कि हम लगातार प्रगति कर रहे हैं, एक कदम आगे बढ़ रहे हैं। उम्मीद है, हम जल्द ही दोहरे अंक तक पहुंच जाएंगे।"आई-लीग में कॉर्पोरेट प्रविष्टियों के लिए पांच अलग-अलग संस्थाओं से प्राप्त बोलियों के बारे में बोलते हुए, महासचिव ने कहा, ह्लयह देखना बेहद उत्साहजनक है कि इतने सारे दल भारतीय फुटबॉल में अपना पैसा निवेश करने में रुचि रखते हैं। वे स्टेडियम जैसा अपना बुनियादी ढांचा बनाने की भी योजना बना रहे हैं, जो भारत में आसान काम नहीं है। इससे पता चलता है कि उनके पास संसाधन और बैंडविड्थ है। नए क्लबों का शीर्ष लीग में आना दशार्ता है कि फुटबॉल में दिलचस्पी और सकारात्मकता है और पैसा भी जा रहा है।" लीग समिति के अध्यक्ष हमार ने कहा, ह्लहम भारतीय फुटबॉल में एक महत्वपूर्ण मोड़ पर हैं। सैफ चैंपियनशिप चल रही है, और कुछ ही दिनों में बेंगलुरु में सबसे महत्वपूर्ण एजीएम भी होने वाली है, जो मौजूदा फेडरेशन प्रबंधन के तहत पहली है। भारतीय फुटबॉल का भविष्य इस पर निर्भर है कि अगले कुछ दिनों में क्या निर्णय लिया जाता है, और हमें यह देखने की जरूरत है कि सिस्टम में किन क्लबों का स्वागत किया जाता है।" एआईएफएफ ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में उनके हवाले से कहा, मैं भारतीय फुटबॉल प्रणाली में अपना भरोसा दिखाने के लिए सभी बोलीदाताओं को धन्यवाद देना चाहता हूं।

